CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 26 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 3 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दें माता-पिता: आनंदीबेन पेज 2



वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल बने कप्तान खेल टाइम्स



फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी सम्पादकीय



यूएन में ट्रिपल तोड़फोड़ का शिकार हुआ: ट्रम्प पेज 12

## भारत में पहली बार ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला चौथा देश बना भारत
■ मिसाइल दो हजार किमी तक की मारक क्षमता और कई उन्नत सुविधाओं से लैस

**नई दिल्ली।** लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और ड्रोन से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करने के बाद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता को बढ़ाते हुए रेल से भी मिसाइल को सफलतापूर्वक दागकर सैन्य हथियार प्रणाली के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। चीन, उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विशेष रूप से तैयार रेल पर बनाई गई लॉन्चर प्रणाली से ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में अग्नि मिसाइल श्रृंखला की नई पीढ़ी की मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस सफलता के साथ भारत यह क्षमता रखने वाले चीन, उत्तर कोरिया और रूस जैसे चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि डीआरडीओ ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला परीक्षण है। यह प्रणाली अपने आप में सक्षम और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों तथा सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपित किया जा सकता है। श्री सिंह ने सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है, जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है।

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

■ केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की, आज रिटायर हो रहे मिग-21 की जगह लेगा तेजस

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए मार्क 1 ए) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि वायुसेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं। वायुसेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे। विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है। वायुसेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जाएंगे और छह वर्षों की अवधि में सभी विमानों की आपूर्ति हो जाएगी। इस विमान में 64 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जे और साजो-सामान स्वदेशी होंगे।

## धर्मेंद्र प्रधान बने बिहार के चुनाव प्रभारी, भूपेंद्र को प. बंगाल की कमान

**नई दिल्ली।** बिहार में चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान को बिहार विधानसभा चुनाव का प्रभारी बना दिया है। दूसरी ओर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद बैजयंत पांडा को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपने तीन प्रदेशों बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव प्रभारियों की घोषणा की है। इसके तहत नवम्बर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कैशव प्रसाद मौर्य को सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं, भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल के चुनाव के लिए प्रभारी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि सांसद बिप्लव देव को पश्चिम बंगाल का सहप्रभारी बनाया गया है।

## भारत, केन्या व अमेरिका के तीन उद्यमियों को UNEP का शीर्ष पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने अपने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तहत भारत, केन्या और अमेरिका के तीन पर्यावरण उद्यमियों को वर्ष 2025 के लिए युवा पृथ्वी चैम्पियन पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। ये पुरस्कार भारत की जिनाली मोदी, केन्या के जोसेफ नगुथिरु और अमेरिका के नोएमी फ्लोरिया को दिया जाएगा है। ये विजेता, गंदे पानी का उपचार करके स्वच्छ बनाने, स्वच्छ जल तक पहुंच, प्लास्टिक प्रदूषण घटाने और टिकाऊ विकल्प सामग्रियां विकसित करने जैसे कार्यों के जरिये अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

## 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' उपेक्षित वर्ग को मजबूत बनाने का वादा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार की जमीनी राजनीति में पकड़ और मजबूत बनाने के लिए पार्टी के 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' को इस उपेक्षित वर्ग की उन्नति के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया और कहा कि अति पिछड़ों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और उनके हित के लिए बराबर काम करेंगे। श्री गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के पश्चात पार्टी का 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अति पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए संकल्पित है। उनका कहना था कि पार्टी का मकसद कमजोरों को मजबूत बनाना है और इसीलिए यह संकल्प पत्र जारी किया गया है।

## जारी रहेंगे GST में सुधार: मोदी

### अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही कांग्रेस: प्रधानमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

कहा: भारत और उप्र निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त व आकर्षक जगह



गौतम बुद्धनगर: ग्रेटर नोएडा में 'उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो 2025' के उद्घाटन के दौरान उप्र के मुख्यमंत्री योगी द्वारा पीएम मोदी को सम्मानित किया गया।

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

पीएम मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किए जाने और बाद में उसमें किए गए नई पीढ़ी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## महिलाओं के खिलाफ अपराध मामले में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट ने चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म सहित महिलाओं के प्रति बढ़ती अन्य अपराधिक घटनाओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में अपना-अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की याचिका यह निर्देश दिया।

याचिका में 2012 के निर्भया कांड के बाद लागू किए गए कड़े कानूनों के बावजूद यौन अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि केवल कठोर दंड से इस समस्या (महिलाओं के खिलाफ अपराध) पर अंकुश नहीं लगा है। याचिका में निवारक उपायों तथा व्यापक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसमें यौन अपराधों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पोक्सो प्रावधानों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने, लैंगिक समानता और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने वाली नैतिक शिक्षा प्रदान करने, बच्चों में उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने, बलात्कार के प्रति शून्य सहानुभूति और सभी लिंगों के लिए समान सम्मान को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2025 में ऐसे अपराधों के मूल कारणों का पता लगाने के लिए स्कूलों के अलावा अशिक्षित और स्कूल छोड़ चुके लोगों को शामिल करने के लिए एक बहुआयामी जागरूकता अभियान की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और मिजोरम को छोड़कर बुधवार को सभी राज्यों के अधिवक्ता उपस्थित थे। पीठ ने सुनवाई के दौरान राज्यों से पूछा कि क्या आपने प्रार्थनाओं (याचिका में की गई) का अध्ययन कर लिया है? इस पर राज्यों सरकारों की ओर से पेश वकीलों ने जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय का अनुरोध किया।

### उप्र में स्कूल मैदान में रामलीला की अनुमति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए फिरोजाबाद के टूंडला स्थित जिला परिषद विद्यालय मैदान में रामलीला जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर दी कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो।

## लद्दाख हिंसा पर बोला केंद्र: वांगचुक ने लोगों को भड़काया

■ हालात काबू करने के प्रयास की जगह अपने घर चले गए वांगचुक

**लेह।** केंद्र सरकार ने लद्दाख में हिंसा के लिए सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया।

गृह मंत्रालय ने देर रात बयान में कहा कि वांगचुक ने भड़काऊ बयानों से भीड़ को उकसाया, हिंसा के बीच अपना उपवास तो तोड़ा, लेकिन हालात काबू करने के प्रयास की जगह एम्बुलेंस से अपने गांव चले गए। मंत्रालय ने कहा कि कई नेताओं ने वांगचुक से हड़ताल खत्म करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने हड़ताल जारी रखी। उन्होंने अरब स्प्रिंग शैली और नेपाल में जेन-जी विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करके लोगों को गुमराह किया।

## मतगणना प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

■ बिहार चुनावों से लागू होगा डाक मतपत्रों की गिनती का नया नियम

**नई दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने डाक मतपत्रों की गिनती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। अब गिनती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले ईवीएम की गिनती का अंतिम चरण शुरू न हो।

अब तक प्रचलन यह था कि गिनती के दिन सुबह 8 बजे डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होती थी और सुबह 8:30 बजे ईवीएम की गिनती। पहले के नियमों के मुताबिक, ईवीएम की गिनती डाक मतपत्रों की गिनती पूरी होने से पहले भी खत्म हो सकती थी। हालांकि, अब आयोग ने तय किया है कि ईवीएम की गिनती का दूसरा अंतिम चरण तभी शुरू होगा जब डाक मतपत्रों की गिनती पूरी हो जाएगी। नई व्यवस्था का पहला प्रयोग बिहार विधानसभा चुनावों में होगा, जो नवंबर में होने जा रहे हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इससे गिनती प्रक्रिया अधिक एकरूप और पारदर्शी बनेगी। इससे मतदाताओं और उम्मीदवारों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। चुनाव आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन निर्वाचन क्षेत्रों में डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होगी, वहां पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनतीकर्मी लगाए जाएं।

## इरफान सोलंकी को मिली जमानत

**प्रयागराज।** कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में आगजनी मामले में सजा काट रहे समाजवादी पार्टी (सपा) नेता इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी और इसराइल आटेवाला की जमानत अर्जी इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया, वहीं इरफान सोलंकी की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह ने अपना पक्ष रखा। सोलंकी के वकील का कहना था कि इसी प्रकरण में अन्य सह आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, इसलिए इनके वादियों को भी समानता के सिद्धांत के आधार पर जमानत दी जानी चाहिए।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## सोनिया गांधी ने फलस्तीन मामले पर केंद्र को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने सरकार की नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है।

मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है। श्रीमती गांधी ने फलस्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में अपने लेख में कहा कि सरकार का रुख देश के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों के बजाय मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती से प्रेरित प्रतीत लगता है। फलस्तीन के मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाने की जरूरत है, लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया में गहरी चुप्पी और मानवता और नैतिकता दोनों का परित्याग शामिल है। उन्होंने आगे लिखा कि यह व्यक्तिगत कूटनीति कभी भी स्थायी नहीं हो सकती और भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं बन सकती। इस शैली के प्रयास विशेष रूप से अमेरिका में हाल के महीनों में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल हुए हैं। लेख में कहा गया है कि फ्रांस, फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने में ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है। उन्होंने लिखा है कि भारत इस मामले में अग्रणी रहा है, जिसने फलस्तीन मुक्ति संगठन को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवम्बर, 1988 को औपचारिक रूप से फलस्तीनी राष्ट्र के तौर पर मान्यता दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के सह प्रभारी

**लखनऊ।** बिहार चुनाव को लेकर तेज राजनीतिक सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को बिहार विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ़ से जारी किए गए बयान के अनुसार भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, केंद्री जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल को सह प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को रूस में प्रदर्शित करने वाले प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इस नाते वह फ़िलिहाल रूस में हैं। संस्कृति मंत्रालय रूस के काल्मिकिया में 24 सितम्बर से एक अक्टूबर तक भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा (कपिलवस्तु) के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लगाई है।

### योगी ने पंडित दीन दयाल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। योगी ने कहा है कि दीनदयाल जी का 'अंत्योदय दर्शन' आज भी वंचितों के उत्थान हेतु पथ-प्रदर्शक है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपना संदेश पोस्ट करते हुए लिखा है कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

# बेटियों को अच्छी शिक्षा व संस्कार दें माता-पिता:आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 5100 कन्याओं के पूजन कार्यक्रम में बोलीं राज्यपाल पटेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि बेटियों के सामने कई चुनौतियां होती हैं, इसलिए उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनको शिक्षित करना, संस्कारित करना और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बेटियों के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे वे लगातार आगे बढ़ रही हैं। माता-पिता को जागरूक कर बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना आवश्यक है, क्योंकि बेटियां भविष्य में मातृत्व के रूप में समाज को सशक्त और संस्कारवान नागरिक प्रदान करती हैं। गुरुवार को नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रेरणा संस्था के सहयोग से राजभवन, लखनऊ में 5100 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्रेरणा संस्था के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर 100 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु निशुल्क एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अध्यापकों एवं संचालकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बालिकाओं के राजभवन में आगमन ने राजभवन के गौरव को और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली गंदगी और नकारात्मकता से बेटियों को बचाना है। उन्हें संस्कारित और शिक्षित बनाकर ही हम उत्तम नागरिक तैयार कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति ने कृष्ण कुब्जा मंदिर में किए दर्शन



**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार की सुबह करीब सवा 10 बजे स्पेशल ट्रेन से धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचीं। वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन पर उनका शाहनाई की धुन के साथ भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने वृंदावन में साधु-संतों के साथ मुलाकात की और श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर श्री कृष्ण जन्म स्थान मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद निधि भवन में 500 मीटर की परिक्रमा की। वृंदावन में निर्धारित कार्यक्रम पूर्ण करके राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला मथुरा श्री कृष्ण कुब्जा मंदिर दर्शन के लिए पहुंचा। यहां राष्ट्रपति ने विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया।

# ध्वस्तीकरण आदेश का पालन न होने पर हाईकोर्ट सख्त, तलब किया रिकॉर्ड

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के खुर्रम नगर इलाके में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में एकल पीठ ने अपील के निस्तारण तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। दो सदस्यीय खंडपीठ ने इस पर आश्चर्य जताते हुए एकल पीठ के समक्ष दाखिल याचिका का रिकॉर्ड तलब किया है।

खंडपीठ ने कहा कि हम देखना चाहते हैं कि आखिर मामले में ऐसी क्या तात्कालिकता थी कि जिस दिन एकल पीठ के समक्ष याचिका दाखिल हुई, उसी दिन उसकी सुनवाई भी हो गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्टूबर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हेमंत कुमार मिश्रा की ओर से वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका में कहा गया है कि 10 मई 2016 को सक्षम अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। बजाय ध्वस्तीकरण के, एलडीए की सील को हटाकर इस अवैध निर्माण को और विस्तार देते हुए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान एलडीए के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2016 के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद बिल्डर्स ने कम्पाउंडिंग प्रार्थना पत्र दिया था। इसे निरस्त करते हुए 2022 में नया ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। कहा गया कि कोर्ट के 13 अगस्त 2025 के आदेश के बाद एलडीए कोई कार्रवाई करता, इसके पहले ही 11 सितम्बर 2025 को बिल्डर फारुक सिद्दीकी व एक अन्य की याचिका दायर हुई।

# आई लव मोहम्मद पर बोले रजवी: हिंसा व विरोध गलत

शाह टाइम्स संवाददाता



■ विवाद पर मौलाना का साफ संदेश

**बरेली।** देशभर में आई लव मोहम्मद को लेकर हो रहे विरोध और विवाद पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद से मोहब्बत करना हर मुसलमान का ईमान और अकीदा है, लेकिन इसके साथ-साथ उनकी शिक्षाओं पर अमल करना सबसे अहम है।

मौलाना ने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम ने हमेशा अमन और शांति का पैगाम दिया है। उन्होंने अपने विरोधियों से न टकराव किया, न विवाद, बल्कि हमेशा समझौते का रास्ता अपनाया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सुलह-ए-हुदैबिया है, जो इस्लामी इतिहास का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मोहब्बत का इजहार सड़कों पर हुड़दंग मचाकर, धरना-प्रदर्शन कर, पुलिस से टकराकर या गैर-मुसलमानों से भिड़कर नहीं किया जा सकता। दुकानों में तोड़फोड़ और हिंसा करना पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ है। पैगंबर ने फरमाया-अच्छा मुसलमान वही ह, जिसके हाथ, पैर और जबान से किसी को तकलीफ न पहुंचे। मौलाना ने यह भी कहा कि मोहब्बत का इजहार करने का सबसे अच्छा तरीका सीरत-उल-नबी के जलसे करना, मस्जिदों और मदरसों में उनकी शिक्षाओं पर रोशनी डालना और खुद की व परिवार की जिंदगी को उनके बताए रास्ते पर चलाना है।

## किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा: अखिलेश

# सपा सरकार बनने पर दाम बांधो नीति लागू होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नोएडा से जुड़े मुद्दे पर पत्रकारों से बोले सपा मुखिया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को नोएडा से जुड़े मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि दिल्ली से सटे इस इलाके में कारोबारी और निवेशक तो आ रहे हैं, लेकिन जिन किसानों की जमीन पर ये कारोबार फल-फूल रहा है, उनकी मांगें पूरी नहीं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार षड्यंत्र और दबाव बनाकर किसानों से ज़मीन ले रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर किसानों को सर्किल रेट से अधिक मुआवजा मिलेगा और नोएडा से लखनऊ तक बेहतर सड़कें बनाई जाएंगी। गुरुवार को बसपा व अपना दल एस के कई नेता व समर्थकों ने समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय की कीमत पर विकास को सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन ऐसे वक्त पर हो रहा है, जब अमेरिका टैरिफ लगा रहा है और भारतीय कारोबार को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ओडीओपी को बचाने के लिए सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। इस पर काबू पाने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने ऐलान किया कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर नेताजी और डा. लोहिया की 'दाम बांधो' नीति लागू की जाएगी, ताकि महंगाई पर काबू पाया जा सके। अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विधायक मंच से बोल रहे हैं कि 10 प्रतिशत कमीशन है उस पर बोलेंगे नहीं और हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू में उलझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं, उन्हीं से बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि वहां अपराधी, बीजेपी और पुलिस मिलकर जनता को परेशान कर रहे हैं। पुलिस खुद किडनैपिंग कर रही है और फिरौती मांग रही है।

### आजम से मिलने आठ को अखिलेश जाएंगे रामपुर



**लखनऊ।** लखनऊ में नौ अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती की रैली से एक दिन पूर्व आठ अक्टूबर को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आजम खान से मिलने जाएंगे। आजम के सीतापुर जेल से 23 माह बाद रिहा होने के बाद अभी तक समाजवादी पार्टी के किसी बड़े नेता ने उनसे मुलाकात नहीं की है।

नौ अक्टूबर को बसपा अध्यक्ष कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर रैली के जरिए मिशन 2027 का आगाज करने जा रही हैं। इसको लेकर मायावती ने कार्यकर्ताओं को जुटने का निर्देश दिया है। इस बीच आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं को पूर्ण रुप से विराम देने के लिए माना जा रहा है कि सपा ने रामपुर जाने का कार्यक्रम बनाया है। हालांकि बसपा में जाने के सवाल को अखिलेश यादव व आजम खान दोनों नेता नकार चुके हैं। गौरतलब है कि आजम खान के बसपा में जाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं। समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। जबकि आजम खान ने कहा है कि 23 माह वो जेल में बंद रहे, उनकी किसी से मुलाकात नही हुई है और न ही जेल के अंदर मोबाइल की सुविधा थी कि बात हो सके।



सेंसेक्स 81159.68
निफ्टी 24890.85



सोना रु. 115500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 139900
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार पांचवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 556 अंक लुढ़का



**मुंबई।** विदेशी निवेशकों की बिकवाली और अमेरिका के साथ जारी व्यापार तनाव की चिंता में घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 555.96 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 81,159.68 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 भी 166.05 अंक नीचे 24,890.85 अंक पर बंद हुआ। पांच दिन में सेंसेक्स लगभग 1854 अंक और निफ्टी-50 करीब 532 अंक गिरकर 9 सितम्बर के बाद के निचले स्तर पर आ चुके हैं। चौतरफा बिकवाली के बीच सिर्फ धातु सेक्टर की कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। रियलिटी, आईटी, फार्मा, ऑटो, वित्तीय सेवा और स्वास्थ्य सेक्टरों पर ज्यादा दबाव रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिका यात्रा से उम्मीद लगाए बैठे निवेशकों में कोई सकारात्मक घोषणा न होने से निराशा हाथ लगी है। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर 3.19 प्रतिशत और पावर ग्रिड का 3.05 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.71 फीसदी और टीसीएस में 2.50 फीसदी की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीस, अडानी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस के शेयर भी डेढ़ से ढाई प्रतिशत के बीच लुढ़क गए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से सिर्फ तीन के शेयर हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में 2.05 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.57 फीसदी उतर गया। अधिकतर विदेशी बाजार भी गिरावट में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 0.13 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं जापान का निक्केई 0.27 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.65 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.23 प्रतिशत नीचे थे।

## नवरात्र के चौथे दिन अचानक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** गुरुवार 25 सितंबर 2025 शारदीय नवरात्र के चौथे दिन सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे सोना-चांदी के खरीदार काफी खुश है। कल यानी बुधवार के मुकाबले गोल्ड रेट 600 रुपये तक कम हुआ है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,500 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम है। वहीं मुंबई और कोलकाता जैसे मुख्य शहरों में गोल्ड रेट 1,15,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पास है। चांदी की कीमत 1,39,900 रुपये प्रति केजी है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,15,510 रुपये, मुंबई में1,15,360, चेन्नई में 1,15,630, कोलकाता में 1,15,360, बेंगलुरु में 1,13,510 और हैदराबाद में 1,15,360 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम, मुंबई में 1,39,900 , बेंगलुरु में 1,42,700, चेन्नई में 1,49,900 और जयपुर में 1,44,097 रुपये प्रतिकिलोग्राम रही। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैं, जैसे वैश्विक सोने की मांग, विभिन्न देशों की मुद्राओं का मूल्य और ब्याज दरें आदि।

# दिल्ली में भारत मंडपम में ताइवान एक्सपो इंडिया का हुआ उद्घाटन

नई दिल्ली, वार्ता

■ प्रौद्योगिकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में गुरुवार को तीन दिवसीय ताइवान एक्सपो इंडिया 2025 का उद्घाटन हुआ जिसमें प्रौद्योगिकी और नवाचार क्षेत्र की कई कंपनियों ने भारत में व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है।

इस प्रदर्शनी में 107 ताइवानी कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। इनमें फॉक्सकॉन, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स, एडवांटेक आदि शामिल हैं। यहां ताइवान के आर्थिक मामलों के मंत्रालय की एक पहल ताइवान एक्सीलेंस (टीई) का एक विशेष ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन भी है। इस पवेलियन का उद्घाटन ताइवान विदेश व्यापार विकास परिषद के चेयरमैन जेम्स सी-एफ- हुआंग ने किया। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में आईटीसी, स्मार्ट लिविंग, हेल्थकेयर, आधुनिक गैजेट्स, और औद्योगिक समाधानों में काम करने वाली कंपनियां शामिल हैं। टोयो रोबोटिक्स के स्टॉल में इलेक्ट्रिक एक्चुएटर बनाने वाली मशीन का भी प्रदर्शन किया गया है। इस साल ताइवान एक्सीलेंस पवेलियन में 22 पुरस्कार विजेता ताइवानी ब्रांड्स शामिल हैं, जिनमें एडवांटेक, एएमए फैन्स, एवर, बीनबॉन, किमेई मोटर, साइप्रेस, आईबेस, आईपेवो, केंडा, लॉरिक, मैक्रोहाई, मेकॉम, माइक्रोबेस, एमएसआई, फिसन, प्रोसेन्ड, टीमग्रुप, टोयो, ट्रंसेन्ड, विंक्सपर, जेड-कॉम, और ज़ाइक्सेल प्रमुख हैं। इनमें से कई भारत में पहली बार प्रदर्शन कर रहे हैं। उद्योग मंडल फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ताइवानी निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में 15 अरब डॉलर निवेश आकर्षित करने की क्षमता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, स्मार्ट सिटी, और आईसीटी में तेजी से विकास ताइवान की विशेषज्ञता और प्राथमिकताओं से मजबूती से मेल खाता है।

## पत्र वायरल होने पर भाजपा विधायक बोले, कैसे लीक हुआ करेंगे, जांच की मांग

**लखनऊ।** कासगंज सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा गया पत्र वायरल हो गया है। पत्र वायरल होने के बाद स्वयं के द्वारा लिखा होने की पुष्टि लड़ते हुए विधायक ने कहा है कि पत्र कैसे लीक हुआ, इसके जांच की मांग वो मुख्यमंत्री से करेंगे। दरअसल पिछले दिनों शिक्षा विभाग में एक मामले को लेकर भाजपा विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत ने भ्रष्टाचार का मुद्दा बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर जांच कराने की मांग की थी। पत्र में भाजपा विधायक ने लिखा है कि कासगंज के बिलराम में स्थित सरदार भगत सिंह जूनियर हाई स्कूल विद्यालय में निरन्तर पठन-पाठन का कार्य किया जा रहा है। प्रार्थी के विद्यालय के माह मार्च 2011 से विद्यालय का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जबकि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ द्वारा तीन माह के अन्दर एरियर भुगतान का आदेश पारित किया गया था। विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल एवं बाबू अजय शंकर द्वारा रूपए 25 लाख की मांग की गई। जिसमें से प्रार्थी द्वारा 10 लाख रूपए की वसूली भी की गई है एवं वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया। परन्तु बकाया धनराशि मांग के लिए लगातार शिक्षा निदेशक द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। अपितु विद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही करने की धमकी दे रहे हैं।

# खड़गे-थरूर ने फलस्तीन के समर्थन में सोनिया के लेख को सटीक टिप्पणी बताया





**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता शशि थरूर ने फलस्तीन पर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के एक अखबार में छपे लेख में की गई टिप्पणियों को सटीक बताते हुए कहा है कि यह दोस्ती निभाने का समय नहीं है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मानवीय संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए नैतिकता का परिचय देना चाहिए।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि भारत को फलस्तीन के मुद्दे पर अपनी क्षमता तथा नेतृत्व का परिचय देना होगा। श्रीमती गांधी के एक अखबार में प्रकाशित लेख के अंश उद्धृत करते हुए खड़गे ने उनके विचारों से सहमति जताई और कहा कि फलस्तीन में मानवाधिकार का गंभीर मुद्दा है और मोदी सरकार को इसको लेकर वैश्विक स्तर पर प्रमुखता से नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। उनका कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी की फलस्तीन के नागरिकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर कोई संवेदना नहीं है और वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से दोस्ती निभाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार गांधी ने अपने लेख में कहा कि फलस्तीन में मानवीय संकट पर मोदी सरकार की गहरी चुप्पी मानवता तथा नैतिकता के खिलाफ है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी कार्रवाई मुख्यत: भारत के संवैधानिक मूल्यों या उसके सामरिक हितों के बजाय इजराइली प्रधानमंत्री और मोदी के बीच व्यक्तिगत मित्रता से प्रेरित है। व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और न ही यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक हो सकती है। विश्व मंच पर भारत की स्थिति किसी व्यक्ति के निजी गौरव-प्राप्ति के तरीकों तक सीमित नहीं हो सकती, न ही वह अपनी ऐतिहासिक उपलब्धियों पर निर्भर हो सकती है। इसके लिए साहस और ऐतिहासिक निरंतरता की भावना की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत को फ़िलिस्तीन के मुद्दे को केवल विदेश नीति के रूप में नहीं, बल्कि अपनी नैतिक और सभ्यतागत विरासत की परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फिलिस्तीन के लोगों ने दशकों तक विस्थापन, लंबे समय तक कब्ज़ा, बस्तियों के विस्तार, आवाजाही पर प्रतिबंधों और नागरिक, राजनीतिक और मानवाधिकारों पर बार-बार हमलों को सहन किया है। उनकी दुर्दशा औपनिवेशिक काल के दौरान भारत द्वारा झेले गए संघर्षों की याद दिलाती है- एक ऐसा देश जिसे अपनी संप्रभुता तथा राष्ट्रीयता से वंचित कर अपने संसाधनों के लिए शोषित किया गया और सभी अधिकारों तथा सुरक्षा से वंचित रखा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# देवर से विवाद में खाया जहर, मौत

## बिजली के बिल को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** देवर से विवाद में महिला ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मुजाहिदपुर निवासी लक्ष्मी के पति राजेन्द्र सिंह सैनी ने बताया कि वह लुधियाना में प्राइवेट जॉब करता है। घर पर पत्नी लक्ष्मी अपने तीन बच्चों व सास-ससुर के साथ रहती है। छोटे भाई से बिजली का बिल जमा करने पर आपस में बोलचाल हुई थी। जिससे नाराज होकर उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे उपचार के लिए ताजपुर के एक निजी हॉस्पिटल में ले गए, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत होने से हॉस्पिटल में परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल था। पत्नी की मौत की खबर सुनकर पति भी लुधियाना से घर वापस आ गया। पुलिस ने मृतका की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई भी तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्ष आपसी मे समझौते के प्रयास में लगे हुए है।

गौरतलब है कि आजकल सहनशक्ति खत्म हो गई है। छोटे-छोटे विवादों में आत्महत्या कर ली जाती है। खासतौर पर महिलाएं व युवतियां विवाद होने पर खतरनाक कदम उठा लेती हैं।

## गुलदार ने दो पशुओं को बनाया निवाला

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम तारापुर में बीती रात गुलदार घुस आया। गुलदार ने सलीम के घर के बाहर बंधे गाय के बछड़े पर हमला कर दिया। बछड़े के चिल्लाने की आवाज सुनकर सलीम जाग गया और गुलदार को देखकर शोर मचाया। गुलदार के हमले में बछड़े की मौत हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गुलदार ने गांव के दूसरी ओर बुंदू के घर के बाहर बंधे बछड़े पर हमलाकर मार डाला। ग्रामीणों ने गुलदार के डर से रात जागकर गुजारी। सूचना पर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार और वन दरोगा प्रकाश सिंह वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण नबील अहमद, मौहम्मद अयूब, आफताब, आरिफ, मोहम्मद उवेश, सुहैल, बुंदू, सलीम, रईस अहमद, सिराजुद्दीन आदि ने वन विभाग से घटनास्थल के पास पिंजरा लगवाने की मांग की है।

# रेहड़ में बस स्टैंड के पास बाघ दिखने से मचा हड़कंप

## ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** रेहड़ में दोपहर बस स्टैंड के निकट गादला मार्ग पर बाघ को घूमते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

रेहड़ बस स्टैंड के पास गांव गादला को जाने वाले मार्ग पर ठेका देशी शराब की दुकान स्थित है। दोपहर लगभग दो बजे ठेका देशी शराब की दुकान के निकट दुकान के सेलमैन विकास कुमार दूबे एवं खेतों में काम कर रहे अशरफ अली, लवकेश तोमर, अर्जुन, मौहब्बत, रिजवान, राशिद आदि किसानों को वहां बाघ घूमता दिखाई दिया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर को दी। सूचना पर वन दरोगा वाकर रजा, लक्ष्मीचंद, रवि कुमार, बाघ मित्र रोहित कुमार व दीपक, चंदन सिंह घनश्याम सिंह आदि वनकर्मी मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम द्वारा गन्ने के खेतों के चारों और एवं आस-पास स्थित आम के बागों में कांबिग कर बाघ को तलाश किया, परंतु बाघ नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि वन कर्मियों के आने से पूर्व ही बाघ गन्ने के खेत में घुस गया और शोर शराबा होने के कारण बाहर नहीं निकला। माना जा रहा है कि बाघ अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की गादला बीट से यहां आया होगा। आबादी के पास बाघ की आमद से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने किसानों और ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

## एक नजर

### उमेद ने बनाया रिकॉर्ड



**अफजलगढ़।** मौहल्ला बेगम सराय निवासी पूर्व सभासद ठेकेदार सलाउद्दीन अंसारी के बेटे व समाजसेवी कमालुद्दीन अंसारी के भतीजे उमेद अंसारी ने लंदन यूनिवर्सिटी में एमबीए में फर्स्ट ईयर टॉप कर अफजलगढ़ व जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से सभी खुश है। पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड., शेख इरशाद हुसैन, अब्दुल बारी, ग्यासुद्दीन अंसारी, सभासद शेख इमरोज, सभासद ठेकेदार दिलशाद आदि ने खुशी का इजहार किया है।

### भाजपाइयों ने मनाई जयंती



**नूरपुर।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी के आवास पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया । धर्मेंद्र जोशी व मंडल महामंत्री प्रणय मनु गुप्ता ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। मंडल महामंत्री प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए मार्गदर्शन है। कार्यक्रम में चंचल कटारिया, नीरज त्यागी, सुशांत मेहरा, संजीव डबास, गौरव चौहान, प्रमोहन सिंह, मुकेश कुमार, राम अवतार सिंह, गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### हादसे में गंभीर घायल



**अफजलगढ़।** जनपद रामपुर के ग्राम टांडा बादली निवासी मोहम्मद नईम (22 वर्ष) व वसीम अकरम (20 वर्ष) पुत्रगण अब्दुल कय्यूम बाइक द्वारा शेरगढ़ आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक शेरगढ़ तिराहे के करीब पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर खड्ढे में गिर गई। बाइक गिरने से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भाइयों को एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने मौहम्मद नईम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया है।

### डीएम को सौंपा मांग पत्र



**बिजनौर।** राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर को मांग पत्र सौंपा। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आश्वासन दिया गया कि जो बिंदु उनके संज्ञान में आए हैं, उनका निस्तारण शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर संरक्षक राजपाल सिंह, उपाध्यक्ष विकास पाठक, जिला मंत्री हेमराज सिंह, संगठन मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, प्रचार मंत्री बृजेश चौधरी, संयुक्त मंत्री अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### नजीबाबाद में रामलीला जारी



**नजीबाबाद।** श्री रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन कराया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात्रि सुमंत विलाप, राम केवट संवाद , दशरथ मरण की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने भगवान राम के वनगमन से जुड़े प्रसंगों को जीवंत किया। भगवान राम ने सुमंत को विदा करते हुए कहा कि वह पिता दशरथ को दिलासा दें, जिससे दर्शक भी भावुक हो गए। रामलीला में सुमंत विदाई और केवट संवाद के दौरान दर्शकों की आंखें नम हो गईं। केवट भगवान राम को नदी पार कराने से पहले उनके चरणों को धोता है और फिर उन्हें नाव में बैठाकर नदी पार कराता है। इस दौरान भगवान राम और केवट के बीच एक मार्मिक संवाद होता है, जिसमें केवट भगवान राम की महानता और उनके प्रति अपनी भक्ति को व्यक्त करता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### शराब के नशे में घायल

**नूरपुर।** बीती रात धर्मवीर सिंह पुत्र लल्लू सिंह साइकिल से रामलीला देखने के लिए आया था। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो परिवार को उसकी चिंता सताने लगी। परिवार के सदस्यों ने थाने पहुंच कर पुलिस को धर्मवीर की गुमशुदगी की तहरीर दी, तो पुलिस ने लेने से मना कर दिया। इस बीच वह रात्रि करीब एक बजे मुरादाबाद रोड पर डायमण्ड सिटी कॉलोनी के पास घायल अवस्था में मिला। वह शराब के नशे में चूर था। उसे गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

# आजम खान की रिहाई न्याय की जीत: अनिल

## झूठे मुकदमें ज्यादा दिन नहीं चलते



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय महासचिव मौहम्मद आजम खान की जेल से रिहाई पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि झूठे मुकदमें ज्यादा दिन नहीं चल सकते है। उन्होंने कहा कि मौहम्मद आजम खान एक ईमानदार व सच्चे राजनेता है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी परिवार पूर्व मंत्री मौहम्मद आजम खान की रिहाई से बेहद खुश है, यह कानून और न्याय की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार झूठे मुकदमें बना कर जांच एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल अपने विरोधियों को दबाने के लिए करती है। मौहम्मद आजम खान के परिवार ने कितना अन्याय और कष्ट सहा है, यह सभी को मालूम है। सरकार संविधान को सबसे ऊपर रख कर एक एजेंडे के तहत काम कर रही है। सविधान ने भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म के अनुसार जीने और अपने धर्मगुरुओं के प्रति श्रद्धा और प्रेम दिखाने का अधिकार दिया है। लेकिन आज स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि लोगों को लगने लगा है कि सरकार का हिंदू व मुस्लिम एजेंडा विफल हो गया है। इसलिए इस तरह के मुद्दे बेवजह उठाए जा रहे है। सरकार प्रोपगंडा चलाती है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को सरकारी कठपुतली नहीं बनना चाहिए। बल्कि सच्चाई और न्याय के आधार पर कार्यवाही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारें तो आती-जाती रहती है, प्रशासन का दायित्व है कि सविधान व जनभावनाओं का सम्मान करे। अब जनता जाग चुकी है। आने वाले 2027 के चुनाव में पीडीए के नायक सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।

# अफजलगढ़ में चला सफाई अभियान

## चेयरपर्सन पति जावेद विकार व ईओ ने भी की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अभियान चला कर नगर में सफाई की गई। चेयरपर्सन पति जावेद विकार व अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दो अक्टूबर को जयंती से पूर्व स्वच्छता सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। नगर पालिका के द्वारा इस मौके पर सफाई अभियान चलाया गया। चेयरपर्सन पति जावेद विकार एवं अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह के कुशल नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कर्मचारी एवं सभासद मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि नगर के विभिन्न स्थलों पर अभियान शुरू करते हुए सफाई कार्य कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सबसे पहले सीएचसी में सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा बस स्टैंड के जसपुर तिराहा से लेकर मुख्य चौराहा व सार्वजनिक स्थलों पर जोरों शोर से सफाई का कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर तक सफाई अभियान चलाया जाना है। उन्होंने नगरवासियों से भी अभियान में सहयोग करने एवं पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नालों व नालियों सहित खुले में कूड़ा कचरा न डाला जाए। कूड़ा कचरा सिर्फ निश्चित स्थानों व पालिका की कूड़ा गाड़ी में ही डाला जाए।

इस मौके पर लेखाकार संजीव कुमार अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा मुकेश उर्फ मुन्ना, भीम सिंह रावत, सभासद दिलशाद, सभासद इमरोज, रियासत, मुकीब खान सूरी, कादिर अंसारी, रंजीत पवार, चांद, समाजसेवी इकराम अली आदि मौजूद रहे।

# झालू मार्ग पर दो कारें टकराईं

## सात गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** खारी मार्ग पर दो कारों के आपस में टकरा जाने से सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज शाम एक कार में सवार छह लोग थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम नंगली से शादी समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान पंजाब फार्म के पास उनकी कार की भिड़ंत बिजनौर से लौट रहे विशेष पुत्र करतार सिंह की कार से हो गई। विशेष अपने बेटे शुभ (छह वर्ष) को अस्पताल से छुट्टी कराकर घर ले जा रहे थे। हादसे में नगीना के ग्राम नंगली निवासी रियासत पुत्र मुबारक हुसैन, मौहम्मद यासिर, लियाकत हुसैन पुत्र नासिर हुसैन, शकीला पत्नी शराफत एवं विशेष पुत्र करतार सिंह और उनका पुत्र शुभ गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

# गोशाला की बदहाली पर संघ ने जताई नाराजगी

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ ने ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग की गौशाला की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जताई है। संघ के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर तत्काल कार्रवाई की मांग की।



संघ ने आरोप लगाया कि गौशाला में गायों की दशा बेहद दयनीय है। कई गायें मरने की हालत में हैं। चारे और पानी की कमी के कारण पशु कमजोर हो चुके हैं। मक्का का साइलैज खुले में पड़ा हुआ है, जिस पर कीड़े लग गए हैं। सौ से अधिक पशुओं के लिए मात्र आधा कट्टा चोकर ही रखा गया था।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गौशाला के नाम दर्ज 52 बीघा भूमि में से ग्राम प्रधान खलील ने केवल 8-10 बीघा में चारा बोया है। शेष जमीन का उपयोग निजी कार्यों के लिए कर रहा है। पशु चिकित्सक डॉ. मनीष पर भी लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये का आरोप लगाया गया। बताया गया कि कई बार शिकायत होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने गौशाला के संचालन को पारदर्शी बनाने, पशुओं के लिए पर्याप्त चारा और पानी की व्यवस्था करने तथा दोषी ग्राम प्रधान और पशु चिकित्सक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रोबिन चौधरी जिला प्रभारी हिंदू सुरक्षा सेवा संघ द्वारा ज्ञापन दिया गया। साथ में जिला मंत्री मनोज चौहान, जिला महामंत्री टिंकू शर्मा, जिला मंत्री प्रशांत यादव, जिला उपाध्यक्ष अमित यादव, सुरेंद्र सिंह, लकी चौधरी, हिमांशु राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### छात्राओं ने देखी बैंक की व्यवस्था



**दारानगर गंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय जहानाबाद की छात्राओं को पंजाब नैशनल बैंक का भ्रमण कराया गया। छात्राओं ने बहुत ही उत्साहपूर्वक खाता खोलना व संचालन करना सीखा। साथ ही खाते में पैसे कैसे डालें, कैसे निकालें व चेक के द्वारा पैसे कैसे निकाले जाते, सिखाया गया। पासबुक में मशीन द्वारा एंट्री कैसे की जाती है, यह भी दिखाया गया। प्रबंधक ने बताया 18 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों के खाते उनके अभिभावकों के साथ संचालित किए जाते हैं। बैंक में महिला अधिकारी को देखकर छात्राएं बहुत खुश हुई। छात्रा निशात ने महिला अधिकारी से इस पद पर पहुंचने के राज जाने। इस मौके पर अध्यापिका रश्मि चौधरी, प्रियंका, डॉ. अतीक दानिश, मौहम्मद शफीक मौजूद रहे।

### डॉ. रक्षित राज्यपाल से सम्मानित



**बिजनौर।** जनपद के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. शूरवीर सिंह के सुपुत्र डॉ. रक्षित सिंह ने चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ में अपने ग्रुप में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों सम्मानित होकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्होंने अपने मां-बाप व चिकित्सा जगत का नाम रोशन किया।

### छात्राओं को दी मिशन शक्ति की जानकारी



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर कुरैशी की पंचायत भवन में पंचायत भवन में आयोजित गोष्ठी में थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बालिकाओं और महिलाओं को मिशन शक्ति व साइबर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त बनता है। महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी साहस का परिचय देना चाहिए। खुद के साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी खुद को तैयार रहना चाहिए। किसी भी महिला या छात्रा को यदि कोई मनचला परेशान करें तो पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090 या डायल 112 पर काल करें। पुलिस मौके पर पहुंचकर सख्त कार्यवाई करेगी। वही गांव में चौपाल लगाकर लोगों से साइबर ठगों से सावधान रहने को कहा है। इस दौरान एन्टी रोमियो टीम प्रभारी उपनिरीक्षक शेखर चौधरी, विकास कुमार, आशीष कुमार, महिला कांस्टेबल अंजू रानी, प्रियंका रानी, ग्राम प्रधान बिलकिस, गफ्फार अहमद आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी में राहत से हर वर्ग को फायदा

## विधायक अशोक राणा ने व्यापारियों से किया सीधा संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर देशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धामपुर में भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा बाजार में उतरे और व्यापारियों से सीधा संवाद किया।



विधायक राणा ने कहा कि भाजपा सरकार ने जीएसटी दरों में राहत देकर व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने बताया कि व्यापारियों को कारोबार में आसानी होगी और उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं अब और सस्ती मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प हर वर्ग को लाभ पहुंचाना है। केंद्र सरकार की योजनाएं गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी और युवाओं तक सीधे लाभ पहुंचा रही हैं। जीएसटी में कमी से बाजार में भी तेजी आएगी और आम आदमी को सीधा फायदा होगा।

विधायक ने व्यापारियों के बीच मोदी सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उनके सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह साल में जो विकास कार्य किए हैं, उसकी तुलना किसी भी पूर्ववर्ती सरकार से नहीं की जा सकती।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, स्योहारा ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राघव शरण गोयल, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलोत, अनिल शर्मा, राकेश चौधरी, दीपक अग्रवाल, सरदार सतमीत सिंह, मनी, हरभजन सिंह मिनिस्टर, सोनू वाल्मीकि, सोमपाल सैनी, अभिषेक राजपूत आदि भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मोहित हत्याकांड में विनेश को उम्र कैद

## नूरपुर के धौलागढ़ का बहुचर्चित मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय जनपद न्यायाधीश ने धौलागढ़ के बहुचर्चित मोहित सैनी हत्याकांड में विनेश को उम्र कैद एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 29 दिसम्बर 2024 को थाना नूरपुर अंतर्गत ग्राम धौलागढ़ निवासी पिंटू पुत्र राजकुमार सैनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम के ही निवासी विनेश पुत्र रामकुमार सैनी ने वादी के छोटे भाई मोहित सैनी को चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 487/24 धारा 103 (1) बीएनएस में पंजीकृत किया था।

विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यालय में प्रभावी पैरवी की थी।

## हल्दौर के शाहनवाज को दस वर्ष का कठोर कारावास

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल जज पोक्सो एक्ट ने हल्दौर के मौहल्ला तोलावाला फ्रैंडस कॉलोनी निवासी शाहनवाज पुत्र नाजिम को धारा चार पॉक्सो एक्ट एवं धारा 137 (2) बीएनएस में दस वर्ष के कठोर कारावास एवं तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सात जुलाई, 2025 को वादी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। घटना के मात्र 80 दिनों के अंदर आरोपी को सजा सुना दी गई।

# सड़क हादसे में एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर-पैजनिया मार्ग पर देर रात दो बाईकों की टक्कर में एक बाईक सवार की मौत हो गई। जबकि मृतक की पत्नी व दूसरा बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्राम खजुराजट के निवासी रामप्रसाद (52 वर्ष) पुत्र मूलचंद अपनी पत्नी विनिता के साथ बाइक से बीती रात करीब 8 बजे अपनी रिश्तेदारी से गोद भराई की रस्म में शामिल होने के बाद अपने घर वापस आ रहा था। नहटौर-पैजनिया मार्ग पर ग्राम फलोदी के पास उसकी बाइक सदरूदीनगर की तरह से आ रहे ग्राम फलोदी निवासी बंटी की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई, जिससे तीनों घायल हो गए। विनीता को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया तथा रामप्रसाद को सीएचसी में भर्ती कराया गया उसकी गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां रस्ते में जाते हुए उसकी मौत हो गई। दूसरे चालक बंटी के परिजनों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी गंभीर हालत देखकर उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। उसके परिजनों ने उसे बिजनौर में निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। रामप्रसाद की मौत की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामप्रसाद लकड़ी की ठेकेदारी का काम करता था। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मृतक के पुत्र विवेक पाल की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी है।



### दो गंभीर रूप से घायल

## कुम्हेडा के पंचायत घर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

**बरुकी।** ग्राम कुम्हेडा में पंचायत घर पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अवनीश निर्वाल ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने विकसित भारत की कल्पना की थी। कार्यक्रम में अवधेश शर्मा, अश्वनी कुमार, डॉ. रामकुमार, नीरज, अरविंद कुमार, सुमित कुमार, अरविंद सैनी, निक्की चौधरी, जयपाल सैनी, गौतम सैनी, लवकुश सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चमन के प्रधान का इंतकाल



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत आसफाबाद चमन के मौजूदा ग्राम प्रधान मौहम्मद यामीन का बीती देर शाम हार्टअटैक की वजह से इंतकाल हो गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए जसपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके इंतकाल की खबर से शोक की लहर दौड़ गई। ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, मेघपुर के ग्राम प्रधान पति रिजवान अहमद, प्रधान जाकिर हुसैन, प्रधान कपिल कुमार सैनी सहित तमाम ग्राम प्रधानों ने गहरा अफसोस जताते हुए उनकी मगफिरत की दुआ की। मरहूम ग्राम प्रधान मौहम्मद यामीन गरीबों की मदद करने में हमेशा आगे खड़े रहते थे।

### जयंती पर सफाई अभियान चलाया



**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन ने सफाई अभियान के तहत झील पार्क पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी ओम गिरी भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, प्रशांत वर्मा आदि व पालिका कर्मी विशेष कुमार, कपिल कुमार, अकरम अहमद, शाहजेब आलम, सलीम अहमद ने संयुक्त रूप से झील पार्क पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही वृक्षारोपण भी किया और स्वच्छ और हरित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल रही। इसके अलावा ग्राम सादिक. ाबाद में बूथ संख्या 168 पर भारत माता के महान सपूत, एकात्म मानववाद के प्रणेता, और भारतीय राजनीति के युगपुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा बूथ अध्यक्ष आकाश कुमार सहित सम्मानित ग्रामवासी के साथ पंडित दीनदयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।

### अध्यापकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण



**किरतपुर।** उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विकास खण्ड किरतपुर स्थित बीआरसी पर स्कूल अध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में डॉ. मौ. कासिम अली (पशुचिकित्सा अधिकारी) ने मिलेट्स के मानव आहार में महत्व और उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। मसव्वर अली (एडीओ पीपी) ने मिलेट्स फसलों में कीट एवं रोग की रोकथाम के उपाय बताए। वहीं हरिंदर सैनी (एडीओ एग) ने मिलेट्स की बुआई और फसल पद्धति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अध्यापकगण, कार्यालय स्टाफ तथा कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक संदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन रितेश चौहान प्रभारी राजकीय कृषि निवेश भंडार किरतपुर ने किया।

### भरत मिलाप लीला का मंचन

**बरुकी।** क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमडावली में चल रही रामलीला में बीती रात्रि भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। मंचन का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान रामचंद्र ने भाई के प्रेम में राजपाट त्याग दिया तो वहीं भरत जी ने भी उनकी खड़ाऊ सिंहासन पर रखकर राज किया। हमें राम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विजयपाल कश्यप, वासुदेव कश्यप, सोमपाल कश्यप, ग्राम प्रधान सचिन रवि, डा. संजीव कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, चौधरी विजयपाल, चौधरी सैंकी, नरेश कश्यप, विजय कश्यप, सोनू प्रजापति, सतीश प्रजापति आदि उपस्थित रहें।

# पैतीस घंटे बाद मंडावर में विद्युत आपूर्ति बहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** योगी सरकार में भी विद्युत विभाग कितना निकम्मा व नकारा है, इसका अंदाजा मंडावर के नागरिकों की परेशानी को देख कर लगाया जा सकता है। मुख्य लाइन का तार जोड़ने में विभाग को पैतीस घंटे लग गए। जिससे मंडावर व आसपास के कई दर्जन ग्रामों के नागरिकों का हाल बेहाल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर एवं आसपास के कई दर्जन ग्रामों की विद्युत आपूर्ति वाली लाइन में फाल्ट आ गया था। जिसकी वजह से तार टूट गया था। लेकिन चौधरीपुरम कॉलोनी वालों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध करते हुए विद्युत विभाग के स्टाफ को तार नहीं जोड़ने दिए। विद्युत विभाग के स्टाफ को पुलिस व प्रशासन का भी सहयोग नहीं मिला। जिसकी वजह से पैतीस घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही।

वहीं चौधरीपुरम कॉलोनी में अपनी मांगों को लेकर बड़ी संख्या में नागरिक धरने पर बैठे हुए थे। उनका कहना था कि जब तक मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है, तब तक मंडावर क्षेत्र को अंधेरे में रखा जाएगा। वह फाल्ट ठीक नहीं करने देंगे। पहले उनकी परेशानी हल की जाए। उन्हें बामुश्किल समझाया गया। तब जा कर विद्युतापूर्ति आज देर शाम सुचारू हो पाई। जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

### रात भर करवटें बदलते रहे नागरिक

भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति ठप होने से पानी को भी तरस गए। जो मालदार थे, उन्होंने तो जनरेटर से काम चला लिया। लेकिन जिनके पास जनरेटर नहीं थे और न ही जनरेटर किराए पर लेने के लिए रुपए थे, उनकी रात व दिन बामुश्किल कटा। कारोबार भी काफी प्रभावित हुआ। मंडावर के किसी भी समाजसेवी व नेता ने समस्या के स्थाई समाधान के लिए आवाज नहीं उठाई है। यह स्थिति फिर कभी भी पैदा हो सकती है।

# सांसद की वीडियो वायरल मामले में मुकदमा दर्ज

## सोशल मीडिया आईडी धारक रोहिणी घाघरी का अकाउंट बंद करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की एक वीडियो सोशल मीडिया पर गलत तरीके से अपलोड किए जाने का आरोप लगाते हुए धामपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में सोशल मीडिया आईडी धारक का नाम रोहिणी घाघरी वाल्मीकि बताया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो में सांसद चंद्रशेखर को कांच के गिलास में शराब पीते हुए दिखाया गया, जबकि वास्तविकता में एक अन्य वीडियो में सांसद समर्थकों के साथ बैठे हुए अपने हाथों से ग्रीन टी बना रहे थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और वास्तविक वीडियो में गिलास का पारदर्शी रंग एक जैसा है। फिर भी इसके बावजूद जानबूझकर गलत संदेश फैलाया गया।

सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन ने इस मामले में धामपुर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया और रोहिणी घाघरी वाल्मीकि के सोशल मीडिया अकाउंट को तत्काल बंद करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इस अकाउंट से पूर्व में भी सांसद पर कई आरोप लगाए गए थे, जिनकी देशभर में चर्चा हुई थी। मामला सांसद और राष्ट्रीय अध्यक्ष से जुड़ा होने के कारण प्रदेशभर में हाई प्रोफाइल बन गया है। इससे पहले सांसद चंद्रशेखर ने इस तरह के मामलों के खिलाफ जवाब कोर्ट में देने की चेतावनी दी थी। अब एक बार फिर से रोहिणी घाघरी के आरोपों की चर्चा मीडिया और सोशल मीडिया में हो रही है।

धामपुर कोतवाली पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और सोशल मीडिया पर गलत वीडियो अपलोड करने वाले व्यक्ति की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# विवेक कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक सांइसेस एण्ड हॉस्पिटल के द्वारा 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार इसका उद्घाटन भगवान धन्वन्तरी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन व धन्वंतरी वंदना के साथ प्राचार्य प्रो. देवाशीष पाणिग्राही, डॉ. मनोज प्रताप सिंह, डॉ. कुसुम सिंह, डॉ. रमेशपाल सिंह, डॉ. सुनील कुमार व डॉ. संतोष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य द्वारा कॉलेज के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद के उत्थान के लिये सामूहिक रूप से शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम अग्रवाल, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव एवं इंटर्न छात्राएं परिधि व सानिया ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य डॉ. पाणिग्राही ने बताया कि आज के समय में जहां विज्ञापनों की चमक-दमक उपभोक्ताओं को आकर्षित करती है, वहीं कई बार इन विज्ञापनों में भ्रामक दावें छुपे होते हैं तथा उन्होंने ड्रग एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट 1954 के बारे में भी बताया।





### आयुर्वेद की दवाईयां कैंसर में मददगार

मुख्य वक्ता डॉ. मनोज प्रताप सिंह ने कैंसर के बढ़ते रोगियों की संख्या एवं आयुर्वेद के द्वारा इसके रोकथाम के बारे में जानकारी प्रदान की।

वैद्यथान कम्पनी से आये वैद्य शासव पाण्डेय ने बताया कि उनके यहां पिछले कई दशकों से विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक दवाईयां बनाई जा रही है। जिसके बारे में विस्तार से छात्रों को ज्ञानवर्ध जानकारी दी। आयुर्वेदिक कॉलेज में दस सितम्बर से चल रहे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे जागरूकता, मिनि एक्सपो ऑन हर्बल प्लांटस, स्कूल आउटरीच प्रोग्राम, मेडिकल कैम्प, आयुर्वेद आहार उत्सव आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बीएएमएस के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अंतर्गत उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. प्रतिभा, डॉ. मधुमिता, डॉ. दीपिका, डॉ. हरप्रीत आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**नहटौर।** सेवा पखवाड़ा स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशासी अधिकारी ओम गिरी सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। नहटौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एक महिला सहित 31 लोगों रक्तदान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, कुलवीर चौधरी, सुमित त्यागी, जय सिंह त्यागी, सुभाष विश्वकर्मा, राकेश अग्रवाल, लोकेंद्र धर्मेंद्र, हिमांशु गुप्ता सहित 31 भाजपाइयों ने शिविर में रक्तदान किया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डा. आशीष आर्य ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया।

### पोषाहार किट का वितरण



**नहटौर।** नगर पालिका में कुपोषित बच्चों को पोषित स्थिति में लाने के लिए पोषाहार किट का वितरण किया गया। जिसमें 12 बच्चों को पोषाहार किट का वितरण किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, सभासद महफूज उर्फ गुड्डा, बड़े बाबू रमेश चंद, अतुल बाबू, अकरम, इब्रा. हिम, सलीम अहमद व आंगनबाड़ी भी मौजूद रही।

### स्वास्थ्य शिविर का मन्नान ने किया उद्घाटन



**किरतपुर।** शासन के दिशा-निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह 8 बजे से एक दिन, एक घंटा, एक साथ विशेष सफाई श्रमदान के साथ 156 घंटे विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर पालिका प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने किया। शिविर में सफाई कर्मचारियों की जांच डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। इसके अलावा 2025 अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना व सूर्या घर योजना के कैंप भी लगाए गए। साथ ही 5 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोगों की रोकथाम एवं 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु बैठक की गई। जिसमें वार्डों में विशेष सफाई व फॉगिंग कराने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पालि. का अधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम, वार्ड सभासद व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## अनिल कुमार राणा उत्कृष्ट परियोजना कार्य समिति परिक्षेत्र-मुरादाबाद के सदस्य बने



**नगीना।** प्रबंध कमेटी सहकारी गन्ना विकास समिति लि. नगीना के अध्यक्ष अनिल कुमार राणा को उत्कृष्ट परियोजना कार्यसमिति परिक्षेत्र -मुरादाबाद का सदस्य नामांकित किये जाने पर उनके समर्थकों व परिजनों में खुशी का माहौल है। यहां यह बताते चलें कि उत्कृष्ट परियोजना कार्यसमिति गन्ना क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चीनी मिल, सहकारी गन्ना विकास समिति, गन्ना कृषकों, महिला व स्वयं सहायता समूह तथा युवा गन्ना किसानों को पुरस्कृत करने वाली समिति है। इस छः लोगों की समिति में अध्यक्ष, संयोजक, सचिव के अतिरिक्त तीन सदस्य होते हैं। लम्बे समय से इसमें एक सदस्य का पद रिक्त चल रहा था, जिस पर पर अब गन्ना विकास समिति लि. नगीना के अध्यक्ष अनिल कुमार राणा की नियुक्ति हुई है। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान व अरविंद गहलौत, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, सहदेव भारद्वाज, अंजलि मित्तल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, कृष्ण बलदेव सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कुलदीप त्यागी, संदीप वर्मा, दिनेश त्यागी, सौरभ मित्तल, नीरज विश्नोई, शिवशंकर सक्सेना, गन्ना समिति नगीना के उपाध्यक्ष कपिल चौधरी, गन्ना समिति नगीना के डायरेक्टर पंकज चौहान, कमल सिंह, समर सिंह, उदयराज सिंह, भूरे प्रधान, मुकेश राजपूत, भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री हरिराज सिंह, यशपाल सैनी, मेघराज सिंह, सुरेश भगत जी, रामवीर सिंह, दीपक चौहान, सतेन्द्र चौहान, त्रिवेंद्र चौहान आदि ने बधाई दी।

### मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

**शेरकोट।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने 48 घंटे की पुलिस नजरबंदी के बाद अफजलगढ के मौहल्ला मझोरी निवासी स्व. अलका देवी के पति सुंदर सिंह व उनके 2 मासूम बच्चों से मिलकर सांत्वना दी। परिवार ने बताया कि स्व. अल्का देवी के पति सुंदर सिंह किराये के मकान में रहते है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सरकार से मांग की है कि सुंदर सिंह के लिए सरकार एक आवास तो निश्चित दें ताकि वह अपना गुजर बसर कर सके। इस अवसर पर हैनरीता राजीव सिंह के साथ आरके सिंह, जावेद अंसारी, मिसबाबुल हसन, फुरकान अंसारी (जिला महासचिव) जफर मलिक आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## चाकू से हमला कर किया घायल

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामाबाद में बीती शाम एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल की पहचान समरपाल सिंह (45 वर्ष) पुत्र नन्ने सिंह के रूप में हुई है। घायल की पुत्री का आरोप है कि गांव के ही लक्की और राजन उसे मोटरसाइकिल पर बिठाकर कहीं ले गए थे। रास्ते में ही आरोपियों ने उसके पिता समरपाल सिंह पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में वह बुरी तरह घायल हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल समरपाल सिंह को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोपहर के समय दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद शाम में यह वारदात हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई करते हुए बारीकी से जांच की जा रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### पंडित दीनदयाल की जयंती पर पौधारोपण

**नगीना।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर नगर मंडल महामंत्री हरमीत सिंह मल्होत्रा ने स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए लोगों से इसमें सहयोग की अपील की। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान श्एक पेड़ मां के नामश अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। मल्होत्रा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी एक विचारक, दर्शनशास्त्री और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रवक्ता थे। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। शिक्षा में उत्कृष्ट रहने के बावजूद उन्होंने नौकरी छोड़कर राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना।

कार्यक्रम में नगर मंडल महामंत्री हरमीत मल्होत्रा, अनवर कुरैशी के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 6 गैगस्टर एक्ट, बिजनौर**

प्रकीर्ण अपील नं. 46/2019
दुष्यंत कुमार आदि बनाम विशम्बर सिंह आदि
अपील बनाराजी डिग्री तजवीज अदालत सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम बिजनौर
मुबरिखा 13 माह 08 सन् 2019 ई.
इजराय मुकदमा नम्बर 17/ 2007
बनाम

7. एस.पी. पटेल हाकिम परगना धामपुर जिला बिजनौर, उ.प्र.

8. शोभाराम सिंह दरोगा थाना धामपुर शहर धामपुर जिला बिजनौर, उ.प्र.

इत्तिला हो कि बनाराजी डिगरी मुकदमा मुन्दजा बाला में पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत में बतारीख वास्ते समाअत 29.09.2025 इस अपील में मुकर्रर की है। अगर खुद आप या कोई और शख्स जो कानूनी अपनी तरफ से अपने हाजा में सवाल करने का मजाज हो हाजिर न होवेगा तो उसकी समाअत और बतारीख आपकी गैर हाजरी में की जायेगी।

नियत दिनांक: 29.09.2025

**प्रबंधक**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 6, गैंगस्टर एक्ट, बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. कासिम गलत संगत में पड़ कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने उससे एक साल से समस्त ताल्लुक वास्ता खत्म करके उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**माजिद पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला काजियान, पोस्ट नींदडू खास, थाना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा छोटा पुत्र प्रदुम कुमार मेरे कहने में नहीं है। उसने अपनी मर्जी से शादी की है। वह मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। समझाने पर भी सुनवा नहीं है। इस कारण मैंने प्रदुम कुमार से सम्बंध विच्छेद करके उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। प्रदुम कुमार के किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। - **सुशील कुमार पत्नी गंगाराम, निवासी ग्राम हेबतपुर पीरू उर्फ काजीवाला, थाना नगीना, जिला बिजनौर**

**सम्बन्ध विछेद सूचना**

मेरा पुत्र मो. शुएब मेरे कहने में नहीं है। हर समय गलत कार्यों में लगा रहता है। इसलिए मैं अपने पुत्र मो. शुएब से अपने सम्बन्ध विच्छेद करने के साथ-साथ अपनी समस्त चल अचल सम्मति से बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कार्य से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। **-फहीम पुत्र तुफैल निवासी मौहल्ला अफगानान, कस्बा शेरकोट ( बिजनौर )**

**Mariam Girls College of Higher Education, Kiratpur (Bijnor)**

**Required for Principal & Art faculty**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Principal | - | 01 |
| 2. English (Lecturer) | - | 01 |
| 3. Drawing & Painting (Lecturer) | - | 01 |
| 4. Education (Lecturer) | - | 01 |
| 5. Sociology (Lecturer) | - | 01 |
| 6. Economics (Lecturer) | - | 01 |

Qualification & Salary as per U.G.C. Regulation Norms. Apply with the documents and recent photograph within 7 days from the date of Publication of advertisement.
Email - roopesh1978t@gmail.com

**Manager**

एक नजर

## अवैध तमंचे के साथ दबोचा



**स्योहारा।** 24 सितंबर को आरोपी ने डायल 112 पर फोन कर अपने साथ लूट व मारपीट की झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। सूचना पर पहुंची पीआरवी टीम ने मौके पर आरोपी को संदिग्ध स्थिति में पाया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने झूठी सूचना देने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी अमित उर्फ सचिन पुत्र दयाराम के खिलाफ थाना स्योहारा में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झूठी सूचना देकर पुलिस की ऊर्जा और संसाधनों को व्यर्थ करने वाले तथा अवैध हथियार रखने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में लगातार अपराधियों पर नकेल कसने की मुहिम चलाई जा रही है। हाल ही में हुई कई गिरफ्तारियां इस बात का सबूत हैं कि स्योहारा पुलिस अपराधियों को किसी भी कीमत पर खुला नहीं छोड़ रही है।

## जिला स्टेयरिंग कमेटी की बैठक




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत जिला स्टेयरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज वादों में पीड़िताओं को उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत पूर्ण मानक एवं पारदर्शिता के साथ लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्री कौर ने बताया कि शासन द्वारा यौन अपराध पीड़ित महिलाओं को उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत प्रदत्त सुविधाओं के अंतर्गत आर्थिक क्षतिपूर्ति का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त योजना के अन्तर्गत पूर्ण जांच के बाद पात्रता के आधार पर पीड़िताओं को निर्धारित नियमों के अनुरूप यथाशीघ्र लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. प्रभा रानी, जिला प्रोबेशन अधिकारी योगेंद्र कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए अभियान



**स्योहारा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना स्योहारा क्षेत्रांतर्गत एमएम इंटर कॉलेज एवं लक्ष्मी कॉलेज में मिशन शक्ति वर्जन 5.0 के तहत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में एमएम इंटर कॉलेज की कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 150 छात्राओं व अध्यापिकाओं तथा लक्ष्मी कॉलेज की लगभग 120 छात्राओं व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। अभियान के दौरान छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि की जानकारी से दी गई। इसके साथ ही छात्राओं और बालि. काओं को साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय, ऑनलाइन फ्रॉड फिशिंग तथा व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें साइबर धमकी या उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जानकारी भी प्रदान की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। थाना स्तर पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मी पीड़ित महिलाओं की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करती हैं। छात्राओं और अभिभावकों ने इस अभियान की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे जागरूक होकर अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच



**स्योहारा।** नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूर्व नगर पालिका चेयरमैन हाजी अख्तर जलील के निवास पर एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने जांच व उपचार का लाभ उठाया और नि:शुल्क दवाइयां प्राप्त की। हाजी अख्तर जलील नगर के उन चुनिंदा चेहरों में गिने जाते हैं, जिन्होंने हमेशा जनता की सेवा को ही अपनी पहली प्राथमिकता माना है। चेयरमैन पद पर रहते हुए उन्होंने नगर के विकास कार्यों में ऐतिहासिक योगदान दिया। सड़क, बिजली, नाली, और साफ-सफाई जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ गरीब और असहायों की मदद में भी हमेशा सबसे आगे रहे। यही वजह है कि आज भी नगर के लोग उन्हें एक सच्चे जनसेवक के रूप में याद करते हैं। चेयरमैन अख्तर जलील का मानना है कि जनता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। समय-समय पर उन्होंने शिक्षा, सामाजिक कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए हैं। स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे चिकित्सक डॉ. रईस अहमद ने बताया कि हमारा क्लीनिक नगर की काली मस्जिद के पास है। शिविर में प्रमुखता से लिकोरिया, जोड़ों का दर्द, पथरी, खारिश व लिवर संबंधी समस्याओं का उपचार किया गया।

## 294 ने दी एससीवीटी परीक्षा

**बिजनौर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई, बिजनौर नगीना एवं नजीबाबाद में राज्य स्तरीय प्रयोगात्मक परीक्षाए प्रारंभ हुई। प्रथम दिन की परीक्षा में कुल पंजीकृत 297 में से 294 परीक्षार्थी उपस्थित रहे परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न कराने में नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, कार्यदेशक दीपक कुमार गुप्ता का योगदान रहा।

# क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान में पूर्वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ कोतवाल राजेश कुमार सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद क्षेत्र के 18 विद्यालयों के खिलाड़ी परेड की शक्ल में निकले, जिसे मुख्य अतिथि ने सलामी दी।



खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

400 मीटर दौड़ की विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में बेनीपुर कोपा की डिंपल प्रथम, धामपुर जीजीआईसी की अर्पिता द्वितीय और गांधी इंटर कॉलेज मनकुआ की नीरज तृतीय रहीं। जूनियर बालिका वर्ग में सुहानी प्रथम, मनु द्वितीय और आयशा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में आरएसएम धामपुर की अंजली जोशी ने पहला स्थान हासिल किया, मिताली (आरएसएम) द्वितीय और गांधी इंटर कॉलेज की सुहानी तृतीय रहीं।

बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने जोरदार मुकाबला किया। सीनियर बालक वर्ग 400 मीटर में सतीश कुमार प्रथम, कशिश द्वितीय और मयंक तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग में सुधांशु जोशी ने बाजी मारी, पिंटू दूसरे और चमन तीसरे स्थान पर रहे। सब जूनियर वर्ग में रियान प्रथम, मौहम्मद अल्तमस द्वितीय और मौहम्मद इस्माइल तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में शिक्षकों और विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र तैयार करने में शिक्षिका अमनप्रीत कौर और कल्पना राजपूत ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों व सहयोगी स्टाफ ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति, नारी सम्मान के अन्तर्गत थाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे स्कूलों, कालेज की छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलन के प्रति जागरूक करते हुए शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के शेरकोट मुस्लिम फण्ड कन्या इन्टर कॉलेज में छात्राओं को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी छात्रा या महिला को किसी भी तरह की कोई परेशानी या किसी के द्वारा प्रताड़ित अथवा छेड़खानी जैसी कोई घटना हो तो उसका डटकर मुकाबला करें। पुलिस प्रशासन हर समय उनके साथ खड़ा है। शासन द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देते हुए उन्होंने 1090, 1076, 181 आदि नम्बरों पर कॉल करने का आह्वान किया। साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने 155260 नम्बर पर कॉल करने की सलाह दी।

इस अवसर पर थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार के साथ-साथ प्रधानाचार्य नूर अफ्शा, मनिष रस्तोगी सहित स्कूल स्टाफ व महिला कर्मी मौजूद रही।

## नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति, साधना और आस्था का प्रतीक: अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के लोकप्रिय समाजसेवी भाजपा नेता एवं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने पावन नवरात्रों के अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि नवरात्रि माँ दुर्गा की आराधना शक्ति और साधना का अद्वितीय पर्व है। यह पर्व हमें धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि माँ दुर्गा की उपासना से मनुष्य को आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है और उसके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। नवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो हर वर्ष समाज को एकजुट करने और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करती है। उन्होंने नगर की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि नवरात्रों में लोग शक्ति की उपा. सना के साथ-साथ गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की सेवा में भी आगे आएं। यही सच्चे अर्थों में माँ दुर्गा की आराधना है। उन्होंने कहा कि धर्म तभी सार्थक है, जब उससे समाज में भाईचारा, सद्भावना और सहयोग की भावना जागृत हो। भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने इस अवसर पर नगर व क्षेत्रवासियों को विशेष रूप से संदेश देते हुए कहा कि हमें अपने त्यौहारों को न केवल धार्मिक दृष्टि से मनाना चाहिए बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी आगे बढ़कर समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए। यही भारत की संस्कृति और हमारी असली ताकत है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि नवरात्रि केवल शक्ति की आराधना का पर्व नहीं है, बल्कि यह महिला शक्ति के सम्मान और समाज में नारी के महत्व को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि हमें इन नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों से यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि समाज में महिलाओं का सम्मान और संरक्षण सर्वोपरि है।

# त्रिवेणी ज्ञान प्रतियोगिता में आदित्य अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ओम कृष्णा सामाजिक सहयोग संगठन द्वारा आयोजित त्रिवेणी ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न वर्गों के विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।




विजेताओं को मिला सम्मान

समारोह में तहसीलदार धनराज सिंह मुख्य अतिथि और समाजसेवी डॉ. एनपी सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। इनके अलावा देवेंद्र सिंह, राधाकृष्ण कटियार, पूरन सिंह, सचिन प्रजापति, बृजमोहन गुप्ता सहित कई शिक्षाविद और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। बाल वर्ग में आदित्य कुमार ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वंशिका 70 प्रतिशत के साथ दूसरे और दिव्या 68 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग में रुद्र प्रताप 98 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल रहे। सूर्यांश सैनी 97 प्रतिशत के साथ द्वितीय और अथर्व वर्मा 96 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। तरुण वर्ग में प्रिंस राजपूत 92 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहे।

इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भी मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन रामजी पांडे ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र से हुआ।

## क्षेत्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**कोतवाली देहात।** जिला सैनी समाज की ओर से क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि को ज्ञापन दिया गया। जिसमें नगीना विधानसभा थाना कोतवाली देहात के ग्राम रोशनपुर प्रताप में दुर्घटना हुई थी। पुलिस ने उल्टा ही 26 लोगों पर नामजद व 150 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। पुलिस ने मारपीट एवं सरकारी काम में बाधा डालने पर मुकदमा दर्ज किया था। जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार सोनू सैनी ने कहा समाज के लिए मैं हर वक्त तैयार हूं। मुझे अपने समाज के लिए अपना खून भी देना पड़े, तो मैं हर वक्त तैयार हूं। हर व्यक्ति के लिए मेरे घर के दरवाजे हर वक्त खुले रहते हैं। हर व्यक्ति के लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा। इय मौके पर सूरज सैनी, सोनू सैनी, आदित्य सैनी, युवराज सैनी, नितिन सैनी, चेतन, राजकुमार, बलराज, मोहन, राकेश शेट्टी, शिवम, संतराम, मुकेश, महावीर, रामवीर, दीपक, महेश, गौरव, अनुज, रजत, विकास आदि मौजूद रहे।

## गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में दो गिरफ्तार

**चांदपुर।** 23 सितम्बर को ग्राम तखतपुर मे नहर के पास एक खेत में गौवंशीय अवशेष मिलने से हिंदू समाज में रोष फैल गया था तथा वे पुलिस से गौवंशीय पशुओं को वध करने वालों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इसी मामले मे पुलिस ने मुखबिर की मिली सूचना पर ग्राम अम्हेड़ा रोड स्थित मिल चौकी शुगर मिल रोड पर वाहन चैकिंग के दौरान आगे पीछे एक साथ दो मोटर साईकिलों पर सवार पांच युवकों को रोकना चाहा तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाब में गोली चलाई तो दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गये। लेकिन इस बीच उनके तीन अन्य साथी भागने मे कामयाब हो गये। जिनकी खोज मे पुलिस टीम जुट गई है। पुलिस ने घायल दोनो को सीएचसी पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये दोनों युवकों के पास से दो अवैध तमंचे 315 बोर, 05 जिंदा, 02 खोका कारतूस 315 बोर, पशुओ के कटान के उपकरण एक लकड़ी का गुटका गोल, दो छुरी व दो चापड़ व एक स्पलैण्डर मोटर साईकिल बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों के नाम शहजाद पुत्र भूल्लन, भुल्लन पुत्र अल्ला दिया निवासीगण ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर बताये जबकि पकड़ मे आये अभियुक्तो ने अपने फरार साथियो के नाम अजीम उर्फ छंगा पुत्र याकूब, वसीम पुत्र याकूब निवासीगण ग्राम रसूलपुर नंगला थाना चांदपुर व एक अन्य नाम व पता अज्ञात बताये। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अभिुक्तों का कहना है कि वे अपने फरार साथियों के सहयोग से किसी सुनसान जगह पर गौवंशीय पशुओं को ले जाकर गौकशी कर मीट एक आल्टो कार में अजीम उर्फ छंगा व उसका भाई वसीम अपने दो तीन अन्य साथियों के साथ बेचने के चले गये थे।

# स्पीच ऑफ न्यूट्रिशन विषय पर सेमिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत स्पीच ऑफ न्यूट्रिशन पर सेमिनार का आयोजन धन्वन्तरि हेल्थ क्लब द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सेमिनार का शुभारम्भ मुख्य वक्ता संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी/स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल रहे । उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और यह पोषण से ही संभव है। संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल और नियमित व्यायाम- ये तीनों किसी भी युवा के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। छात्रों को जंक फूड से बचकर प्राकृतिक और पौष्टिक भोजन की ओर ध्यान देना चाहिए।

प्रो.शिवानी ने कहा कि अच्छा पोषण समग्र स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का अभिन्न अंग है। संतुलित आहार स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद करता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों के जोखिम को कम करता है। उचित पोषण मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है, मनोदशा और संज्ञानात्मक कार्य में सुधार करता है। इस सेमिनार के एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर प्रो. विपिन कुमार एवं प्रो.शिवानी रहे।

इस अवसर पर डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान, और समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों डॉ. अजय कुमार, अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, विभोर राजवंशी, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, डॉ. मौ. फैसल अंसारी, सुधीर कुमार , सुनील भारद्वाज, उज्ज्वल कुमार, विवेक कुमार, सौरभ कुमार, विमल कश्यप, ललित कुमार, निकिता रानी, निधि विश्नोई, सुरभि ढाका, राशि सिंह, गजेंद्र सिंह, विमल कुमार, डॉ. नितीश कुमार, निगम कुमार, जोमवीर सिंह, प्रदीप शर्मा आदि का सहयोग रहा।

एक नजर

## कृष्णा में आयुर्वेद आहार महोत्सव



**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ धनवन्तरी पूजन एवं हवन से किया गया। जिसमें यजमान के रूप में कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार सपत्नी, कालेज के चेयरमैन मनोज कुमार रहे। कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र आयुर्वेद आहार महोत्सव रहा, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 6 टीमें बनाकर आहार के 6 स्टॉल लगाए। सभी स्टॉल 'हींग गोगप्पे एवं मोजिटो मासटर्स, अमृत रसोई, चटोरे चैम्पस, लड्डू ए चाट, रस वारियर्स, अन्नपूर्ण अमृतम) की अध्यक्षता कॉलेज के शिक्षक चिकित्सकों ने की। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक कम्पनी स्पैन लैबोरैट्रीज़ ने भी आयुर्वेद के उत्पादों का प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम में सभी टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में डॉ. तेजेन्द्र एवं डॉ. निषा रैना की अहम भूमिका रही एवं टीम कॉरडीनेटर के रूप में डॉ. अजीत कुमार, डॉ. सुनीता, डॉ. इमरान, डॉ. शुभ्रांग, डॉ. गौरव, डॉ. शालिनी, डॉ. मनीशा, डॉ. भावना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**धामपुर।** स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत आज नगर पालिका परिषद धामपुर की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 156 घंटे महासफाई अभियान की शुरुआत की गई। सुबह आठ बजे नगीना चौक पर अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के नेतृत्व में पालिका सभासदों, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों, पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने सफाई अभियान चलाया। साथ ही नागरिकों को कूड़ा अलग-अलग देने और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत रोडवेज बस स्टैंड स्थित लाल केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में भी सफाई अभियान चलाया गया। यहां अधिशासी अधिकारी ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान नागरिकों ने भी अपने व्यवहार और आदतों में बदलाव लाने तथा स्वच्छता को जीवनशैली में शामिल करने का आश्वासन दिया।

## शिव मंदिर में माता रानी की चौकी



**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित शिव मंदिर मैढ़ सभा (सुनारों वाला शिव मंदिर) में नवरात्रों के अवसर पर महिला कमेटी की ओर से माता रानी की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक वर्मा और उनकी जागरण पार्टी ने किया। मधुर भजनों से मंदिर परिसर देर रात तक भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। मुख्य यजमान के रूप में डॉ. अंकुर वर्मा, सोनी वर्मा, सतीश वर्मा, सुमन वर्मा, नरेश वर्मा, उमा वर्मा, डॉ. शंकर भारद्वाज और रेनू भारद्वाज शामिल रहे। जागरण पार्टी ने 'ठुमक ठुमक चली आना मैया जी मेरे अंगना में', 'मुझे घुंघरू बना लीजिए मैया जी', 'पालकी में होके सवार मैया जी आई मेरे द्वार' और 'केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम श्रीराम जी से कह देना जय सियाराम' सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। चौकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इस दौरान दीपमाला वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, बीना वर्मा, नमीता वर्मा, उमा वर्मा, कंचन वर्मा, सोनी वर्मा, सुमन वर्मा, नेहा वर्मा, ज्योति वर्मा, अंबिका वर्मा, पायल वर्मा, पूजा वर्मा, शालिनी वर्मा, तनु वर्मा, पूनम वर्मा, प्रीति वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू भारद्वाज, मीनू आर्य, रीता शर्मा, पूजा शर्मा, रीता विश्नोई, रेनू तोमर, सोमवती और प्रेम. वती मौजूद रहीं। इसके अलावा डॉ. सुरेंद्र वर्मा, पंकज वर्मा, टिल्लू वर्मा, जितेंद्र वर्मा, गुड्डू, सुनील वर्मा, विजय वर्मा और रिंकू वर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। देर रात तक माता के जयकारों की गूंज वातावरण में बनी रही। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

## बालिकाओं ने किया बैंक का भ्रमण



**धामपुर।** उच्च कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खटाई की छात्राओं ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत पंजाब नेशनल बैंक का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राएं अध्यापिकाएं सुरुचि, सुधा और सोनाली के साथ बैंक पहुंचीं। छात्राओं ने बैंक प्रबंधक लीड धर्मराज से खाते खोलने, पैसे जमा करने और निकालने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने बैंकिंग से जुड़े अन्य कार्यों को भी समझा। इस अवसर पर बैंक कर्मचारियों ने बालिक. ाओं के प्रति सहयोगात्मक और स्नेहपूर्ण व्यवहार किया। विद्यालय की इंचार्ज कोऑर्डिनेटर डोली चौहान ने कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्राओं में न केवल ज्ञान का विकास होता है, बल्कि सीखने की जिज्ञासा भी बढ़ती है। उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद आवश्यक हैं। भ्रमण के दौरान अध्यापिकाएं सुधा, सोनाली और संजय कुमारी भी मौजूद रहीं।

## महिला को घर में घुसकर पीटा

**चांदपुर।** गांव जलीलपुर निवासी एक महिला अंगूरी देवी पत्नी कुलदीप सिंह ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका पति मेहनत मजदूरी करने के इरादे से अक्सर घर से बाहर रहता है। लेकिन उसके पीछे उसका चचेर ससुर रोहताश सिंह पुत्र देवीदास आये दिन उसके साथ गाली गलौच व मारपीट करता रहता है। मना करने पर जान से मार डालने की धमकी देता रहता है। 25 सितम्बर को सुबह लगभग आठ बजे के करीब प्रार्थिनी का पति जब अपनी मजदूरी करने चला गया तो और घर पर वे अकेली थी। तभी उसका चचेर ससुर रोहताश सिंह, प्रदीप, लवी, रिंकू पुत्रगण रोहताश आदि अपने अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर उसके घर पर चढ़ आये और उसके साथ बिना वजह ही गंदी गंदी गालियां देने लगे। गाली देने से मना करने पर इन सभी ने उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आस पास के लोग दौड़े और उन्होंने बचाया। आरोप है कि गांव वालों के आने पर यह सभी उसे आईंदा मौका मिलने पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग निकले। प्रार्थिनी को अब इन लोगों से हर समय जान-माल का खतरा बना हुआ है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते कहा गया है कि इन लोगों की मारपीट में उसके शरीर और पेट में गुम चोटे आयी हैं।


सम्भल। मिशन शक्ति के तहत एक दिन की डीएम बनी रहनुमा जनसमस्याओं की सुनवाई करते।

# बालिकाओं के हवाले रही एक दिन की पुलिस-प्रशासन की कमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महिला शक्ति को ओर सशक्त बनाने तथा नारी में आत्मविश्वास जगाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत सम्भल में बालिकाओं को एक दिन के लिए जिला पुलिस और प्रशासन की बागडोर सौंपी गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी सहभागिता को नई ऊंचाईयों को गति प्रदान करना रहा।

गुरुवार को विशेष आयोजन में चन्दौसी निवासी रहनुमा खान को एक दिन के जिलाधिकारी (डीएम) की जिम्मेदारी दी गई। वहीं, साक्षी चौहान को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बनाया गया। इसके अलावा संगीता कुमारी को अपर जिलाधिकारी (एडीएम) और नमरा नाज को पुलिस अधीक्षक (एसपी) का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान वर्ष 2020 में पहली बार शुरू किया गया था। इस साल भी नारी सुरक्षा व नारी सम्मान अभियान तहत सहभागिता करायी। जबकि इसके अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें समाज में आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कराना है। एक दिन की जिलाधिकारी बनीं रहनुमा खान ने डीएम कार्यालय पहुंचते ही अधिकारियों की बैठक बुलाई। उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए महिला सुरक्षा और जनहित से जुड़े मुद्दों पर दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सीता आश्रम पुलिस चौकी से पथरा मोड़ तक सड़क निर्माण, बच्चियों के लिए उच्च शिक्षा को वरीयता और किशोर अवस्था में बाल विवाह नहीं होना चाहिए देने के निर्देश दिए। जबकि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चन्दौसी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, जिला प्रोबेशन अधिकारी, एवं खंडविकास अधिकारी बनियाखेड़ाको तत्काल समस्याओं के निराकरण को आदेशित किया। रहनुमा ने कहा कि यह अवसर उनके लिए प्रेरणादायक है और वह आगे

## ○डीएम बनीं रहनुमा खान ने दिए निर्देश
## ○नमरा नाज बनीं पुलिस अधीक्षक

चलकर प्रशासनिक सेवाओं में जाकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। मुख्य विकास अधिकारी बनी साक्षी चौहान ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजनाओ महिला स्वरोजगार, स्वयं सहायता समूह और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर विशेष चर्चा की। पुलिस अधीक्षक बनीं नमरा नाज ने महिला सुरक्षा पर जोर देते हुए वूमेन हेल्पलाइन 1090 और महिला बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने की बात कही। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से न केवल महिलाओं को सम्मान मिल रहा है बल्कि समाज में उनकी भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने लोगों से मिशन शक्ति को जन आंदोलन बनाने का आहवान किया। इस अनोखी पहल ने बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार किया और यह संदेश दिया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

# गायब वृद्ध का तालाब में मिला शव

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** एक दिन पूव सांय से गायब वृद्ध का तालाब में उतराता शव मिला। लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना लगते ही काफी भीड़ लग गई। जबकि जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर आ गयी। पुलिस ने लाश निकलवाकर पहचान करायी। आधार कार्ड से उसकी पहचान हो गयी। परिजनों ने किसी कारवाई से इंकार कर दिया।

थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम सैंधरी में बृहस्पतिवार सुबह तालाब से एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गयी। शव बाहर निकलवाकर पहचान करायी गयी। मृतक की पहचान अनूप सिंह (75) पुत्र मन्दरासी के रूप में हुई है। मृतक24 सितम्बर की शाम से

## ○एक दिन से था गायब, परिजनों ने कार्रवाई से किया इंकार

लापता थे। ग्रामीणों के अनुसार अनूप सिंह कभी-कभी शराब का सेवन करते थे और मानसिक रूप से भी अस्वस्थ बताए जा रहे थे। 25 सितम्बर सुबह लगभग 10:30 बजे जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो तालाब में एक शव तैरता दिखाई दिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। शव की जेब से आधार कार्ड मिलने पर उसकी पहचान हुई। घटना की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने किसी भी पुलिस कार्रवाई से इनकार कर उसका अन्तिम संस्कार कर दिया।

# फर्जी कार्डों व काला बाज़ारी की पुष्टि पर भी डीलर पर कार्रवाई नहीं

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** राशन की काला बाज़ारी और फर्जी कार्डों पर आहरित किए गए खाद्यान्न मामले की पुष्टि होने के बाद भी आपूर्ति कार्यालय की चुप्पी से मामला गहराता जा रहा है। शिकायत कर्ता ने अब मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर गम्भीर आरोप लगाये है।

असमोली विकासखंड असमोली की ग्राम पंचायत बुकनाला में सरकारी राशन की कालाबाजारी का मामला गहराता जा रहा है,शिकायतकर्ता मोहम्मद अब्बास पुत्र स्व. हसन

## ○शिकायत कर्ता ने सीएम को शिकायत भेजकर लगाये गम्भीर आरोप

अब्बास ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर गंभीर आरोप लगाए हैं कि जांच में कालाबाजारी व फर्जी राशन कार्ड बनवाने की पुष्टि होने के बावजूद अब तक दोषियों पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है,शिकायत में कहा गया है कि गाँव में मात्र तीन हिंदू परिवार रहते हैं, लेकिन राशन डीलर द्वारा 33 राशन कार्ड हिंदुओं के नाम से बनवा लिए गए। इन्हीं फर्जी कार्डों के आधार पर राशन की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी की गई, इस मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी असमोली को सौंपी गई थी। जांच रिपोर्ट में न सिर्फ राशन की कालाबाजारी प्रमाणित हुई बल्कि कई काल्पनिक नामों से फर्जी राशन कार्ड बनाए जाने की भी पुष्टि हुई। रिपोर्ट में दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर विस्तृत विवेचना कराने की सिफारिश की गई मिलीभगत से रिपोर्ट को दबाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट जिला पूर्ति कार्यालय को भेजे जाने के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं करने और पूर्ति कार्यालय में तैनात क्लर्क सतराज सिंह और पूर्व पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार अवस्थी पर राशन डीलर और उसके सहयोगियों से सांठगांठ कर रिपोर्ट दबाने का आरोप लगाया है।

## सितम्बर में जून जैसी गर्मी

**सम्भल।** सितम्बर माह में भी गर्मी का रौद्र रूप कम नहीं हो रहा है। दोपहर को गर्मी का असर सड़कों पर देखने को मिल रहा है। गर्मी के कारण सडके सूनी हैं।

## बहला फुसलाकर युवती को लेकर युवक फरार

**असमोली।** घर में रखी नकदी समेत युवक युवती को बहला-फुसलाकर भगाकार अपने साथ ले गया। युवती के पिता की ओर से आरोपी के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी गई है।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम सेवापुर पदाथपुर निवासी अंकुल पुत्र धर्मवीर सिंह गांव की ही बीस वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगाकर अपने साथ ले गया। युवती के पिता की ओर से आरोपी के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर में युवती 50 हज़ार की नकद धनराशि भी अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। जबकि युवती को भगाने में सोनू पुत्र धर्मवीर और मनु व सलोनी पुत्रीगण धर्मवीर एवं दीपक पुत्र अमर सिंह का भी सहयोग का आरोप लगाया है।

## एक नज़र इधर भी


सिरसी-स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाते नगर पंचायत चेयरमैन कौसर अबबास।

## एक दिन एक घंटा स्वच्छता को निकाली बाइक रैली

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** पीएम मोदी के जन्म दिन पर एक दिन एक घंटा एक साथ 156 घंटा महा सफाइ अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के मददेनजर नगर पंचायत चैयरमेन कौसर अब्बास के नेतृत्व में मोटर साईकिल रैली निकाली गई। रैली नगर पंचायत से शुरू होकर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पर जाकर सम्पन्न हुई। जबकि ग्रीन पार्क में सफाई कार्य और जन जागरूकता हेतु शपथ दिलायी गयी। इस दौरान लिपिक रईस अहमद भी मौजूद रहे।

## डीआईजी ने गोष्ठी में दिए मिशन शक्ति सफल बनाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस लाइन बहजोई में पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुनिराज ने जिले के सभी थानों के मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गयी एवं मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाये जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई,अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## भगवान श्रीराम के धनुष भंजन करते ही सीता माता ने डाली वरमाला

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** श्री रामलीला में सीता स्वयंवर एवं धनुष यज्ञ का कलाकारों द्वारा बड़ा ही सुंदर मंचन किया गया। मंचन में राजा जनक का भव्य दरबार सजा हुआ है। एक ओर सिंहासन है और दूसरी ओर एक विशाल और अलंकृत धनुष रखा हुआ है, जिसे उठाने का प्रयास कर रहे कई राजा और राजकुमार असफल होकर थक चुके हैं। धनुष के पास ही एक ऊँचा मंच बना था जहाँ सीता अपनी सखियों के साथ बैठी हुई थी।जब सभी वीर अस्फ़ल हो जाते हैं, तो सभा में सन्नाटा छा जाता है। राजा जनक निराश होकर कहते हैं, क्या यह पृथ्वी वीरों से खाली हो गई क्या कोई भी ऐसा वीर नहीं जो मेरी पुत्री के योग्य हो। उनकी यह बात सुनकर सभा में बैठे सभी राजा और राजकुमार अपमानित महसूस करते हैं। तब गुरु विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम उस शक्तिशाली धनुष को एक हाथ से ही उठाकर तोड़ देते हैं। सीता जी ने श्रीराम के गले मे जयमाला डाल दी।


सम्भल। एक दिन एक घंटा 156 घंटे स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाते भाजपा जिलाध्यक्ष।

# नगर पालिका ने शुरू किया स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल** नगर पालिका परिषद के 1 दिन 1 घंटा एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 156 घंटे के लिए शुरू किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने सम्पूर्ण स्वच्छता और श्रमदान की शपथ दिलायी।

अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी के नेतृत्व में अंत्योदय तथा एकातम मानववाद के प्रणेता पं. दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर कुरूक्षेत्र मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने भाजपा कार्यकर्ताओं ओर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। नगर पालिकि के दो क्षेत्र के दो सीटीयू क्लीनियस टार्गेट यूनिट को सम्पूर्ण स्वच्छता हेत प्राथमिकता के तौर पर कुरूक्षेत्र मैदान जहां दशहरा मेले का आयोजन प्रस्तावित है चयनित किया। जबकि दूसरा महामृत्युंजय तीर्थ के आसपास के परिसर मैदान और कुंड की सफाई कार्यक्रम रहा, जबकि कार्यालय स्टाफ और सफाई कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमदान किया। इस दौरान ई ओ डा. मणि भूष तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समुदाय में एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।इस अभियान के तहत नगर वासियों को जागरूक किया गया कि वे भी इस अभियान में श्रमदान देकर प्रतिभाग करें। इसका उद्देश्य नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, जिसमें सुखा और गीला कचरा अलग-अलग करके अलग-अलग डस्टबिन में रखें। सभी नगरवासी एक साथ मिलकर योगदान दें। स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों के साथ वार्ड सभासदों ने व दशहरा कमेटी से जुड़े नागरिको ने सहभागिता की। दोनों ही स्थलों पर एक घंटो लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्स लिया और दोनों स्थलों की सफाई करते हुए एकत्रित कचरे को एमआरएफ सेंटर व कचरा डंम्पिंग स्टेशन पर भेजा गया। इस मौके पर सौरभ गुप्ता, गगन वार्ष्णेय, हरिओम गम्भीर, कमलकांत तिवारी, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# महाप्राण वायु को घंटे को सदृश्य गति प्रदान करती है मां चन्द्रघंटा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** माँ दुर्गा स्तवन की 91वीं कड़ी के चौथे दिन मां चन्द्रघंटा की आराधना कर कन्या पूजन कर हवन में आहूतियां प्रदान की गईं।

मौहल्ला पंजू सराय स्थित दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पर आध्यात्मिक गुरु प. राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत श्रृषभ सैनी व अंजलि सैनी द्वारा माँदुर्गा के तृतीय स्वरुप माता चन्द्रघंटा को तीन वर्ष की कन्या का पूजन कर पान सुपारी ध्वजा नारियल फल मेवा अष्टगंधा शुद्व घी व शहद से इक्कीस हजार छ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्वि श्रीकल्कि के प्राकटय को प्रार्थना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की देव दुर्लभ मानव शरीर नाभि कुण्ड में स्थित मणिपूर चक्र में वृह्मा जी का वास माना जाता हैं। यही नाडीयो का बडा समूह यही से गर्भावस्था के दोरान जीव को पोषण रस प्राप्त है। जिसे पाकर सूक्ष्म शरीर कारण शरीर की सत्ता में स्थूल शरीर का निर्माण करता है। सूक्ष्म शरीर मे यह स्थान मणिपूर चक्र और वृह्माण्ड मे इसी को स्वलोक के नाम से जाना जाता है। इस लोक अथवा इस चक्र की अधिपति माँ चंद्रघटा घंटे की टनकोर सामान गति प्रदान करती है। आदिशक्ति यह महत्वपूर्ण स्वरुप रुप जगत में निवास करने बाली होकर मानव को उसके प्रारब्ध अनुसार जीवन शक्ति प्रदान करती है। सृष्टि जितनी भी देह निर्माण होती है। माता चन्द्रघटा उतने अंशो में विभक्त होकर देह संचालित करती हैंइस मौके पर डा. सुरेश चन्द्र सैनी रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा ज्वालेश श्रीमाली आदि मौजूद रहे।

# सभी ग्राहकों को नहीं मिल पा रहा जीएसटी का लाभ

शाहे टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सरकार ने 22 सितंबर से रोजमर्रा की चीजों के साथ-साथ जरूरी वस्तुओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत या जीरो कर दी गई। जिससे काफी जरूरी सामान के दामों में कमी आई है। सरकार के इस फरमान को सुनकर आम लोगों मैं जहां खुशी का माहौल है वहीं ग्राहक जब दुकान पर रोजमर्रा की चीज जैसे बिस्किट तेल साबुन इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि लेने जब दुकान पर पहुंचते हैं तो दुकानदार उन्हें ग्राहकों को पुराने रेट में ही सामान देते हैं जिससे ग्राहक और दुकानदार के बीच बहस भी होती है दुकानदार कहते हैं जब तक हमारे पास पुराने रेट का समान है हम उसी रेट में देंगे जबकि सामान बनाने वाली कंपनियों ने अपने व्यापारियों से कहा है कि वह नई जीएसटी दरो मे ही समान ग्राहकों को दें और उसकी भरपाई कंपनी करेगी उसके बावजूद भी आम आदमी अभी भी रोजमर्रा की छोटी-छोटी वस्तुओं को पुराने ही जीएसटी दर में खरीदने को मजबूर है।

## कर करेत्तर प्रर्वतन कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कर करेत्तर/न्यायालय, राजस्व वाद, एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न संबंधित विभागों की समीक्षा की गयी। उद्योग विभाग, मंडी आय एवं मंडी आवक को लेकर जानकारी ली गयी एवं औषधि विभाग की प्रगति के विषय में भी जानकारी प्राप्त कर खनन,परिवहन, आबकारी विभाग की जानकारी ली।


सम्भल-गोशाला में गोसवा करते पूर्व चेयरमैन नुसरत इलाही।

# देश को आगे बढ़ाने के लिए करें कार्य

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जनसंघ संस्थापक पं. दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिन पर भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चेयरमेन हाजी नुसरत इलाही ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सय्यद शान अली के साथ कस्बा सिरसी की गौशाला पहुंचकर गायों को दुलारा और उन्हे चारा आदि का सेवन कराकर गोसेवा के लिए लोगों को प्रेरक संदेश दिया।इस दौरान हाजी

## पूर्व चेयरमैन ने दिलाया गोसेवा का संकल्प

नुसरत इलाही जामई ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है उनके सेवा कार्य समाज को आगे बढ़ाने का काम करते है आज उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। उन्होने देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने के साथ गोसेवा करने का भी संकल्प दिलाया।


पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर पुष्पांजलि करते भाजपा कार्यकर्ता।

## पं. दीनदयाल को जयंती पर किया याद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के सर्राफा बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयंती पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया। भाजपा नेता दिनेश कौशल ने कहा कि अंत्योदय के उपासक भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, श्र)य पंडित दीनदयाल उपाधयाय का पूरा जीवन राष्ट्रीय एकात्मता और समाज के हर वर्ग की उन्नति के लिए समर्पित रहा। भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय ने कहा कि उनका एकात्म मानव दर्शन सांस्कृतिक विकास और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, वंचितों व शोषितों की सेवा के लिए हम सभी को अथाह प्रेरणा देता है।आज उनकी जयंती पर उन्हें विनम्र नमन करते हैंइस दौरान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रैली निकालकर छात्राओं ने किया जागरूक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर प्रदेश सरकार की ओर से मिशन शक्ति के पांचवें चरण रैली के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को उनके स्वाभिमान, अधिकार व सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। नगर गुन्नौर में डीएनए इंटर कॉलेज की छात्रओं की ओर से रैली निकाल कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं की ओर से जागरूक रैली निकाली गई। जिसकी अगुवाई सीओ गुन्नौर आलोक सिद्दू,कोतवाल गुन्नौर अखिलेश प्रधान ने की। महिला एसआई अपर्णा बंसल ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के स्वावलंबन का प्रतीक है, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी और जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लेने के लिए जागरूक किया।

## अपनी सुरक्षा के लिए अवश्य लगाएं हेलमेट

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बिना हेलमेट पेट्रोल न देने के विशेष अभियान चलाये जा रहे यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों ने अलग अलग थाना प्रभारी द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर चेकिंग कर वाहन सवारों को अभियान के तहत हेलमेट प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।यह विशेष अभियान (01 सितम्बर-30 सितम्बर) तक चलाये जा रहे यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने जनमानस व चालकों को जागरुक करते हुए बताया कि स्वयं सुरक्षित तो परिवार सुरक्षित। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने का महत्व समझाया गया। चालकों से अपील की गई कि स्वयं हेलमेट का उपयोग करें व अन्य को भी प्रेरित करें।

# सतयुग से कलयुग तक स्वर्णकार समाज का एक महत्वपूर्ण स्थान: नगर मजिस्ट्रेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अजमीढ़ महाराज की जयंती पर आयोजित समारोह में स्वर्णकार बंधुओं से एक मंच पर रहकर राजनैतिक क्षेत्र में सहभागिता कर देश व समाज की मजबूती के लिए कार्य करने पर ज़ोर दिया गया।

मुरादाबाद रोड स्थित मेढ़ कुनबा पत्रिका के तत्वावधान में स्वर्णकार सम्मान समारोह व परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत मां सरस्वती, भारत माता व अजमीढ़ महाराज जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मां सरस्वती की वंदना, भगवान गणेश की स्तुति व अतिथियों के आदर-सत्कार में स्वागत गान प्रस्तुत कर जमकर वाह-वाही लूटी। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने कहा कि आज सभी स्वर्णकार बंधु अजमीढ़ महाराज जी की जयंती पर यहां उपस्थित हुए। अजमीढ़ महाराज हमारे कुल देवता है, यह हम स्वर्णकार समाज के आराध्य है। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज का इतिहास सदियों पुराना है, इतिहास गवाह है कि सतयुग से लेकर आज कलयुग में भी स्वर्ण समाज का एक महत्वपूर्ण स्थान है। स्वर्णकार समाज सदैव राष्ट्र और समाज के हित में कार्य करता हैं । हमारे समाज की एक एकता राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें राजनीतिक क्षेत्र में भी सहभागिता करनी चाहिए ताकि इससे हमारा देश और समाज दोनों मजबूत हो। लेकिन इसके लिए समस्त समाज को एक मंच पर एकत्रित होना होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश वर्मा ने कहा कि महाराज अजमीण मैंढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज से है, जिन्हें इस समाज का आदि पुरुष माना जाता है। वे मर्यादा पुरुषोत्तम राम के समकालीन और


सम्भल। अजमीढ़ महाराजा जयंती पर समारोह को सम्बोधित करते।

उनके मित्र थे, जिन्होंने हस्तिनापुर के राजा श्रीहस्ति के सबसे बड़े पुत्र के रूप में जन्म लिया था। वे आभूषण बनाने के शौकीन थे, जिसका व्यवसाय उनके वंशजों ने आगे बढ़ाया। इस दौरान समाज सेवियों, पत्रकारों और वयोवृद्धों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उमाशंकर वर्मा, राजेश वर्मा , सुधांशु वर्मा ,दीपक सोनी, सचिन वर्मा , दीपक वर्मा, प्रवीण वर्मा (गुल्लू) ,ठाकुरदास वर्मा, दुष्यंत,रमेश चंद्र वर्मा, नत्थू लाल वर्मा, सुमित सोनी, हर्ष वर्मा ,दीपक शर्मा, सुमन वर्मा , सोनू वर्मा, प्रभात सर्राफ,मयंक सर्राफ, सुनील वर्मा, सुनील रस्तोगी, पुरुषोत्तम शरण वर्मा, प्रदीप वर्मा (प्रताप), हरिओम वर्मा, गीता वर्मा ,नवीन वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, मूलचंद वर्मा, वंदना वर्मा, चंचल वर्मा, भावना वर्मा, संजय वर्मा ,कमल वर्मा, सचिन वर्मा, महानंद वर्मा, नवीन वर्मा,आदित्य वर्मा, विशाल वर्मा , ज्वाला प्रसाद, राहुल वर्मा, राखी वर्मा आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार वर्मा ने की व संचालन कु. अदिति वर्मा व विकास कुमार वर्मा ने संयुक्त रुप से किया।

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के ग्रोथ सेंटर के जंगलों में पिछले कई महीनों से आतंक मचाने वाले तेंदुए को आखिरकार वन विभाग की टीम ने गुरुवार को पकड़ लिया। ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और तेंदुए के हमलों की बढ़ती घटनाओं के चलते वन विभाग ने इलाके में विशेष अभियान चलाया था। गुरुवार की सुबह लगाए गए पिंजरों में से एक में अचानक तेंदुआ फंस गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया।बताया जा रहा है कि हाल ही में नागलिया गांव में तेंदुए ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल और गहरा गया था। खेतों में काम करने वाले लोग शाम ढलते ही घर लौट आते थे और कई दिनों से बच्चे व महिलाएं जंगल या सुनसान रास्तों पर जाने से डर रही थीं। ग्रामीणों ने लगातार वन विभाग से गुहार लगाई, जिसके बाद विभाग ने इलाके में निगरानी और गश्त तेज कर दी थी।गुरुवार को जैसे ही तेंदुए के पिंजरे में फंसने की खबर फैली, आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोग पिंजरे में कैद तेंदुए को देखने के



लिए भीड़ लगाकर खड़े हो गए। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस टीम भी पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पकड़ा गया तेंदुआ शायद अकेला नहीं है। उनका अनुमान है कि जंगल में उसके परिवार के अन्य सदस्य भी हो सकते हैं, क्योंकि पिछले दिनों कई बार अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए के देखे जाने की सूचना मिली थी। इसी वजह से ग्रामीण पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं और अब भी सतर्कता बरत रहे हैं।वन विभाग के रेंजर रिजु कंसल ने बताया कि पकड़े गए तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है और फिलहाल उसका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा विभाग की प्राथमिकता है और इसीलिए जंगलों में गश्त को और बढ़ाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इलाके में अन्य तेंदुए पाए गए तो उन्हें भी सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में स्थानांतरित किया जाएगा।ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की वजह से गांव में लंबे समय से दहशत फैली हुई थी। बच्चे स्कूल जाने से डरते थे और महिलाएं खेत या जंगल किनारे के काम करने से बच रही थीं। तेंदुए के पकड़ने से कुछ राहत जरूर मिली है लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है।फिलहाल तेंदुए के सुरक्षित पकड़ में आने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

लोग वन विभाग की टीम के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। वहीं, विभाग ने भी आश्वासन दिया है कि निगरानी लगातार जारी रहेगी और ग्रामीणों को किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी।इस घटना ने एक बार फिर साबित किया है कि मानव बस्तियों के नजदीक जंगलों में वन्यजीवों की आवाजाही लोगों के लिए खतरा बन सकती है। हालांकि वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने इस बार बड़ी राहत दी है।

# टीईटी के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**कांठ (शाह टाइम्स)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व में आरटीई एक्ट 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी (अध्यापक पात्रता परीक्षा) से मुक्त रखने के संबंध में सांसद रुचिवीरा (लोकसभा-06 मुरादाबाद )को ज्ञापन दिया। जिसमे कहा गया कि टीईटी को पूरी तरह से रदद् किया जाए। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रताप सिंह , संजय सिंह,डॉ कपिल सिरोही, राकेश कौशिक,उपेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, दुष्यंत यादव, हिमांशु वशिष्ट, आलोक मलिक, इकमान अली,रविन्द्र सिंह, कुलदीप शर्मा, सुधीर, दिनेश सैनी, विघ्ननेश कौशिक,मुकेश आनंद, देवेश चक्रवर्ती, प्रियंक त्यागी, मुनेन्द्र यादव, सतेंद्र सिंह, सुख स्वरुप गुप्ता,उस्मान अली, मनोज, राजकुमार, मयंक सैनी,आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चलाया सफाई अभियान और किया पौधारोपण



**कांठ (शाह टाइम्स संवाददाता)।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता वीर सिंह सैनी की देखरेख में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई जिसमें बूथ संख्या 169 पर स्वच्छता अभियान चलाया गया कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माला अर्पण कर उन्हें नमन किया और पौधारोपण करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सभी को एकजुट होकर स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर वीर सिंह सैनी जिला प्रतिनिधि डॉक्टर अंगद चौहान राजाराम सैनी अमित सैनी जयवीर सैनी समरपाल प्रजापति नीरज सैनी हरपाल सिंह सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चंद्र एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रति. निधियों के साथ मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही साफ सफाई को दुरुस्त बनाए रखने के लिए भी उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक तीन माह में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस का निरीक्षण करने के निर्देश हैं।

# नगर पंचायत पाकबड़ा में चलाया स्वच्छता अभियान, किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बृहस्पतिवार को नगर पंचायत पाकबडा में 1 दिन 1 घंटा एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवाष अभियान के तहत 156 घंटे के लिए आयोजित किया गया था। इस दौरान अधिशासी अधिकारी, चेयरमैन, सभासदगण, कार्यालय स्टाफ और सफाई कर्मचारियों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमदान किया।

इस अभियान के तहत नगर वासियों को जागरूक किया गया कि वे भी इस अभियान में श्रमदान देकर प्रतिभाग करें। इसका उद्देश्य नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, जिसमें सुखा और गीला कचरा अलग-अलग करके अलग-अलग डस्टबिन में रखें। सभी नगरवासी एक साथ मिलकर योगदान दें। श्रमदान कार्यक्रम में चेयरमैन मोहम्मद याकूब,अधिशासी अधिकारी विजय आनंद,सभासद वार्ड एक रोहित सैनी,वार्ड 2 बंटी सिंह,वार्ड



8 हाजी सरताज,लिपिक हिमांशु चौहान,भाजपा जिला युवा मोर्चा जिलामंत्री सुमित दिवाकर,दानिश मलिक, जितेंद्र गोला, केशव गोस्वामी, इरशाद, पंकज सैनी, पुष्पेंद्र सिंह, सलमान, आजम, खान, सद्दाम हुसैन, सफाई नायक राजन, सचिन, संजीव, अजय, कुंवरपाल आदि लोग शामिल हुए। इस तरह के आयोजन से न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समुदाय में एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है।

# बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की दो दिवसीय बालिका संकुल प्रतियोगिता का डीएसएम में शुभारंभ

**कांठ (शाह टाइम्स संवाददाता)।** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के तत्वाधान में आज डी एस एम इंटर कॉलेज के मैदान में दो दिवसीय बालिका संकुल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ डी एस एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कुमार देव अवस्थी एवं बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ की प्रधानाचार्या डॉ अंजना शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिताओं में बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, डी एस एम इंटर कॉलेज, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज एवं जी आई सी मानपुर की छात्राओं ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़ में बिहारी आदर्श की इंशा, 200 मीटर में डी एस एम की मुस्कान, 400 मीटर में बिहारी आदर्श की कनिका, 800 मीटर में डी एस एम की निशू, भाला फेंक में बिहारी आदर्श की अर्शी, हैमर थ्रो में बिहारी आदर्श की नंदिनी, गोला तथा चक्का फेंक में बिहारी आदर्श की वैशाली, लंबी एवं ऊंची कूद में बिहारी की कनिका ने



प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जीआईसी मानपुर की महिमा चौधरी, 200 मीटर में श्री कृष्ण इंटर कॉलेज की नीतू, 400 मी में बिहारी आदर्श की कामिनी, 800 मीटर में जीआईसी मानपुर की महिमा चौधरी, भाला फेंक में बिहारी आदर्श की शमा, हैमर थ्रो तथा गोला फेक में बिहारी आदर्श की फारिया, चक्का फेंक में जीआईसी मानपुर की अलशिफा, लंबी कूद में जीआईसी मानपुर की महिमा चौधरी तथा ऊंची कूद में डी एस एम की रुचि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग में 100 मीटर तथा 200 मी दौड़ में जीआईसी मानपुर की पलक प्रथम स्थान पर रही। लंबी कूद में बिहारी आदर्श की आयुषी तथा ऊंची कूद में बिहारी आदर्श की जय चौहान प्रथम स्थान पर रही। परिणाम घोषणा एवं मंच का संचालन चंद्रप्रभा देवी ने किया। खेल प्रतियोगिताओं में डॉ सतपाल सिंह, वासु, हरिनाथ यादव एवं शिखा प्रजापति आदि का विशेष सहयोग रहा

### एक घंटा एक साथ एक दिन श्रमदान के तहत की जगह-जगह सफाई



**कांठ (शाह टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी के नेतृत्व में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत एक घंटा एक साथ एक दिन श्रमदान का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्कूल धार्मिक स्थलों एवं अलग-अलग जगह पर सफाई की गई। इस कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एंबेसडर एवं कार्यालय स्टाफ कर्मियों द्वारा सफाई कार्यक्रम आयोजित हुआ महमूदपुरा जूनियर हाई स्कूल के विद्यार्थियों को सुखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग करने हेतु जागरूक किया गया। सफाई अभियान में अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल स्कूल के प्रधान अध्यापक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने किया स्वच्छता ही सेवा विषय पर रैली का आयोजन

**मुरादाबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम कार्यालय मुरादाबाद से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, अभिभाविकों एवं क्षेत्र के निवासियों ने प्रतिभाग किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय , मुरादाबाद द्वारा पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, मुरादाबाद में किया गया है । इस आयोजन की जानकारी से लैस प्रचार वाहन को संयुक्त कमिश्नर नगर निगम मुरादाबाद निशा मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सागर कुमार ने बताया कि प्रचार वाहन के साथ पोस्टर , पंपलेट का वितरण किया गया है एवं जगह-जगह बैनर लगाकर लोगों को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर आयोजित होने वाली चित्र प्रदर्शनी देखने के लिए आमंत्रित किया गया । प्रचार वाहन के साथ जीवन ज्योति नृत्य नाट्य संस्थान के द्वारा नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से घूम घूम कर लोगों को इस कार्यक्रम के विभिन्न विषयों से संबंधित जानकारी दी गई है। 3 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 26 और 27 सितंबर को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गोष्टी, मैजिक शो, विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 27 सितंबर तक जारी इस प्रदर्शनी में एंट्री नि:शुल्क है।

### मामूली कहासुनी पर धारदार हथियार से कर दिया हमला, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ (शाह टाइम्स संवाददाता)** मामूली कहासुनी पर बात इतनी बढ़ गई के युवक ने हमला कर दिया घायल को इलाज के लिए मुरादाबाद भर्ती कराया गया है। मामला थाना क्षेत्र के गांव दुम्हेला का है वहां के विकास पुत्र गंगाराम का कहना है कि शाम करीब 5:00 बजे उसके चाचा नन्हे पुत्र राम सिंह अपने खेत से घर की तरफ आ रहे थे रास्ते में महिपाल मिल गया तथा चाचा और महिपाल में किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई इस बात पर नाराज महिपाल पुत्र बुद्ध सिंह ने गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया जिससे नन्हे बेहोश हो गए जिनको बेहोशी की हालत में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां से उन्हें मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया गया। नन्हे के भतीजे विकास की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# टीएमयू सीटीएलडी के ब्रेन मंथन में बीए-बीएड की प्रॉक्सी टीम अव्वल

प्रतियोगिता ब्रेन मंथन 5.0 में बीटेक सीएसई-एआई की टीम एस्पायर सेकेंड, जबकि बीटेक, टीसीएस- डीएस की टीम एल्फा रही थर्ड





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट सीटीएलडी की वार्षिक प्रतियोगिता ब्रेन मंथन 5.0 में बीएबीएड के अतिन्द्र कुमार झा, शशांक, विशाल की टीम प्रॉक्सी विजेता रही। बीटेक सीएसई-एआई के राजेश नाथ त्यागी, दिव्यांश त्यागी, मोहम्मद सालिक की टीम एस्पायर सेकेंड, जबकि बीटेक टीसीएस- डीएस के अंशिका जैन, मोहित यादव, निखिल कुमार की टीम एल्फा तीसरे स्थान पर रही। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि और नासकॉम इंडिया की डिप्टी डायरेक्टर सुश्री प्रियंका बिष्ट ने बतौर विशेष अतिथि विजेता टीमों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रो. मंजुला जैन, विशेष अतिथि सुश्री प्रियंका विष्ट, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में ब्रेन मंथन 5.0 का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि प्रो. मंजुला जैन ने कहा, ऐसी प्रतियोगिताएं स्टुडेंट्स में समस्या समाधान, टीमवर्क, और त्वरित निर्णय क्षमता को विकसित करती हैं। यह आज के प्रतिस्पर्धी युग में अनिवार्य हैं। सुश्री प्रियंका बिष्ट ने कहा, 21वीं सदी का पेशेवर परिदृश्य डिजिटल स्किल्स, इन्नोवेशन और क्रिटिकल थिंकिंग पर आधारित है। इस तरह की गतिविधियां स्टुडेंट्स को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करने का उत्तम माध्यम है। सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, ब्रेन मंथन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह स्टुडेंट्स को आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और रचनात्मकता की ओर ले जाने वाला एक मंच है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र अपनी कल्पनाशक्ति और तार्किक सोच का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है, ब्रेन मंथन 5.0 में तीन चरण- ज्ञानसूत्र, चतुर चक्रव्यूह और मंथन महायुद्ध हुए। ज्ञानसूत्र के तहत लिखित परीक्षा में तार्किक क्षमता, सामान्य ज्ञान, गणितीय कौशल के एमसीक्यू के जरिए स्टुडेंट्स के आईक्यू को परखा गया। इसमे सफल शीर्ष 30 टीमों का चयन हुआ। सेकेंड चरण- चतुर चक्रव्यूह में प्रतिभागियों ने रिडल्स, लॉजिकल रीजनिंग और डेटा एनालिसिस सरीखी जटिल पहेलियां सुलझाईं। इसमें सफल शीर्ष 6 टीमों ने फाइनल में प्रवेश पाया। अंतिम चरण मंथन महायुद्ध का फाइनल ऑडिटोरियम हुआ। इसमें पिक्चर आइडेंटिफिकेशन, मेमोरी बेस्ड प्रश्न, निर्णय क्षमता और गतिविधि आधारित चुनौतियां शामिल रहीं।

फाइनल राउंड में छात्रों ने त्वरित सोच, आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति और टीमवर्क के जरिए जीत दर्ज की। इस अवसर पर सीटीएलडी के एग्जिक्यूटिव टेनर्स- कार्यक्रम समन्वयक एवम् श्री दीपक कटियार, सह- समन्वयक एवम् क्विज मास्टर सुश्री अन्वेशा सिसोदिया के संग-संग विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कुंदनपुर में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा लगातार विभिन्न चिन्हित स्थलों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित करके बेटियों और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। महिला कल्याण की टीम द्वारा मुरादाबाद शहर स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार कुंदनपुर पहुंचकर छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के महत्व और उद्देश्य के बारे में भी बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से उन्हें आवागमन के दौरान होने वाली सामान्य तौर पर समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई साथ ही बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता भी बताई गई। छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1098, 1076 के साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मिशन शक्ति के अंतर्गत 22 सितंबर से 90 दिवस के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



इस जागरूकता अभियान में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, नगर विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संस्कृति विभाग, पंचायती राज, ग्रामीण विकास और परिवहन विभाग सहित विभिन्न विभागों को जागरूकता गतिविधियां आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी जानकी आर्या, विद्यालय की प्रधानाचार्य मुग्धा अग्रवाल, मनो सामाजिक परामर्श दाता तनीषा दिवाकर, ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की अध्यक्ष रीता सिंह केस वर्कर जिल्लेहुमा आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति जागरूकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर स्थित एवरग्रीन पब्लिक इण्टर कालेज में थाना कुंदरकी की ओर से मिशन शक्ति जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। थाना कुंदरकी एण्टी रोमियो स्क्वायड की प्रभारी उप निरीक्षक वंदना रस्तोगी ने छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान तथा सेवा के लिए सदैव तत्पर है। विद्यालय के प्रवक्ता नजबुल हसन ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं को आपातक. ालीन नंबर याद रखने चाहिए। 1090 1098 1076 181 112 100 नंबर यह सभी बहुत महत्वपूर्ण नंबर है। आपातकाल में आप इन नंबरों का प्रयोग कर सकते हैं। महिला कांस्टेबल मनीषा यादव ने बताया कि किसी भी छात्र-छात्रा का कोई विद्यालय आने जाने में परेशानी हो तो वह व्यक्तिगत रूप से थाना कुंद. रकी में सूचना दे सकती हैं सूचना देने वाले का नाम गोपनी रखा जाएगा। इस अवसर पर कांस्टेबल विनोद प्रधानाचार्य शबाना, शिक्षक नजबुल हसन शाहनवाज हैदर अभिषेक वर्मा पुष्पेंद्र सिंह अर्पित सिंह समीना फरहीन राजदा नूरी शमा तस्मिया फात्मा मुस्कान सामिया मीना नमरा इल्यास आदि नूरी शमा उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | SNT-SIG-KGFYARD-WeighBr सिग्नल्लिंग अल्टरेशन एट KGF स्टेशन फॉर E.I.M.W.B | 8356781.27 | 167100.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |
| 2 | SNT-AMC-Medha-EI-MB-2024 कोम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ ई आई इक्विपमेंट (मेधा मेक) एट 19 स्टेशन ऑफ मुरादाबाद डिवीजन फॉर थ्री इयर्स | 52403264.64 | 412000.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |
| 3 | SNT-SIG-DLP-YARD2023-24 कॉमन यूजर ट्रैफिक फेसेलिटिस फॉर GCT टो डेवलप्ड एंटीइरेली ओन रेलवे लैंड अत दलपतपुर | 13957254.82 | 219800.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना- SNT-Sig-KGF,AMC-Medha,DLP Yard-2023-24 दिनांक 25.09.2025 2977/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र संजीव को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में संजीव के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुक. दमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री मदन सिंह निवासी महबुल्लागंज शिव मंदिर वाली गली तहसील व जिला मुरादाबाद।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 3297668 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। अजय कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी बोवदवाला ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 3297696 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **दीपक कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम बोवदवाला ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अर्जुन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अर्जुन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती चंद्रवती पत्नी स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश निवासी 147, देहरी गांव तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने सबसे छोटा पुत्र विजयपाल सिंह व पुत्रवधू श्रीमती पिंकी उर्फ रीना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। रामचन्द्र पुत्र मोहन सिंह व श्रीमती कस्तूरी देवी पत्नी राम चन्द्र निवासीगण ग्राम मुड़िया राजा तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।

# नागफनी और कटघर थाना पुलिस ने वाहनों की नीलामी कर लाखों का राजस्व किया प्राप्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन एवं न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में ऑपरेशन क्लीन-2 के तहत जनपद पुलिस ने लावारिस, माल मुकदमाती एवं एमवी एक्ट के अंतर्गत पकड़े गए वाहनों की नीलामी कर राजस्व प्राप्त किया है।थाना कटघर पुलिस ने एसीएम प्रथम, क्षेत्राधिकारी कटघर एवं आरआई आरटीओ की मौजूदगी में थाना परिसर में वाहन नीलामी की कार्यवाही की।

इस दौरान कुल 21 लावारिस वाहन एवं 29 वाहन एमवी एक्ट के तहत जब्त किए गए, जिन्हें नियमानुसार नीलाम किया गया। नीलामी से पुलिस विभाग ने कुल 4 लाख 59 हजार रुपये का राजस्व अर्जित किया।वहीं दूसरी ओर थाना नागफनी पुलिस ने भी न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए वाहन नीलामी की कार्रवाई की। एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी कोतवाली एवं आरआई आरटीओ ऑफिस की मौजूदगी में कुल 10 वाहनों की नीलामी की गई। इनमें से 4 वाहन माल मुकदमाती तथा 6 वाहन एमवी एक्ट के तहत जब्त किए गए थे। इन वाहनों की नीलामी से कुल 39 हजार 400 रुपये का राजस्व प्राप्त किया है।इस प्रकार, दोनों थानों की संयुक्त कार्रवाई से कुल 60 वाहनों की नीलामी कर करीब 4 लाख 98 हजार 400 रुपये राजस्व प्राप्त किया गया है।अधिकारियों ने बताया कि नीलामी की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी ढंग से की गई और प्राप्त राशि राजस्व खाते में जमा करा दी गई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑपरेशन क्लीन का उद्देश्य थानों में लंबे समय से खड़े लावारिस एवं मुकदमाती वाहनों को हटाकर परिसर को सुव्यवस्थित करना और सरकारी राजस्व में वृद्धि करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगे भी इस अभियान के तहत शेष वाहनों की नियमानुसार नीलामी सुनिश्चित की जाए।

## दीवार काटकर नकदी व जेवरात चोरी



**ठाकुरद्वारा।** सर्दी के शुरू होते हुए नगर व क्षेत्र में चोरों का आंतक शुरू हो गया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने सर्दी की चोरी की शुरूआत करते हुए कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमरावाला में अज्ञात चोरों ने एक घर में सेंधमारी कर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण, नगदी व अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए । चोर दीवार काटकर घर में घुसे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव चमरावाला निवासी इदरीश पुत्र कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोर घर की पिछली दीवार को काटकर अंदर घुसे , दो कमरों में रखे सोने चांदी के आभूषण वह कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है।

उन्होंने पत्र में यह भी लिखा है कि घटना 24 सितंबर 2025 को हुई और यह उसके लिए भारी आर्थिक नुकसान का कारण बनी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल से संपर्क करने का प्रयास किया , लेकिन फोन रिसीव न होने के कारण जानकारी नही मिल सकी।

### एक नजर

## पुलिस ने गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक



**भोजपुर।** थाने में तैनात उप निरीक्षक मौसम रानी ने मिशन शक्ति अभियान फेजख्र5.0 के अंतर्गत चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम बहेड़ी ब्रहमान में चौपाल लगाकर महिलाओं के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। गुरुवार को गांव बहेड़ी ब्रहमान में आयोजित महिला चौपाल में महिला बीट प्रभारी मौसम रानी ने महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराया।घ्उन्होंने महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए। हेल्पलाइन नंबरों धार्मिक स्थल पर महिला हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा-102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098 ,साइबर क्राइम 1930, आदि के बारे में जागरूक कर पंपलेट वितरण किए। महिला बीट पुलिस अधिकारी मौसम रानी ने महिलाओं को बताया कि हम मिशन शक्ति अभियान के तहत रोज ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर छात्राओं को जागरुक करते हैं। उन्हें अच्छाई-बुराई में फर्क समझाते हैं।

पुलिस कर्मी होने से पहले हम भी किसी की बेटी और बहन हैं। लोग खघसकर युवक युवतियों को अपनी बहन बेटियां समझने लगेंगे तो महिला अपराधों में कमी जाएगी और महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगे।

## युवती ने पड़ोसी पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**भोजपुर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** गांव पीपलसाना निवासी शहनाज ने पड़ोसी असलम के खिलाफ छेड़छाड़ की नीयत से घर में घुसकर सीने पर हाथ चलाने एवं विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

## दिल्ली से लापता दो युवतियां फल विक्रेता के घर से बरामद

**ठाकुरद्वारा।** दिल्ली से लापता दो युवतियों की तलाश में युवतियों के परि. जनों के साथ ठाकुद्वारा में डाला ढेरा। जिसमें पुलिस ने दो युवतियों को बरामद कर मकान मालिक को बिना कार्रवाई के छोड़ना चर्चा का विषय बना है। बतादें कि नगर के मोहल्ला मछली बाजार निवासी फल विक्रेता दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। कुछ से वह अपने घर ठाकुरद्वारा में रह रहा है। काफी दिन पूर्व दो युवती दिल्ली से अपने ठाकुरद्वारा निवासी उस परिचय व्यक्ति के घर ठाकुरद्वारा पहुंची। जहां पर दो युवतियों रह रही थी। दिल्ली निवासी युवती के परिजनों ने घर गायव होने पर दिल्ली पुलिस को तहरीर दी थी। मोबाइल सार्विलांस के माध्यम से दोनों युवतियों की लोकेशन ठाकुरद्वारा मिलने पर गुरूवार को नगर के मोहल्ला मछली बाजार निवासी फल विक्रेता के घर युवतियों के परिजन स्थानीय पुलिस के साथ पहुंची। जहां पर दोनों युवतियों बरामद हुई। पुलिस ने दोनों युवतियों को दिल्ली पुलिस के कहने पर उनके परिजनों के सुपूर्द कर दिया। बतादें कि दिल्ली निवासी युवतियों को बिना पुलिस को सूचना दिए शरण देने वाले नगर के मोहल्ला मछली बाजार निवासी को पुलिस ने बिना कार्रवाई के छोड़ा चर्चा का विषय बना है। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने इस मामले में कुछ जानकारी देने से कतारे नजर आए। वहीं उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित ने भी इस मामले में कोई जानकारी नही दी और कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल ने तो फोन उठाना में उचित नही समझा।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का महा सम्मेलन दिल्ली में होगा कल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मुहम्मद अफजाल ने बताया कि मुस्लिम महासम्मेलन शनिवार को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होगा। उक्त के संबंध् में जानकारी देते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल ने बताया कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के द्वारा अखिल भारतीय मुस्लिम महासम्मेलन 27 सितम्बर शनिवार को प्रात: 9 बजे से तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक डा. इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जायेगा। जिसमें राष्ट्रीय एकता तालीम, तहजीब, तरक्की, इंसानियत, राष्ट्रवाद आदि विषय मुख्य रूप से शामिल होगें। जिससे कि आपसी भाईचारा लोगों के बीच कायम हो सके। यही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का नारा है इसके लिए उन्होंने ज्यादा से ज्यादा तादात में दिल्ली पहुंचने का आहवान किया है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में मुस्लिम समाज के बुद्विजीवियों के साथ ही देश के डाक्टर, इंजीनियर, सूपफी, उलेमाओं, मुफ्रती मोलानाओं के साथ सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता सम्मिलित होगें। इस सम्मेलन में मुस्लिम समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार विषयों के साथ-साथ उनकी प्रमुख समस्याओं की भी चर्चा होगी। अखिल भारतीय महासम्मेलन को प्रमुख रूप से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डा. इन्द्रेश कुमार संबोधित करेंगे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में हुआ 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में गुरूवार को ''विश्व फार्मासिस्ट दिवस'' का आयोजन किया गया। हर वर्ष 25 सितंबर को पूरे विश्व में एक साथ 'विश्व फार्मासिस्ट दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इंटरनेशनल फार्मास्यूटिकल फेडरेशन द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस की थीम 'स्वास्थ्य के बारे में सोचो- फार्मासिस्ट के बारे में सोचो' रखा गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के छात्र-छात्राओं ने एक नाटक के माध्यम से समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका की अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुति दी। साथ ही छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक पोस्टर्स पर कार्य मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए, जिनको निर्णायक मंडल द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान अच्छी प्रस्तुति के आधार पर चयनित किए गए प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाली टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर फार्मेसी संकाय एवं 'एकता सेवा समिति' के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान सिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विश्व. विद्यालय के स्टाफ मैम्बर्स तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लगभग 35 मिनट यूनिट रक्त का दान किया। रक्तदान शिविर के साथ ही एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के स्टाफ मैम्बर्स तथा छात्र-छात्राओं के खून की जांच के घटक जैसे कि हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड और ब्लड शुगर आदि की जांच की गई। इस मौके पर फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. वर्मा ने बताया कि फार्मासिस्ट की दवाई बनाने से लेकर दवाई को उपयोग करने तक बहुत बड़ी भूमिका है। फार्मासिस्ट हमेशा समाज के लिए कार्य करते हैं और निरन्तर नई-नई दवाइयां की खोज में लगे रहते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि हमारा देश दवाइयों का एक बहुत बड़ा निर्यातक है और विश्व के लगभग सभी देशों में भारत से दवाइयां निर्यात की जाती हैं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रितिका सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा समेत डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, डॉ. प्रशांत उपाध्याय एवं श्री त्रिभुवन वशिष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एसएम कॉलेज पर बकाया गृहकर व जलकर की प्राचार्य ने नगरपालिका से मांगी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज प्रशासन द्वारा सड़क के किनारे दुकानें बनाई गई हैं। वहीं कॉलेज की कुछ भूमि का व्यवसायिक रुप से उपयोग किया जा रहा है। आयोग से चयनित प्राचार्य डा. दानवीर सिंह ने 19 सितंबर 2025 को पत्रांक 64/2025 के माध्यम से नगरपालिका अधिशासी अधिकारी से 31 मार्च 2025 तक का एस. एम. इंटर कॉलेज एसएम डिग्री कॉलेज व कॉलेज की दुकानों आदि का जलकर तथा गृहकर संपूर्ण विवरण के साथ मांगा गया है।

**न्यायालय श्रीमान अपर मंडल आयुक्त प्रथम मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद।**
**अपील सं०:** 2351/2024
**तारीख पेशी:** 03.10.2025
**कम्प्यूटर नं०**-टी2024130002351
धारा:-24(4) रा०सं० अधि
गाटा संख्या 370 रकबा- 4.646 है०
ग्राम/मौजा-भदौरा तह. व जिला- मुरादाबाद।
**राजेन्द्र आदि बनाम उमेश आदि**
**बनाम**

1. उमेश, 2. जितेन्द्र, 3. रिकू पुत्रगण धनश्याम निवासी मौहल्ला मझरा सीतापुरी डबल फाटक तह० व जिला मुरादाबाद, 4. श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री चन्द्र सैनी, 5. गणेश सैनी पुत्र स्व० रमेश चन्द्र, 6. राहुल सैनी पुत्र स्व० रमेश चंद्र,7. श्रीमती रजनी पत्नी स्व० रमेश चन्द्र, 8. श्रीमती नथिया पत्नी भूकन सरन निवासीगण कटघर महबूल्लागंज तहसील व जिला मुरादाबाद, 9. चन्द्रभान पुत्र लाल सिंह, 10. केसरी पुत्र लाल सिंह निवासीगण सीतापुरी डबल फाटक तहसील में जिला मुरादाबाद, 11. जयवीर सिंह पुत्र राम किशोर निवासी कटघर महबूल्लागंज तहसील व जिला मुरादाबाद, 12. रमेश कुमार पुत्र रामचन्द्र, 13. रामचंद्र पुत्र बहादुर चंद्र निवासीगण आदर्श नगर ईदगाह रोड तह० व जिला मुरादाबाद, 14. भगवान सिंह पुत्र राम गोपाल-निवासी कटघर महबूल्लागंज तह० व जिला मुरादाबाद, 15. राजपाल पुत्र हरिसिंह, 16. संजय पुत्र राम अवतार, 17. श्रीमती धनवती पत्नी स्व0 महेश, 18. आकाश कुमार सैनी पुत्र महेश, 19. श्रीमती नीरज पत्नी सुरेश, 20. रघुराज पुत्र रामचरन, 21. मुरारी पुत्र राम चरन, 22. राजेन्द्र पुत्र राम चरन निवासीगण मोहल्ला भदौरा होली चौक तहसील व जिला मुरादाबाद, 23. चन्द्रपाल उर्फ लाला पुत्र हर सरन, 24. नन्हे पुत्र हर सरन, 25. बहादुर पुत्र बालकृष्ण, 26. हरसरन पुत्र बाल किशन, 27. राजपाल पुत्र बाल किशन, 28. राम प्रसाद पुत्र भूप सिंह, 29. मेवाराम पुत्र भूप सिंह, 30. रामऔतार पुत्र भूप सिंह निवासीगण मोहल्ला मझरा सीतापुरी डबल फाटक तह० व जिला मुरादाबाद, 31. नगर आयुक्त महोदय नगर निगम मुरादाबाद, 32. मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा उपाध्यक्ष महोदय मुरादाबाद, 33. सक्षम प्राधिकारी नगर भूमि सीमा रोपण अधिकारी महोदय, मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये सन् 2025 के माह 10 के दिवस 03 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 23 को निकाली गयी है।

**न्यायालय- अपर आयुक्त ( प्रशासन ) मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद ( उ०प्र० )।**

## परिजनों की गैर मौजूदगी में चोरों ने घर का सामान चुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला हर्ष नगर से परिजनों की गैर मौजूदगी में चोरों ने सोने चांदी के जेवर सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। इस मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

बिलारी के मोहल्ला हर्ष नगर की रहने वाली नीतू पत्नी हिमांशु ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 22 सितंबर को रात 10:30 बजे वह अपने घर से जन सेवा हेल्थ केयर हॉस्पिटल में गई थी। जब अगले दिन सवेरे वह घर पहुंची तो कमरे का सामान इधर-उधर फैला हुआ था। घर में रखे सोने चांदी के गहने व नगद रुपए जो अलमारी में रखे थे। वह गायब हो गए। चोरों ने सोने चांदी के जेवर आदि चोरी कर लिया। इस मामले में तहरीर के बाद पुलि स ने अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या :** 520/2024
**तारीख पेशी:** 07.11.2025
**धारा:** 125 सी0 आर0 पी0 सी0
श्रीमती शबाना **बनाम** मुनीर अहमद
1. शबाना पत्नी मुनीर अहमद पुत्री शाहबुद्दीन, 2. कु. जैनव पुत्री मुनीर अहमद, 3. कु. रिदा पुत्री मुनीर अहमद निवासीगण मौहल्ला कालाल पुरी कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**
मुनीर अहमद खां पुत्र हबीव अहमद खां कुद्दूसी उर्फ भूरे मियां निवासी गली नम्बर-9 जाहिद नगर करूला थाना कटघर, जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि धारा 125 सी.आर.पी.सी. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 11 के दिवस 07 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 25 को निकाली गयी है।

**वि०वाद लिपिक परिवार न्यायालय जनपद-मुरादाबाद।**


**उत्तर रेलवे**

**नीलामी सूचना सं०- दिसम्बर-2025**

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेलपथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई-नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होगे

**दिसम्बर-2025 की ई-नीलामी**

| क्र सं. | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 8 | 12 | 18 | 26 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 6 | 11 | 17 | 26 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 8 | 13 | 19 | 27 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 22 | 30 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 10 | 16 | 23 | 30 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 9 | 15 | 23 | 30 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 10 | 16 | 22 | 29 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 11 | 17 | 22 | 29 |

नोट: 1. नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। 2. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 3. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 4. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को Ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई-नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

सं. 117-एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025-26 दिनांक: 22.09.2025 2923/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊदावाला**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 25.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ऊदावाला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 07.01.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता दिनांक: 04.10.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 04.10.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इसरार के घर से आबिद के घर तक नाली/सीसी टाईल्स मरम्मत कार्य। | सीमेंट, रेता, बजरफुट, रोड़ा, ईट, टाईल्स आदि। | 59 मी0 | 181684.13 | 1000 | 2% | 5 माह |
| 2 | मल्लू के घर से साबिर के घर तक नाली/सीसी टाईल्स मरम्मत कार्य। | ,, | 70 मी0 | 237095.89 | 1000 | 2% | 5 माह |
| 3 | पप्पू के घर से महेन्द्र के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 68 मी0 | 295147.72 | 1000 | 2% | 5 माह |
| 4 | डा. संजीव के घर से जाकिर के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 75 मी0 | 305210.83 | 1000 | 2% | 5 माह |
| 5 | मैन रोड से राजेश के घर तक नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 125 मी0 | 551480.44 | 1000 | 2% | 5 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत ऊदावाला**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


## श्री कृष्ण जन्मोत्सव का सजीव मंचन देख भक्त हुए भाव-विभोर

**ठाकुरद्वारा।** नगर के रामलीला मैदान में आयोजित श्री कृष्ण रासलीला के दूसरे दिन गुरुवार को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का मनमोहक अयोजन किया गया। मथुरा से पधारे श्री राधा रानी रासलीला मंडल के कलाकारों ने जन्म और बधाई का ऐसा सजीव मंचन प्रस्तुत किया कि दर्शक भक्ति में सराबोर हो गए।

रासलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म की गाथा को बखूबी चित्रित किया। उन्होंने कंस के कारागार में देवकी और वासुदेव की विपदा, अंधकार को चीरते हुए दिव्य प्रकाश के साथ भगवान के अवतार, और वासुदेव द्वारा नन्हें कृष्ण को सुरक्षित नंदगांव पहुँचाने की मार्मिक घटनाओं को बड़े ही प्रभावशाली ढंग से दर्शाया । जैसे ही मंच पर नन्हें कान्हा के जन्म का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया, पूरा मैदान श्जय कन्हैया लाल की और नंद के घर गोपाल आयोश् के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने श्री कृष्ण की जय-जयकार करते हुए अपनी श्रद्धा और हर्ष व्यक्त किया। कृष्ण जन्म के बाद बधाई के दृश्य में गाँव की गोपियों और बृजवासियों की आनंदोत्सव मनाते हुए मनोहारी झाँकियाँ दिखाई गईं, जिसे देखकर श्रद्धालु हर्षित हो उठे। रासलीला के इस भव्य मंचन के बाद भक्तिमय आरती हुई और सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अजय कातीब, अवनीश कुमार शर्मा, गौरव चौहान, दिनेश पुठिया, कुशल अग्रवाल और कमलेश अग्रवाल सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**ठाकुरद्वारा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शरीफनगर में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनमानस सहित कुल 11 लोगो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। शिविर का शुभारम्भ भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजयप्रताप सिहं ने फीता काटकर किया कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिहं, मण्डल अध्यक्ष हरिओम सिहं, कार्यक्रम संयोजक व मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, ठाकुरद्वारा सीएचसी अधीक्षक डॉ शिल्पी, शरीफनगर सीएचसी अधीक्षक डॉ्क्ष इन्तखाब आलम, लेखा प्रबन्धक आशू गुप्ता, ठाकुरद्वारा चेयरमैन प्रत्याशी पवन पुष्पद, जिला पंचायत सदस्य राहुल चौहान, मण्डल महामन्त्री शरद विश्नोई, रोहिताश देशबन्धु, खुशीराम सिहं, ब्रजराज सिहं, नितेश नम्बरदार, अमित चौहान, विकास कुमार, संजीव सिहं, गजेन्द्र सिहं, हरिओम राजपूत प्रीतम सिहं आदि उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई-टेंडर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/तिथि | 179-DRM-MB-25-26 Date: 18.09.2025 | 180-DRM-MB-25-26 Date: 18.09.2025 | 181-DRM-MB-25-26 Date: 18.09.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Miscellaneous Track activities in connection with track maintenance from Km 39.150 to 78.500 in RWL DDN section under ADEN/HW. | Miscellaneous bridge work in the section of SSE/W/HW under ADEN/HW. | Supplying and spreading 10000 cum of 65 mm gauge machine crushed stone ballast on cess in LRJ-DDN section under Sr. DEN/1/MB. |
| निविदा का प्रकार | Work | Work | Work |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 21.10.2025 16:00 | 21.10.2025 16:00 | 21.10.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.10.2025 | 07.10.2025 | 07.10.2025 |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹54,98,720.31 | ₹74,95,386.59 | ₹1,96,39,500/- |
| धरोहर राशि(₹) | ₹1,10,000.00 | ₹1,49,900.00 | ₹2,48,200.00 |
| निविदा की कीमत | शून्य | शून्य | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 06 माह |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |

टेंडर नं.: 74/W/2/3/WA/Sr DEN/1/T, Notice दिनांक.: 25.09.2025 2975/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## साइबर अपराध व हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी के लिए छात्राओं के साथ गोष्ठी

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली ठाकुरद्वारा के प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल के नेतृत्व में गुरुवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं के साथ एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही, उन्हें वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, सभी आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई, जिनमें 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। छात्राओं को इन सेवाओं के बारे में जागरूक करने के लिए जानकारीपूर्ण पंपलेट भी वितरित किए गए। टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित, उपनिरीक्षक मनीष कुमार, आरक्षी गौरव कुमार, आरक्षी रजत बालियान,महिला आरक्षी राखी,महिला आरक्षी शिवानी,महिला मुख्य आरक्षी निशु तोमर, महिला मुख्य आरक्षी पूनम काम्बोज आदि मोजूद रहे।

## नवरात्रि के चतुर्थ दिन मंदिरों में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़, देर रात तक गूंजते रहे घंटे-घड़ियाल

**ठाकुरद्वारा।** नवरात्रि के चतुर्थ दिन मां दुर्गा के चतुर्थ रूप माता कुष्मांडा की विधि विधान से पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। प्रति दिन की भांति बृहस्पतिवार को सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं मंदिरों में माता कुष्मांडा की पूजा अर्चना के लिए भीड़ जुटने लगी। दिर (वडा बाजार), हरिहर मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, कालरात्रि मंदिर, , सिंचाई कॉलोनी मंदिर तथा ग्रामीण अंचलों कृ फैजुल्लागंज, निर्मलपुर, गोपीवाला, सुल्तानपुर दोस्त, लोगी कला, लौगी खुर्द, रामनगर खागूवाला, शरीनगर आदि स्थानों पर माता के भजन-कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## आईएफटीएम में 'पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन' प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज के गणित विभाग की ओर से 'मैथ्स स्टोरी टेलिंग डे' के अवसर पर ''पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह तथा कार्यक्रम संयोजिका एवं गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रिद्धि गर्ग ने संयुक्त रूप से माँ शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निद. ेशक डॉ. सिंह ने अपने वक्तव्य में गणितीय पजल तथा गणित विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत डॉ. तरुण गुप्ता ने रामानुजन मैजिक स्क्वायर पर जानकारी दी व उसको बनाने के लिये तर्क दिये। इस दौरान गणित विभाग के सभी शिक्षकों श्री दीपक शर्मा, श्री विपिन कुमार, डॉ. आर.वी. तिवारी, डॉ. ज्योति अग्रवाल, डॉ. अंशुल दुबे, डॉ. निधि प्रभाकर समेत अन्य विभागों के शिक्षक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. संजना तिवारी, डॉ. अमन प्रीत कौर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ साइंसेज के विभिन्न विभागों के 45 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# विंडीज के खिलाफ टीम इंडिया घोषित

● **वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में गिल कप्तान, जडेजा उपकप्तान, 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में होगा पहला टेस्ट**

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में देवदत्त पड्डिक्कल की वापसी हुई है, जबकि उनके कर्नाटक टीम के साथी करूण नायर को बाहर कर दिया गया है। चोट से उबर रहे )षभ पंत की जगह अब रवींद्र जडेजा टीम के उपकप्तान हैं, जबकि नारायण जगदीशन ने दूसरे विकेटकीपर के रूप में अपनी जगह बरकरार रखी है। वह इंग्लैंड दौरे के आखिरी टेस्ट के लिए भारतीय टीम से पहली बार जुड़े थे। शुभमन गिल पहली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट कप्तानी करेंगे।

इससे पहले उन्होंने इस साल इंग्लैंड में कप्तान के तौर पर डेब्यू किया था। उनके साथ बुमराह भी टीम में हैं और उन्हें एशिया कप के बाद घरेलू सीरीज के लिए आराम नहीं दिया गया है। बाकी टीम लगभग वैसी ही है, जैसी इंग्लैंड में थी, लेकिन तीसरे सलामी बल्लेबाज विकल्प के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को नहीं चुना गया है। ज़रूरत पड़ने पर यह भूमिका टीम के अतिरिक्त विकेटकीपर जगदीशन निभा सकते हैं। भारत के अंतिम एकादश की संरचना हालांकि इंग्लैंड की तुलना में काफी अलग दिख सकती है, क्योंकि इस बार तेज गेंदबाजी से ज्यादा स्पिन पर जोर दिया जाएगा और इसके लिए टीम में जडेजा के साथ-साथ कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर के साथ अक्षर पटेल टीम में हैं। बड़े फॉर्मेट में यह अक्षर की वापसी है। तेज गेंदबाजी में भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड गए अर्शदीप सिंह, आकाश दीप और अंशुल कंबोज को जगह नहीं मिली है। अंशुल और आकाश अब ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से खेलते दिखेंगे। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में एकमात्र विकल्प नीतीश कुमार रेड्डी का है, जो इंग्लैंड दौरे पर तो गए थे, लेकिन चोट के कारण बीच दौरे से वापस आ गए थे। वह फ़िलिहाल ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में भारत ए टीम का हिस्सा हैं।

शार्दुल ठाकुर इंग्लैंड दौरे के बाद बाहर हो गए हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच होंगे। पहला 2 अक्तूबर को अहमदाबाद में और दूसरा 10 अक्तूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। यह 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की भारत की दूसरी सीरीज होगी। भारत का अभियान इंग्लैंड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज से शुरू हुआ था, जहां भारत ने पांच टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ की थी। पांच टेस्ट में उपलब्ध अधिकतम 60 में से 28 अंक हासिल करने के बाद भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 46.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका उनसे ऊपर हैं, जिनके पास क्रमश: 100 और 66.67 प्रतिशत अंक हैं।




### वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टेस्ट टीम

शुभमन गिल कप्तान, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पड्डिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल,नीतीश रेड्डी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप और एन जगदीशन



# एशिया कप में भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े

**दुबई, वार्ता।** भारत ने भले ही एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है लेकिन कैच छोड़ना उसके लिए कुछ चिंता की बात है जो आगे चलकर उसके लिए नुकसानदायक हो सकती है। इस एशिया कप में, भारत ने अब तक 12 कैच छोड़े हैं, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनकी कैचिंग क्षमता 67.5 प्रतिशत है जो हांगकांग चीन के बाद दूसरे सबसे खराब है। चार कैच वरुण चक्रवर्ती की गें. दबाजी पर छूटे हैं। वरुण ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद साफ शब्दों में कहा कि इस टीम को आने वाले विश्व कप तक एक मिशन के लिए चुना गया है। इसलिए हमें अपनी फीलल्डग में सुधार करना होगा और निश्चित रूप से फीलल्डग कोच के पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। मुझे लगता है कि पिछले मैच में उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा था, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के बाद आज के बाद उनके पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। इसके पीछे कई कारण हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आर. अश्विन सिडनी थंडर के साथ जुड़ेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ करार किया है। इस ऐतिहासिक कदम के साथ वह इस प्रतियोगिता में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। डब्ल्यूबीबीएल में भारत की कई महिला खिलाड़ी हिस्सा ले चुकी हैं, लेकिन बीसीसीआई के नियमों के कारण भारतीय पुरुष टीम वैश्विक लीग में भाग नहीं ले सकते। भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान उन्मुक्त चंद और भारत के पूर्व घरेलू खिलाड़ी निखिल चौधरी, दोनों ने हाल के वर्षों में बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेला है, लेकिन चंद अमेरिका के नागरिक हैं, जबकि चौधरी अब ऑस्ट्रेलिया में स्थानीय खिलाड़ी के रूप में खेलते हैं और उन्होंने इसी महीने तस्मानिया के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया है।

### अय्यर लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर, भारत ए के कप्तान नियुक्त

**मुंबई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर ने पीठ में बार-बार होने वाली ऐंठन के कारण छह महीने के लिए लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूरी बना ली है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने आज पुष्टि की कि पीठ की सर्जरी से उबर रहे अय्यर को ईरानी कप के लिए नहीं चुना गया है, लेकिन वह 30 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक कानपुर में होने वाले सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम की कप्तानी करेंगे। बोर्ड ने बताया कि अय्यर ने हालांकि यूनाइटेड किंगडम में सर्जरी के बाद अपनी रिकवरी अच्छी तरह से की है, लेकिन लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें जकड़न और ऐंठन की शिकायत हुई थी।

● **बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप** ●

# तन्वी, चांगमाई भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे



● **तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई अंडर-15 चैंपियन तन्वी पत्री और पूर्व चैंपियन बोर्निल चांगमाई 21-26 अक्टूबर, 2025 तक चीन के चेंगदू में होने वाली बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लिए 36 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

तन्वी और चांगमाई इस बार अंडर-17 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे क्योंकि भारतीय दल पिछले दो सफल अभियानों को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहा है। भारत ने 2024 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता था, और 2023 में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था, दोनों संस्करण चेंगदू में आयोजित किए गए थे। भारतीय टीम का चयन हाल ही में संपन्न हुए योनेक्स-सनराइज अश्विनी गुप्ता मेमोरियल अखिल भारतीय सब जूनियर (अंडर-15 और अंडर-17) रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 21 सितम्बर, 2025 तक हरियाणा के पंचकुला में आयोजित किया गया था। इसमें कुछ स्थापित सितारों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी शामिल हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव, संजय मिश्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की लगातार सफलता हमारे जूनियर विकास कार्यक्रम की मजबूती को दर्शाती है। इस टीम में कई होनहार खिलाड़ी हैं जो पदक जीतने की क्षमता रखते हैं, जो टीम की गहराई और प्रतिभा को दर्शाता है। इस टीम में, शरयु अंडर-15 की तीनों श्रेणियों में भाग लेंगी।

# BCCI ने फरहान व हारिस रउफ के खिलाफ ICC में शिकायत की




● **मामला एशिया कप सुपर-4 के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में रविवार को खेला गया था**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के खिलाफ उनके ऑन-फील्ड हावभाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है।

यह मामला एशिया कप सुपर फोर के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में पिछले रविवार को खेला गया था। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने बुधवार को ईमेल के जरिए यह शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को यह प्राप्त हो चुकी है। अगर फरहान और रऊफ ने इन आरोपों से इनकार किया, तो इस मामले पर आईसीसी की सुनवाई हो सकती है। उन्हें मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है, जो टूर्नामेंट में दूसरे मैच रेफरी हैं, जबकि पहले रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट हैं। फ़रहान का अर्द्धशतक पूरा करने के बाद का जश्न और रऊफ का बाउंड्री पर फ़ील्डिंग करते समय दर्शकों की ओर इशारा करना, यही दो घटनाएं मानी जा रही हैं, जिन पर बीसीसीआई ने शिकायत दर्ज कराई है। ये दोनों घटनाएं उस दिन से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं। भारत के सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे ने मंगलवार को हारिस के उकसाने वाले इशारों पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह से हालात की वजह से खिलाड़ियों पर दबाव डाला गया है, उसमें अपने व्यवहार को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल होता है।

मैंने हारिस की कुछ हरकतें देखीं, लेकिन वह हमारे चिंता का विषय नहीं है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान पर खुद को किस तरह संभाला। उन्होंने मैदान पर अपने बल्लों से जवाब दिया। हो सकता है कि दूसरी टीमों को हमारी कुछ बातों से दिक्कत रही हो, लेकिन हमारी ओर से हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने खुद को किस तरह संभाला।

# सिनर-इगा का ध्यान चाइना ओपन में बेहतर प्रदर्शन पर




**बीजिंग, वार्ता।** पुरुषों में शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और महिलाओं में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने बुधवार को चाइना ओपन से पहले अपनी उम्मीदें साझा कीं और बीजिंग में अपने समय और अनुभव का आनंद लेने की उम्मीद जताई। एक महीने पहले यूएस ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से हारने वाले सिनर ने कहा कि एक बार फिर टूर्नामेंट में वापसी करना बहुत अच्छा है।

यूएस ओपन के बाद, शरीर अच्छी स्थिति में है। दिमाग भी। यूएस ओपन के बाद कुछ अच्छा समय बिताया। इतालवी खिलाड़ी का सामना गुरुवार को राउंड ऑफ 32 में क्रोएशिया के दुनिया के 97वें नंबर के खिलाड़ी मारिन सिलिच से होगा। ष्जाहिर है, किसी भी टूर्नामेंट में पहला राउंड कभी आसान नहीं होता। लेकिन हर लिहाज से, मैं फिर से वापसी करके बहुत खुश हूं। उम्मीद है कि अच्छा टेनिस खेल पाऊंगा। हम खुद को बेहतरीन तरीके से तैयार करने की को. शिश करते हैं। ज़ाहिर है, मैं यहां चीन में फिर से खेलने के लिए बहुत उत्सुक हूं, और देखते हैं कैसा रहता है। रविवार को डब्ल्यूटीए 500 कोरिया ओपन में रूस की एकातेरिना एलेक्ज़ेंड्रोवा को 1-6, 7-6(3), 7-5 से हराने वाली स्वियाटेक ने अपनी जीत पर कहा कि आमतौर पर मैं बस अच्छा महसूस करती हूं और फिर जीत जाती हूं। लेकिन फाइनल की शुरुआत में मैं अच्छा महसूस नहीं कर रही थी, और फिर मैं वाकई में स्थिति बदल सकती थी। मुझे लगता है कि इस टूर्नामेंट की यही सबसे अच्छी बात है। वर्तमान में दूसरे स्थान पर काबिज़ स्वियाटेक अभी भी आर्यना सबालेंका से 2,700 से ज्यादा अंकों से पीछे हैं। हालांकि, सबालेंका चोट के कारण चाइना ओपन से हट गई थीं। पोलिश स्टार ने जोर देकर कहा कि रैंकिंग उनकी प्राथमिकता नहीं है। स्वियाटेक ने कहा कि मैं पहले से ही जानती हूं कि रैंकिंग के बारे में सोचना कोई मायने नहीं रखता, चाहे आप नंबर 2 हों या नंबर 1। यह बस संख्याओं की बात है।

### मुलर ने खाचानोव को हराया, वांग शियायू ने मुख्य ड्रॉ में पहली जीत दर्ज की

**बीजिंग, वार्ता।** फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर ने चाइना ओपन में बड़ा उलटफेर कर एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पुरुष एकल के पहले दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को हरा दिया। यहां नेशनल टेनिस सेंटर के डायमंड कोर्ट पर बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुरल ने खाचानोव को दो घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-7(5), 6-4 से हराया। मैच की शुरुआत में विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव ने दूसरे सेट के टाइब्रेक में 4-2 की बढ़त गंवा दी, जबकि मुलर ने अगले छह में से पाच अंक हासिल कर निर्णायक सेट के लिए मजबूर कर दिया। अंतिम सेट में फ्रांसीसी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, लेकिन नौवें गेम में फिर से अटैक किया और अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दो घंटे 37 मिनट में जीत पक्की कर ली।

# लीसा काइटली बनी मुंबई इंडियंस महिला टीम की मुख्य कोच

● **अपने शानदार खेल करियर और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ लीसा एमआई टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी**



**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और दो बार की विश्व कप विज. ेता लीसा काइटली को आज अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। 1997 और 2005 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहीं काइटली महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। अपने शानदार खेल करियर और ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और शीर्ष वैश्विक लीगों में कोचिंग के अनुभव के साथ, वह मुंबई इंडियंस टीम में बेजोड़ अनुभव और दूरदर्शिता लेकर आएंगी।

मुंबई इंडियंस महिला टीम पहले से ही डब्ल्यूपीएल के इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने केवल तीन सीजन में दो चैंपियनशिप जीती हैं। 2023 और 2025 में वह डब्ल्यूपीएल विजेता रही है। इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए नीता एम- अंबानी ने कहा कि हमें मुंबई इंडियंस परिवार में लीसा काइटली का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। लीसा ने अपने जुनून से क्रिकेट की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उनका आगमन मुंबई इंडियंस के लिए एक रोमांचक व नया अध्याय है क्योंकि हम और ऊंचा उड़ने के लिए तैयार हैं। लीसा काइटली ने कहा कि मुंबई इंडियंस में शामिल होना सम्मान की बात है, एक ऐसी टीम जिसने डब्ल्यूपीएल में कई मानक स्थापित किए हैं। मैं टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं ताकि हम अपनी सफलता को और आगे बढ़ा सकें और मैदान के अंदर और बाहर नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहें। काइटली, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों महिला टीमों की कोच रही हैं। वह इंग्लैंड की पूर्णकालिक मुख्य कोच बनने वाली पहली महिला थीं। उन्हें डब्ल्यूबीबीएल, द हंड्रेड और डब्ल्यूपीएल में फ्रेंचाइजी कोचिंग का भी अनुभव है, और हाल ही में उन्होंने पिछले महीने द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को महिला खिताब जितवाया था।

### भारतीय निशानेबाजों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने गुरुवार को डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में तीनों पोडियम स्थान हासिल कर आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 के अपने नए चरण के अभियान की शानदार शुरुआत की। पुरुष टीम इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक से चूक गई, लेकिन रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत ने सीजन के दूसरे जूनियर आईएसएसएफ विश्व कप में पदक तालिका में शुरुआती बढ़त बना ली। अनुष्का ठोकुर ने महिलाओं की 50 मीटर प्रोन राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में 621.6 अंकों के साथ स्वर्ण, हमवतन अंशिका ने 619.2 अंकों के साथ रजत और आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग की स्पर्धा में, भारत के दीपेंद्र ने 617. 9 अंक बनाए व कामिल नूरिया से स्वर्ण पदक चूक गए।

### 91 देशों के 150 स्थानों पर विकसित भारत दौड़-2025 का आयोजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने के लिए पहली बार 91 देशों के 150 स्थानों पर विक. सित भारत दौड़-2025 का आयोजन किया जायेगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के सहयोग से, सेवा पखवाड़ा (17 सितम्बर से दो अक्टूबर) के हिस्से के रूप में 91 देशों में 150 से अधिक स्थानों पर विकसित भारत रन-2025 का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने हेतु यह अनूठी वैश्विक पहल पहली बार शुरू की जा रही है। 'रन टू सर्व द नेशन' टैगलाइन के साथ, विकसित भारत रन, विश्वभर के प्रतिष्ठित और सुगम स्थानों पर तीन से पांच किलोमीटर की सामुदायिक दौड़ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। अधिकांश दौड़ें 28 सितम्बर, 2025 को आयोजित होंगी। इस दौड़ में मैक्सिको सिटी के एंजेल ऑफ इंडिपेंडेंस, सूरीनाम के पारामारिबो में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज और विश्वभर के कई अन्य प्रतिष्ठित स्थानों और प्रसिद्ध स्मारकों को शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य विदेशों में रहने वाले भारतीयों, स्थानीय समुदायों, छात्रों, पेशेवरों और भारत के मित्रों को एक साथ लाना है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हो सके। विकसित भारत रन-2025 भारत की सबसे बड़ी वैश्विक आउटरीच पहलों में से एक बनकर उभरेगी। यह न केवल एक फिटनेस और साम. ुदायिक गतिविधि है, बल्कि भारत के सेवा भाव, स्थिरता और समावेशिता के मूल्यों का एक वैश्विक उत्सव भी है। इसका उद्देश्य भारत और उसके प्रवासी समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करना है।

# भारतीय क्रिकेट के नए सिक्सर किंग 'अभिषेक'

● **जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर (99) और यूएई के वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भारतीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए हैं। अभिषेक ने अभी सिर्फ़ 21 टी-20 खेले हैं, लेकिन वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक शर्मा ने कुल 58 छक्के लगाए हैं। वह पहले ही भारत के लिए पुरुष टी-20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी-20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर सिंह (99) और यूएई के मुहम्मद वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए हैं। पूर्णकालिक देशों के खिलाड़ियों में संजू सैमसन दूसरे स्थान पर हैं, जिनके नाम 37 छक्के हैं। अभिषेक ने इस फार्मेट में 6.83 गेंदों में एक छक्का लगाया है, जो पुरुष टी-20 में 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले 153 बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा औसत है। जिब्राल्टर के केरोन स्टैग्नो का सबसे अच्छा औसत है, जो हर 6.61 गेंद पर एक छक्का लगाते हैं। अभिषेक का गेंद-प्रति-छक्का औसत पूर्णकालिक देशों में सबसे अच्छा है, जहां आंद्रे रसेल (7.21) दूसरे स्थान पर हैं। अभिषेक हर पारी में 2.76 छक्के लगाते हैं, जो 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा है। करणबीर सिंह उनसे आगे हैं, जिन्होंने 36 पारियों में 113 छक्के लगाए और उनका औसत 3.14 है। अभिषेक के बाद एविन लुईस (2.13) पूर्णकालिक देशों से एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिनके नाम प्रति पारी में दो या उससे ज्यादा छक्के हैं। एक टी-20 में अभिषेक ने पांच या उससे ज्यादा छक्के छह पारियों में लगाए हैं, जिसमें बुधवार को एशिया कप बांग्लादेश के खिलाफ मैच भी शामिल है। भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ़ रोहित शर्मा (13) और सूर्यकुमार यादव (9) ने अभिषेक से ज्यादा बार एक टी-20 में पांच या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। अभिषेक ने पावरप्ले ओवरों में 32 छक्के लगाए हैं। पुरुष टी-20 की शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ़ तीन भारतीय बल्लेबाज उनसे ज्यादा छक्के लगा पाए हैं। अभिषेक ने 23 छक्के बीच के ओवरों (7.16) में और तीन छक्के आखिरी ओवरों (17.20) में लगाए हैं। अभिषेक ने तेज गेंदबाजों के खिलाफ 246 गेंदों पर 33 छक्के लगाए हैं।

# ईरानी कप में पाटीदार होंगे कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** बल्लेबाज रजत पाटीदार ईरानी कप में शेष भारत की टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ उनके उपकप्तान होंगे। टीम में अभिमन्यु ईश्वरन और आकाश दीप शामिल हैं-दोनों ही भारत के हालिया इंग्लैंड टेस्ट दौरे का हिस्सा थे-और मैनचेस्टर टेस्ट में पदार्पण करने वाले अंशुल कंबोज भी शामिल हैं। उनके शामिल होने से स्पष्ट है कि वे 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होने वाली वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। शेष भारत टीम (ईरानी कप): रजत पाटीदार (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल (विकेट कीपर), यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन (विकेट कीपर), तनुश कोटियन, मानव सुथार, गुरनूर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, सारांश जैन।

# लियोनल मेसी के 'डबल' से इंटर मियामी की प्लेऑफ में जगह पक्की

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** लियोनेल मेसी ने दो गोल दागे और एक और गोल की नींव रखी जिससे इंटर मियामी ने बुधवार को न्यूयॉर्क सिटी को 4-0 से हराकर एमएलएस प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। हाफटाइम से ठीक पहले, बाल्टासर ने मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर दौड़कर गोल किया और शांति से शॉट को निचले-दाएं कोने में पहुंचा दिया। सर्जियो के डिफेंस को चकनाचूर कर देने वाले पास पर मेसी ने गोलकीपर मैट फ्रीज के ऊपर से एक चतुराईपूर्ण शॉट लगाकर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद, जस्टिन हाक द्वारा रोड्रिगो डी पॉल को गिराए जाने के बाद सुआरेज ने पेनल्टी को गोल में बदला।

# खेत पर गए युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव कनोबी में एक युवक ने शहतूत के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। वह सवेरे के वक्त घर से खेत पर जाने की बात कह कर निकाला था, लेकिन उसका शव पेड़ पर लटका हुआ। देखकर ग्रामीणों ने परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे पुलिस को सूचना दी तो कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे, पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल हो गया। कनोबी गांव निवासी मजदूर महासिंह का सबसे छोटा बेटा 21 वर्षीय पंजाब में एक ठेकेदार के अंडर में काम किया करता था। वह अब से 15 दिन पूर्व तबीयत खराब होने के कारण गांव में आया था।

तभी से गांव में रहकर अपना इलाज करा रहा था। गुरुवार की सवेरे करीब 10 बजे किशनवीर घर से धान के खेत पर जाने को निकाला था। लेकिन पास ही के खेत में जाकर शहतूत के पेड़ पर फांसी लगाकर लटक गया। गांव के जितेंद्र सिंह के खेत पर फांसी पर लटके किशनवीर को देखने के बाद ग्रामीणों ने परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो युवक को लटका हुआ देखा, सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस को सूचना दी तो कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल की जांच की। जहां से शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के परिवार में उसकी दादी लौग श्री, मां मूर्ति देवी, पिता महा राम सिंह, के अलावा बड़ा भाई हरवीर, छोटा भाई सुखबीर के अलावा उसकी एक छोटी बहन सुषमा भी है। घटना के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# युवक ने जहर का सेवन कर की आत्महत्या की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** आत्महत्या करने वालों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। शायद ही ऐसा कोई दिन होता है जिस दिन आसपास क्षेत्र में किसी ने आत्महत्या न की हो। गुरुवार को कोतवाली चन्दौसी में दोपहर लगभग डेढ़ बजे के करीब गौशाला रोड स्थित पंचशील कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवक विराद पहुंचा, उसने पुलिस को बताया कि उसके खिलाफ सहसवान निवासी परिवार ने मुकदमा दर्ज करा दिया है और उसकी प्रेमिका को पुलिस ने नारी निकेतन बदायूं भेज दिया है जिसकी उम्र लगभग 17 वर्ष है और वह उससे बालिग होने पर शादी करना चाहता है।

परंतु युवती के परिजन नहीं मान रहे हैं और मुकदमा दर्ज करा दिया है जिस कारण उसके परिवार वाले भी परेशान हैं। इस कारण वह आत्महत्या करना चाहता है और उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। पुलिस तुरंत उसे संयुक्त चिकित्सालय ले गई जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत अस्थिर बताई गई।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नगर में चलाया गया विशेष सफाई अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद बिलारी द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2025 स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एक तारीख एक घंटा एक साथ के तहत आज वार्ड संख्या 03 गांधी पार्क चौराहे से विशेष सफाई अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन मुरादाबाद सौरभ गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सभी वार्ड सभासद, स्वच्छ वातावरण निगरानी समिति के सदस्य तथा सफाई मित्र व स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने बताया कि राज्य मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में कार्यक्रम भव्यता से आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर बिलारी में भी 25 सितम्बर से 156 घंटे का महासफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि घरों से निकलने वाले कचरे को गीला व सूखा अलग-अलग करके पालिका वाहनों को उपलब्ध कराएँ।

कार्यक्रम में नगर पालिका स्टाफ, सभासद पति मौ अली, कमर आलम, वार्ड सभासद मा इस्लाम, निहाल सिंह, दानवीर शर्मा, गिरीश बाबू, प्रवेश कुमार, ओमकार, सभी सफाई नायक, सफाई मित्र तथा स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नोमान जमाल अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।अभियान का समापन पालिका कार्यालय में किया गया, जहाँ सभी सफाई मित्रों, वार्ड सभासदों और निगरानी समिति के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## एक नजर

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के रामपुर घोघर राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे कॉलेज प्रधानाचार्य ऋचा पाठक व अन्य शिक्षको की उपस्थिति में कार्यक्रम में छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन (1090), महिला हेल्पलाइन (181), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076), पुलिस आपातकालीन सेवा (112) और चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा (102), एंबुलेंस सेवा (108) और साइबर हेल्पलाइन (1930) के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और राष्ट्रीय पोषण मिशन जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर ठाकुरद्वारा थाने से आये निरीक्षण बलराम दीक्षित, पूनम, रजत बालियान, कुलदीप कुमार,नंदकिशोर सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम को छात्राओं और महिलाओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

### कम्पोजिट विद्यालय की छात्रा बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका



**मूंढापांडे।** गांव में बने कम्पोजिट विद्यालय की 8वीं की छात्रा एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनी,मातीपुर उर्फ मैनी गांव के कंपोजिटविधालय में मिशन सशक्तिकरण के तहत एक अनूठी पहल की गई। कक्षा 8 की छात्रा कुमारी निशा को एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बनाया गया, कुमारी निशा ने प्रधानाध्यापक के रूप में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने छात्रों को समय पर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया, शिक्षकों को भी समय पर अपने दायित्व पूरे करने का निर्देश दिया।उन्होंने मिड-डे मील में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए रसोइयों को निर्देश दिए, स्वच्छता अभियान पर जोर दिया और सभी को जागरूक किया, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए, कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू रानी, सहायक अध्यापिका सीमा सिंह,सहायक अध्यापिका प्रियंका, सहायक अध्यापक अंकुर कुमार, सहायक अध्यापक दीपक शर्मा ने सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहने का आह्वान किया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि, किया याद

**बिलारी।** मंडल बिलारी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर मंडल के विभिन्न बूथों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गये। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी विचारधारा और योगदान को याद किया गया । साथ ही बूथ समितियों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बूथों पर वृक्षारोपण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया दीनदयाल उपाध्याय जी एक महान विचारक और संगठनकर्ता थे, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम उनके आदर्शों और सिद्धांतों को याद करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस तरह के कार्यक्रम न केवल पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रति श्रद्धांजलि देने का माध्यम हैं। बल्कि कार्यकर्ताओं को संगठन के उद्देश्यों और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करने का भी अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर,पंकज चौहान, निहाल सिंह, मनोज प्रजापति, नवनीत यादव, मेघपाल सिंह, गोपाल सिंह यादव, गीता चौधरी ,गीता गुप्ता, गीत कोली, किशन लाल प्रजापति, डॉक्टर राजीव सैनी, राजेंद्र सिंह,बंटी गोस्वामी, विकास प्रताप, केपी सिंह राणा, अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषिपाल सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष डॉ विजय शर्मा, डॉ विश्वास शर्मा, मनोहर सिंह प्रधान, गिरीश बाबू, शकील अहमद, शरीफ अंसारी, अजय ठाकुर, संजय शर्मा, अभिलाष गौड़, रजनीश गर्ग ,हेमन्त शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने बूथों पर उपस्थित रहकर पुष्पांजलि अर्पित की।

# नवरात्रि के चतुर्थ दिन माता कुष्मांडा की पूजा अर्चना कर किया प्रसाद वितरण




**मुरादाबाद।** नवरात्रि के चतुर्थ दिन पर यप एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल धार्मिक प्रकोष्ठ ने माता कुष्मांडा को नमन किया और उनकी कृपा की कामना की। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना कर मां का भोग लगाया गया और सुरा संपूर्ण कलशं, रुधिराप्लुतमेव च, दीवाना हस्त पद्माभ्यां, कुष्मांडा शुभ धातु में मंत्र का उच्चारण किया गया।ग्रुप की महिलाओं द्वारा हलवा और चने का वितरण किया गया। साईं मंदिर रोड पर राहगीरों, क्षेत्रवासियों और धर्म प्रेमियों को हलवा और चन्ना प्रसाद वितरण कर धर्म लाभ कमाया गया।

सभी भक्त जनों ने बड़े स्नेह से प्रसाद ग्रहण किया।वितरण के दौरान नेहा मेहरोत्रा, प्रीति शर्मा, मेघा शर्मा, पूनम भटनागर, नैना, महेश शर्मा, प्रतीक मेहरोत्रा और विराट प्रणव आदि मौजूद रहे। सभी महिलाओं ने यह कामना की कि वे हर साल इसी भांति मां के दरबार में कुछ ना कुछ वितरण करते रहेंगे।

# स्वच्छता महाअभियान में जनप्रतिनिधियों संग नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' और 156 घंटा सफाई महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से चल रहे अभियान का आयोजन गुरुवार को अंत्योदय तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया गया।





कार्यक्रम का नेतृत्व माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने किया। अभियान की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके उपरांत नगरपालिका सीटीयू की देखरेख में अंबेडकर पार्क स्थित मालगोदाम रोड पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में नगर के जनप्रतिनिधियों, एनजीओ कार्यकर्ताओं, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों, वार्ड सभासदों, नगरपालिका कर्मियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने एक घंटे तक सफाई कार्य कर स्थल से एकत्रित कचरे को एमआरएफ सेंटर व डंपिंग ग्राउंड भिजवाया। इस दौरान नागरिकों को स्वच्छता की आदतों को जीवनशैली में शामिल करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्वच्छ व्यवहार अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, राजस्व निरीक्षक ऋषभ चौहान, एसबीएम डिविजनल प्रभारी विश्वास कुमार बंसल, आईटीसी अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, सभासद तरुण नीरज, निशांत, लोकेश, इमरान, उमेश सैनी सहित कर्मचारी और सफाई मित्र मौजूद रहे।

# एक दिन की डीएम व एसपी को ससम्मान पहुंचाया गया घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति के तहत जी.के. सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल की दो छात्राओं रहनुमा व नमरा नाज को क्रमश: एक दिन का जिलाधिकारी व एक दिन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया। छात्राओं को जिला प्रशासन किस प्रकार की कार्यशैली के बारे में विस्तार से बताया गया। कोतवाली में प्रभारी कार्यालय, शस्त्रागार, कम्प्यूटर कक्षों को देखा और संबंधित से जानकारी ली। दोनों छात्राओं को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ जीप में बैठाकर घर छोड़ा गया। फूलों से सजी गाड़ी के आगे-आगे दोनों अधिकारियों का एस्कॉर्ट था। जिलाधिकारी व एसपी संभल भी साथ थे। छात्राओं ने बताया कि एक दिन में जहां बैठक आयोजित की गई, वहीं चन्दौसी की कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा की गई। उनके पास अचानक कॉलेज प्रशासन से फोन आया कि आपको आज जिलाधिकारी व एसपी बनाना सुनिश्चित किया गया है।

उन्हें इस एक दिन में बहुत कुछ सीखने को मिला है।




# रामबाग धाम में हुआ श्रीराम जन्म व ताड़का वध का मंचन

**चन्दौसी।** श्रीरामलीला नाट्य परिषद चन्दौसी द्वारा रामबाग धाम के विशाल रंगमंच पर गुरुवार की रामलीला में राम जन्म और ताड़का वध की लीलाओं का भव्य मंचन किया गया। गुरुवार को लीला के मुख्य यजमान निर्मल गुप्ता, तेजेन्द्र पाल चौधरी, इंजी. मौसम गुप्ता, मोहित गुप्ता, इंजी. मधुर गुप्ता (साहू खानचंद इंडस्ट्रीज) एवं उनके परिजनों ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



रामलीला प्रसंग में श्रवण कुमार प्रसंग का मंचन हुआ, जिसमें राजा दशरथ द्वारा भूलवश श्रवण कुमार की हत्या और उनके माता-पिता का श्राप दर्शाया गया।

इसके बाद अयोध्या में राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जन्म का उल्लासमय दृश्य प्रस्तुत किया गया। गुरुकुल शिक्षा पूर्ण करने के बाद गुरु विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण द्वारा ताड़का सहित अनेक राक्षसों का वध करने का दृश्य दर्शकों ने तालियों के बीच देखा। लीला के मध्य स्व. गेंदन लाल वार्ष्णेय और स्व. अतुल डन की पुण्य स्मृति में उनके परिजनों की ओर से लकी ड्रा, बम्पर ड्रा, सुपर बम्पर ड्रा एवं सुपर डुपर बम्पर ड्रा निकाले गए। समिति की ओर से सभी यजमानों का पटका, माता की चुनरी व माला पहनाकर सम्मान किया गया और श्रीरामचरित मानस की प्रतियां उपहारस्वरूप भेंट की गईं। कार्यक्रम में प्रधान गिरराज किशोर, उपप्रधान नवीन चौधरी, मंत्री कपिल राजा, निर्देशक प्रदीप कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, स्टेज प्रबंधक प्रमोद गुरु, नवल किशोर, संयोजक अमित ज्ञै सहित बड़ी संख्या में कलाकार व पदाधिकारी मौजूद रहे। मंच संचालन अमित अप्पू ने किया।

# लालाटीकर में बुखार वायरस की रोकथाम को सीएमओ ने डाला डेरा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** मूंढापांडे ब्लॉक क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ और गांव में लगे गंदगी के अंबार से बुखार के मरीजों की संख्या में बृद्धि हो रही है। बढ़ते वायरल बुखार और गंदगी के लेकर जिम्मेदारों ने कोई संजीदगी नहीं दिखाई। जिसके चलते सप्ताह भर में कई लोग बुखार में जान गंवा चुके है। हालांकि इन मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद सक्रिय हुआ है, गुरुवार को सीएमओ कुलदीप सिंह और एसीएमओ संजीव वेलवाल ने लालाटीकर ओर रसूलपुर नगली में दोनों गांवो खुद कमान संभालते हुए रसूलपुर नगली ,लालाटीकर में कैंप लगाकर बुखार से पीड़ित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई है। रसूलपुर नगली निवासी अतर सिंह ने बताया सांस लेने में दिक्कत होती है। टीवी भी है। सीएचसी के केंद्र मूंढापांडे दवाई लेने गया था। लेकिन ,न सिरप मिला और न ही टीवी में मरीजों को मिलने वाली पांच सौ रूपये की राशि की सहायता।

अतर सिंह के दावों ने स्वास्थ्य विभाग की पर्याप्त दवाइयां होने के दावों की कलई खोलकर रख दी। कैंपों में केवल बुखार से ग्रस्त मरीजों को ही देखा जा रहा है। बढ़ते वायरल बुखार की रोकथाम के लिए गांवों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एन्टी लार्वा दवाई का छिड़काब और सफाई की गई है। सफाई अभियान के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने ही मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने बताया इससे पहले कोई सफाई नहीं हुई। यदि कूड़े के ढेरों को गांव से हटाया नहीं गया तो परिणाम खतरनाक हो सकते है। इस पर सीएमओ मुरादाबाद कुलदीप सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुखार ड्रेंगू मलेरिया टायफाइड वायरल बुखार पर पूरी तरह नियंत्रण करने की कोशिस की जा रही है, हमारे पास पर्याप्त दवाईया गाँव मे मौजूद है, हमने इत्याद के तौर पर एक एबुलेंस ओर डाक्टरो के साथ पैरा मेडिकल टीम दोनों गांवो में रात में भी रहकर इलाज करेगी, अगर किसी मरीज को जरूरत पड़ी तो उसे यंहा से एम्बुलेंस के जरिए मुरादाबाद अस्पताल को भेज कर इलाज किया जाएगा,जब तक हम इस बीमारी पर पूरी तरह से नियंत्रण नही कर लेते तब तक हमारे डॉक्टर यही रहकर रोगीयों का इलाज करते रहेंगे, ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था बदतर रसूलपुर नगली ,दौलतपुर ,लालाटीकर ,रौंडा, झौंडा में गंदगी के अंबार लगे हुए है। सप्ताह भर में चार मौतें हो जाने से ग्रामीण बढ़ते बुखार के प्रकोप से दहशत में है। जबकि पंचायत सचिवों की कार्यशैली में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर प्रधानों के संग मीटिंग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक सभागार में गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की संवेदीकरण बैठक का आयोजन बीडीओ अशोक कुमार की अध्यक्षता में किया गया, बैठक का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेश कन्हैया द्वारा की गई,बैठक में विकास खण्ड मूंढापांडे के समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सभी लोगों को बताया गया कि संवेदनशील गांव तथा अन्य सभी गांव में 5 अक्टूबर से प्रत्येक ग्राम पंचायत में साफ सफाई नाली सफाई झाड़ी कटाई एंटी लार्वा का स्प्रे और फॉगिंग प्रतिदिन करना सुनिश्चित करें और उसके फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, और ग्राम पंचायत में अतिरिक्त श्रमिक और जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से गांव में घूरियो का निस्तारण और जहां कहीं भी जल भराव की स्थिति है वहां पर जल निकासी की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और यूनिसेफ के अधिकारियों के द्वारा भी सभी का संवेदीकरण किया गया,इस दौरान एडीओ आईएसवी अमरीश यादव,राजेश कुमार कोर्डिनेटर, प्रधान संघ अध्यक्ष शानु लम्बरदार ,फिरासत अली,हाजी नजर अली, इरफान अली, फारुख पाशा, विनोद कुमार, हामिद अली,नरेश कुमार लोधी,नूर हसन,मुंसाद पाशा, उस्मान अली, इरफान अली, योगेश कुमार प्रधान आदि मौजूद रहे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान चिंतक, लेखक, पत्रकार, ईमानदार राजनेता एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य जीवनदास शर्मा ने की तथा संचालन राजवीर सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमन्त कुमार गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, अरविन्द कुमार, ऋचा प्रकाश सैनी, रितु, रिंकी, काजल, तन्नू, लक्ष्मी, कोमल व पूनम उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के आयोजक ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पं. सुरेश चंद्र शर्मा रहे। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने अपने संबोधन में पं. दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षपूर्ण जीवन व योगदान को याद करते हुए कहा कि वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने समाज को एकात्म मानववाद का विचार दिया।

# सोनिया की नसीहत

भारत की विदेश नीति को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरती रही है। गुरुवार को एक बार फिर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अखबार में लिखे एक लेख के माध्यम से सरकार को विदेश नीति को लेकर फिर से घेरा है। विशेषकर फलस्तीन को लेकर। सोनिया गांधी का कहना है कि केंद्र सरकार की फलस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा ही कहा जा सकता है। मोदी सरकार को जहां इस पूरे मामले में नेतृत्व करना चाहिए था, वहीं सरकार का रवैया पूरी तरह मौन धारण करने का है। अपने लेख में उन्होंने बेबाक तरीके से यह भी कह डाला कि व्यक्तिगत संबंधों का विदेश नीति में कोई स्थान नहीं होता, लेकिन यहां ऐसा ही दिखाई दे रहा है। सरकार का रुख देश के संविधानिक मूल्यों के बजाए मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके बेंजामिन नेतन्याहू के बीच दोस्ती से प्रेरित लगता है। बात सही भी है। फलस्तीन को लेकर भारत की नीति हमेशा स्पष्ट रही है। सच तो यह है कि भारत ही वह पहला देश था जिसने फलस्तीन को लेकर अपनी आवाज बुलंद की थी। भारत दशकों पूर्व फलस्तीन को मान्यता दे चुका है। उसने 18 नवंबर 1988 को विधिवत रूप से आजाद देश की मान्यता दी थी। वह इस संदर्भ में यह सब कह रही हैं कि आज फ्रांस, ब्रिटेन, बेल्जियम, आस्ट्रेलिया जैसे देश फलस्तीन को मान्यता दे रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आज जब 193 सदस्य देशो मे से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है तो इसमें भारत कहां है। जबकि भारत की भूमिका इसमें अग्रणी होनी चाहिए थी। सोनिया गांधी ने भारत सरकार पर यह कहकर भी आरोप लगाया कि व्यक्तिगत कूटनीति स्थायी नहीं हो सकती। इस संदर्भ में उन्होंने अमेरिका का हवाला भी दिया किस तरह भारत अमेरिका के मामले में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल रहा है। सोनिया गांधी ही नहीं, अन्य बड़े नेता भी जो विदेश नीति के अच्छे जानकार हैं। वे इजरायल फलस्तीन को लेकर जो मौजूदा सरकार का रवैया है उससे जरा भी खुश दिखाई नहीं दे रहे हैं। समझना मुश्किल है कि आखिर भारत का झुकाव इजरायल के प्रति विशेष रूप से क्यों हो रहा है। जबकि सबसे ज्यादा हित हमारे मध्य पूर्व के देशों के साथ जुड़े हैं। यह ठीक है कि मोदी सरकार ने समय-समय पर मध्य पूर्व के देशों के साथ भी गर्मजोशी का इजहार किया है और उनसे सर्वोच्च सम्मान भी प्राप्त किया है, लेकिन धरातल पर वह रवैया दिखाई नहीं दे रहा है जिसकी आवश्यकता है। यह देखकर तो तब और भी आश्चर्य होता है जब अब तक इजरायल का समर्थन करते आ रहे देश भी अब इजरायल से दूर जाते दिखाई दे रहे हैं। कई यूरा.`पीय देशों ने तो अपनी सरकार के विरुद्ध ही फलस्तीन की आजादी को लेकर भारी प्रदर्शन किए हैं और वह जारी हैं। इटली में ही हमने हाल ही में देखा कि किस तरह जोरदार प्रदर्शन हुए। इस बात को कोई भी समझ सकता है जिस तरह इजरायल गाजा में नरसंहार कर रहा है और 65 हजार से अधिक लोगों की जान ले चुका है। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं व बच्चे शामिल हैं। ऐसी सरकार का भला कौन बचाव कर सकता है। यही यूरोपीय देशों में देखने में आ रहा है। अब सवाल है कि क्या मोदी सरकार अपनी नीति में बदलाव करेगी।

## विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए



इजरायल-फलस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख बहुत निराशाजनक रहा है, सरकार की गहरी चुप्पी मानवता और नैतिकता के साथ विश्वासघात है, यह सब भारत की पुरानी विदेश नीति से भी अलग है, इस मुद्दे पर भारत का रुख पीएम नरेंद्र मोदी और इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की निजी दोस्ती से प्रभावित दिखाई देता है, विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और आस्ट्रेलिया समेत दुनिया के 193 में से 150 से ज्यादा देश फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं, दुनिया जब फलस्तीन को समर्थन दे रही है, तब भारत ने हाल ही में इजरायल के साथ निवेश समझौता किया और उसके दक्षिणपंथी मंत्री की मेजबानी भी की, जिसकी आलोचना पूरी दुनिया में हो रही है।

**-श्रीमती सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# फलस्तीन से उसका अलगाव साबित करती है भारत की चुप्पी

फ्रांस ने यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर फलस्तीन को राज्य का दर्जा देने को मान्यता दी है। यह लंबे समय से पीड़ित फलस्तीनी जनता की वैध आकांक्षाओं की पूर्ति की दिशा में पहला कदम है। संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने यह कदम पहले ही उठा लिया है। भारत ने इस मामले में बहुत पहले ही नेतृत्व दिखाया था, जब उसने 18 नवंबर 1988 को फलस्तीन राज्य को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी। यह कदम फलस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) को वर्षों तक समर्थन देने के बाद उठाया गया था। भारत का यह निर्णय हमारे विश्व दृष्टिकोण के अनुरूप था।



### अतीत में बुलंद आवाज

स्वतंत्रता से पहले भी भारत ने नस्लीय भेदभाव वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आवाज उठाई थी और उसके साथ व्यापारिक संबंध तोड़ दिए थे। अल्जीरिया की स्वतंत्रता की लड़ाई (1954-62) के दौरान भारत स्वतंत्र अल्जीरिया का मजबूत समर्थक था। 1971 में भारत ने आधुनिक बांग्लादेश बनाने के लिए हस्तक्षेप करते हुए नरसंहार को रोका था। वियतनाम युद्ध के दौरान भारत ने नैतिक स्पष्टता की आवाज उठाई और वियतनामी जनता के खिलाफ अमानवीय हिंसा का विरोध किया। आज भी भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक बलों में बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। भारत की विदेश नीति में शांति और सुरक्षा का संवर्धन संविधान में निहित निदेशक सिद्धांतों में से एक है। इजरायल-फलस्तीन के संवेदनशील मुद्दे पर भारत ने हमेशा संतुलित परंतु सैद्धांतिक रुख अपनाया है। मानवाधिकारों की रक्षा और शांति की स्थापना के लिए भारत प्रतिबद्ध रहा है। भारत पीएलओ को मान्यता देने वाला शुरुआती देशों में से था और 1974 में फलस्तीन के अधिकारों का समर्थन किया। भारत ने दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया जिसमें इजरायल और फलस्तीन दोनों का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित हो। भारत ने अनेक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों में इजरायल के कब्जे और बस्तियों के विस्तार की निंदा की। साथ ही फलस्तीन को मानवीय और विकास संबंधी सहायता भी दी, जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में छात्रवृत्तियां, गाजा और वेस्ट बैंक में क्षमता-विकास।

### भारत की मौजूदा स्थिति

पिछले दो वर्षों में, विशेषकर अक्टूबर 2023 में इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद, भारत ने अपनी भूमिका पीछे खींच ली है। हमास के हमलों और उसके बाद इजरायल की भारी सैन्य प्रतिक्रिया में हजारों फलस्तीनी नागरिक मारे गए और यह स्थिति नरसंहार जैसी बन गई। 55,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए, जिनमें 17,000 बच्चे शामिल हैं।

गाजा की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था नष्ट हो चुकी है। कृषि और उद्योग ध्वस्त हो चुके हैं। लोगों को भोजन, दवा और अन्य जरूरी चीजों से वंचित कर दिया गया है। यह सब उन्हें एक प्रकार की ष्भूख से मारनेष की नीति के तहत किया जा रहा है। इन क्रूर परिस्थितियों में लाखों लोग विस्थापित और निराशा में डूबे हैं। फिर भी, भारत की प्रतिक्रिया असमंजस और निष्क्रियता की रही है। हाल ही में नई दिल्ली में इजरायली वित्त मंत्री की मेजबानी की गई, जबकि उन्होंने फलस्तीनी नागरिकों के खिलाफ हिंसा का समर्थन किया था। यह भारत की ऐतिहासिक भूमिका और नैतिक स्थिति से भटकाव है।

### आगे की राह

भारत को फलस्तीन मुद्दे को केवल विदेश नीति का हिस्सा नहीं, बल्कि नैतिक और सभ्यतागत परीक्षा के रूप में देखना चाहिए। फलस्तीनी जनता लंबे समय से विस्थापन, कब्जा, भूमि की लूट और लगातार मानवाधिकार उल्लंघन झेल रही है। वे आत्मनिर्णय और न्याय के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारत के ऐतिहासिक अनुभव, नैतिक अधिकार और मानवीय मूल्यों को देखते



सोनिया गांधी


हुए भारत को बिना झिझक फलस्तीन के पक्ष में आवाज उठानी चाहिए। यह केवल इजरायल और फलस्तीन का संघर्ष नहीं है, बल्कि न्याय और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक लड़ाई है। भारत की नेतृत्व क्षमता को उसी मूल्यों से प्रेरित होना चाहिए, जिनसे हमारी आजादी की लड़ाई और राष्ट्र का निर्माण हुआ था।

**( लेखक इंडियन नेशनल कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं )**

# बेंगलुरु में फैमिली संग मनाएं वीकेंड

**इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जब सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ एक्स्ट्रा टाइम बिता सकते हैं।**

बेंगलुरु में वीकेंड पर कुछ जगहें ऐसी हैं, जहां पर भीड़ बहुत ज्यादा रहती है। इन जगहों पर रविवार को अच्छी खासी चहल-पहल होती है। ऐसे में लोग अपने परिवार के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए निकल जाते हैं। बारिश के मौसम में इन जगहों का नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। ऐसे में इस बार के वीकेंड पर अगर आप भी अपने दोस्तों, फैमिली या वाइफ के साथ इन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बेंगलुरु की कुछ संडे स्पेशल जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपनी फैमिली के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं।



**उल्सूर झील**

उल्सूर झील एमजी रोड के पास है। यह झील मात्र 2 किमी की दूरी पर है और यहां तक पहुंचने के लिए आपको करीब 10 मिनट का समय लगेगा। यह झील सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है।

उल्सूर झील पुरानी और खूबसूरत झीलों में से एक है। यह झील 50 हेक्टेयर के क्षेत्र में फैली है। बारिश के मौसम में यहां पर लोगों को आना अधिक पसंद होता है, क्योंकि इस दौरान यहां पर हरा-भरा वातावरण और बोटिंग लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह जगह बैंगलुरु के पास बेस्ट कपल स्पॉट माना जाता है।

**वीआर बेंगलुरु मॉल**

आप संडे का समय बिताने के लिए बेंगलुरु के वी आर बेंगलुरु मॉल भी जा सकते हैं। इस मॉल को शहर का सबसे बेस्ट और मॉर्डन मॉल्स में से एक माना जाता है। यहां पर पूरे सप्ताह लोगों की भीड़ होती है। रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा चहल-पहल होती है।

प्रीमियम सुविधाओं और बेहतरीन ब्रांड्स के अलावा आपको मॉल के बाहर तरह-तरह के स्टॉल्स देखने को मिल जाएंगे। यहां पर आप सस्ते में खाने-पीने का सामान ले सकती हैं। फ्रेंड्स, फैमिली और कपल्स के लिए यह जगह फेवरेट हैंगआउट स्पॉट है। इस मॉल में बैठने की अच्छी जगह है और आप यहां पर समय बिता सकती हैं। वी आर बेंगलुरु मॉल सुबह 9 बजे से रात के 11 बजे तक खुला रहता है। यह मॉल व्हाइटफील्ड मेन रोड, देवसंद्रा इंडस्ट्रियल एस्टेट, महादेवपुर, बेंगलुरु में है।

**लालबाग बॉटनिकल गार्डन**

बता दें कि यह जगह परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी मानी जाती है। यही वजह है कि रविवार को यहां पर सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। वहीं लालबाग बॉटनिकल गार्डन में साल में 2 बार फूलों की भव्य प्रदर्शनी भी लगती है। वहीं 26 जनवरी और 15 अगस्त को यहां पर सबसे ज्यादा लोग आते हैं। यह गार्डन मावली बेंगलुरु में है। यह गार्डन सुबह 7 बजे से रात के 10 बजे तक खुला रहता है और यह बेंगलुरु की रोमांटिक जगहों में से एक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**वर्ल्ड एनवायरमेंट हेल्थ डे पर विशेष**

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदाई हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है।

चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यरू हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए



पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' आईएफईएच द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली इंडोनेशिया में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर



योगेश कुमार गोयल

चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक ही दिन में तीन घटनाओं से भड़के ट्रम्प

## संयुक्त राष्ट्र से जांच की मांग की, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस भी शामिल होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई तीन घटनाओं को ट्रिपल तोड़फोड़ की संज्ञा देते हुए उनके जांच की मांग की है जिसमें एस्केलेटर का खराब हो जाना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में उस एस्केलेटर के अचानक बंद हो जाने का जिक्र किया, जिस पर वह और प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प जा रहे थे। दूसरी समस्या तब उत्पन्न हुई जब उनके भाषण के दौरान एक टेलीप्रॉम्प्टर में खराबी हो जाने से सभागार में एक ऑडियो समस्या आ गई। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार साउंड सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि लोग ईयरपीस के जरिए अनुवादित भाषण सुन सकें।

संयुक्त राष्ट्र ने पहले कहा था कि सुरक्षा तंत्र शायद ट्रम्प के वीडियोग्राफर की वजह से सक्रिय हुआ होगा, जो एस्केलेटर पर पीछे की ओर चल रहा था, जबकि टेलीप्रॉम्प्टर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का था। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को एक पत्र भेजकर तत्काल जांच की मांग कर रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा कि कल संयुक्त राष्ट्र में एक बहुत ही शर्मनाक घटना घटी-एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन बेहद भयावह घटनाएं! यह महज संयोग नहीं था। यह संयुक्त राष्ट्र में तिहरी तोड़फोड़ थी। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। ऐसा लिखते हुए ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र को आलोचनाओं से थोप दिया। उन्होंने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग कीं। उन्होंने 'टाइम्स' के एक लेख का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों ने एस्केलेटर बंद करके उनका मजाक बनाया था। ट्रम्प ने कहा कि यह पूरी तरह से तोड़फोड़ थी। एस्केलेटर पर लगे सभी सुरक्षा टेप, खासकर आपातकालीन स्टॉप बटन सुरक्षित रखे जाने चाहिए, जिसमें गोपनीय सेवाएं भी शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्टज ने भी राष्ट्रपति की मांग से पूरी सहमति जताते हुए उनके आह्वान को दो. हराते हुए कहा कि ये घटनाएं 'अस्वीकार्य' हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी सुरक्षा या सम्मान के लिए किसी भी खतरे को बर्दाश्त नहीं करेगा। हम त्वरित सहयोग और निर्णायक कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को चिंता जताई कि किसी ने जानबूझकर एस्केलेटर रोक दिया होगा। घटना के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर संयुक्त राष्ट्र में किसी ने जानबूझकर राष्ट्रपति और प्रथम महिला के एस्केलेटर पर कदम रखते ही उसे रोक दिया है, तो उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए और उनकी जांच की जानी चाहिए। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि ट्रम्प के वीडियोग्राफर ने अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का वीडियो बनाते समय गलती से सुरक्षा फंक्शन चालू कर दिया होगा।



■ ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर तुरंत इन घटनाओं की आलोचना की

■ ट्रम्प ने एस्केलेटर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की

### ट्रम्प प्रशासन बड़े पैमाने पर छंटनी की तैयारी में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के बजट कार्यालय ने संघीय एजेंसियों को बड़े पैमाने संभावित छंटनी की योजनाएं तैयार करने को कहा है। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह कदम पिछली सरक. ारों के लागू किए गए शटडाउन प्रबंधन तरीकों से बिल्कुल अलग है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेट्स के बीच चल रहे धन आवंटन विवाद के बीच एक बड़ा दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। बजट कार्यालय के मेमो में लिखा गया है कि हम आशा करते हैं कि कांग्रेस के डेमोक्रेट्स शटडाउन को मजबूर नहीं करेंगे और ऊपर बताए गए कदम आवश्यक नहीं होंगे। संसदीय डेमोक्रेट्स सरकारी फंडिंग को नवम्बर तक जारी रखने के बदले कई रियायतें चाहते हैं। इनमें सबसे अहम मांग है कि अफोर्डेबल केयर एक्ट (ओबामाकेयर) की सब्सिडी को बढ़ाया जाए, जो इस साल के अंत में खत्म होने वाली है।



**अहमदाबाद। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लेते गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल।**

# इजरायली हमलों में 80 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी में हुए इजरायली गोलीबारी में 80 से अधिक फलस्तीनी मारे गए जिनमें से अधिकांश गाजा शहर में मारे गए। यह जानकारी बीबीसी ने स्थानीय अस्पतालों के हवाले से दी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गाजा शहर के मध्य दाराज में फिरास बाजार के निकट विस्थापित परिवारों को आश्रय देने वाली एक इमारत और तंबुओं पर बुधवार रात में हुए हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दो हमास लड़ाकों पर हमला किया और हताहतों की संख्या उसकी अपनी जानकारी से मेल नहीं खाती। इस बीच, इजरायली टैंक और सैनिक शहर के मध्य भाग में आगे बढ़ते रहे जिसे इजरायल हमास का अंतिम गढ़ मानता है। सेना ने कहा कि जमीनी हमले का उद्देश्य हमास द्वारा अभी भी बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना तथा फलस्तीनी सशस्त्र समूह की 'निर्णायक हार' सुनिश्चित करना है। एक अलग घटनाक्रम में, अमे. रिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अरब और मुस्लिम नेताओं के एक समूह के समक्ष मध्य पूर्व और गाजा में शांति के लिए 21 सूत्री योजना प्रस्तुत की।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन-सीरिया ने टूटे राजनयिक संबंधों को किया बहाल

**न्यूयॉर्क।** यूक्रेन के वोलोडिमिर जेलेंस्की और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने यूक्रेन और सीरिया के बीच राजनयिक संबंधों के पुनर्निर्माण के दौरान सहयोग और आपसी सम्मान पर चर्चा की। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ बैठक के बाद कहा कि यूक्रेन और सीरिया ने औपचारिक रूप से राजनयिक संबंध बहाल कर लिए हैं। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी भी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को न्यूयॉर्क में बैठक में शामिल हुए।

### आव्रजन छापों के लिए मैक्सिको ने अमेरिका की आलोचना की

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका में इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा की गई आव्रजन छापेमारी की निंदा करते कहा कि वाशिंगटन को एक राजनयिक नोट भेजा गया है जिसमें हाल ही में दो मैक्सिकन नागरिकों की मौत की जांच की मांग की गई है। राष्ट्रपति ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कल इस मामले पर एक राजनयिक नोट भेजा गया था, जिसमें सभी जांच करने का अनुरोध किया गया है, और यदि कोई मानवा. धिकार उल्लंघन के लिए जिम्मेदार है, तो उसे दंडित किया जाए।

### ईरान-रूस छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर का निर्माण करेंगे

**तेहरान।** ईरान और रूस ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत रूस यहां छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरका निर्माण करेगा। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार संगठन प्रमुख मोहम्मद एस्लामी और रूस के परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिखाचेव के बीच मॉस्को में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। बयान में कहा गया कि एमओयू का उद्देश्य दोनों देशों के राष्ट्रीय विनियम और अंतर्राष्ट्रीय दायित्व के अनुपालन में सतत विकास में बढ़ावा देने, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर सहयोग को बढ़ावा देना है।

# भारतीय मूल के शख्स ने की यौन अपराधी की हत्या

■ बोला: कोई पछतावा नहीं, वो इसी के लायक था

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में 29 वर्षीय भारतीय मूल के वरुण सुरेश ने एक यौन अपराधी की चाकू मारकर हत्या कर दी। फ्रेमान्ट पुलिस ने इसे जानबूझकर किया जुर्म बताया। पुलिस के मुताबिक 18 सितम्बर को दो लोगों के बीच झगड़े की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

वहां 71 साल का डेविड ब्रिमर जमीन पर गिरा हुआ था, जिसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। पुलिस और मेडिकल टीम ने उनकी जान बचाने की कोशिश की, लेकिन ब्रिमर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से एक चाकू बरामद हुआ और संदिग्ध सुरेश को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में पता चला कि सुरेश ने कैलिफोर्निया की मेगन ला वेबसाइट पर यौन अपराधियों की लिस्ट देखकर ब्रिमर को निशाना बनाया। ब्रिमर को 1995 में एक नाबालिग के साथ यौन अपराध करने के लिए दोषी ठहराया गया था। इसके लिए उसने नौ साल जेल की सजा काटी थी। सुरेश ने पुलिस को बताया कि वह लंबे समय से ब्रिमर को सजा देने की योजना बना रहा था, क्योंकि उसका मानना था कि ऐसे लोग बच्चों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्हें जीने का हक नहीं है, वो इसे के लायक था।

पुलिस के अनुसार, हत्या से ठीक एक घंटे पहले सुरेश ने मेगन ला वेबसाइट पर ब्रिमर की जानकारी देखी और उनके प्रोफाइल का स्क्रीनशाट लिया। उसने खुद को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट बताकर एक बैग और नोटबुक के साथ ब्रिमर के घर पहुंचा ताकि उसका भरोसा जीत सके। ब्रिमर की पहचान करने के बाद सुरेश ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। गिरफ्तारी के बाद सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसे कोई पछतावा महसूस नहीं हो रहा है।

### रूस-अमेरिका यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर एकराय

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अमे. रिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूक्रेन संकट पर शांतिपूर्ण समाधान ढूंढने के लिए साझा रूचि दिखाई है। रूसी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय सूत्रों ने बताया कि दोनों प्रमुख मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वें उच्च स्तरीय सप्ताह के दौरान न्यूयॉर्क में मुलाकात हुई है जिसमें इस बात पर सहमति बनी है। लावरोव ने अलास्का में हुई बैठक में दोनों देशों के नेताओं द्वारा तय रास्ते पर चलने की रूस की तत्परता को दोहराया, जिसमें संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने के लिए वाशिंगटन के साथ समन्वय करना भी शामिल है। उन्होंने कीव और कुछ यूरोपीय राजधानियों के उन प्रस्तावों का विरोध किया, जिन्हें उन्होंने युद्ध को और लंबा खींचने वाला बताया है।

# भारत किसी से भी तेल खरीदे, रूस से नहीं: अमेरिका

## हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, यूक्रेन जंग खत्म करना मकसद

■ अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे, भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है: राइट



**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भारत से अपील की है कि वह रूस से कच्चे तेल का आयात करने पर दोबारा सोचे। न्यूयॉर्क में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान राइट ने कहा आप दुनिया के किसी भी देश से तेल खरीद सकते हैं, बस रूस से नहीं। अमेरिका भी तेल बेचता है और बाकी देश भी। हम भारत को सजा नहीं देना चाहते, बल्कि युद्ध खत्म करना चाहते हैं और भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं।

राइट ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ मिलकर काम करे। राइट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी चाहते हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने कहा कि ऊर्जा और व्यापार सहयोग में भारत के साथ बहुत उज्ज्वल भविष्य है, लेकिन हमें मिलकर ऐसा तरीका निक. ालना होगा जिससे रूस पर दबाव डाला जा सके और यह युद्ध बंद हो। राइट ने बताया कि उन्होंने हाल ही में विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और भविष्य में सहयोग पर बातचीत शुरू की है। रूस ने अगस्त में कहा था कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि यह सबसे सस्ता है। सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने उस समय बताया कि भारत को रूसी तेल पर लगभग 5 प्रतिशत की छूट मिल रही थी, जिससे उसे बड़ा मुनाफा हो रहा था। बाबुश्किन ने यह भी कहा था कि भारत समझता है कि तेल आपूर्ति बदलने का कोई विकल्प नहीं है और अमेरिका द्वारा लगाए गए दबाव को भी गलत बताया। यह बयान ऐसे समय में आया था जब भारत और अमेरिका के रिश्तों में तनाव बढ़ रहा था। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के चलते भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। ट्रम्प प्रशासन अगस्त 2025 में भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगा चुका है। इससे पहले उसने 25 प्रतिशत रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। वित्त वर्ष 2020 में भारत अपनी जरूरत का केवल 1.7 प्रतिशत तेल रूस से आयात करता था। ये हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 35.1 प्रतिशत हो गई है। रूस से सस्ता तेल खरीदने का फायदा आयल कंपनियों के मुनाफे पर भी दिखा है। कंपनियों की फाइलिंग के मुताबिक 2022-23 में इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम का कुल मुनाफा 3,400 करोड़ था। 2023-24 में इन तीनों सरकारी कंपनियों का मुनाफा 25 गुना बढ़ गया।




# पाक ने भारत से संघर्ष को स्कूल सिलेबस में जोड़ा

## सिलेबस में भारत के 26 ठिकाने तबाह करने का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी स्कूल बुक्स में मई में भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष पर नया सिलेबस शामिल किया है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने बिना किसी कारण के 7 मई 2025 को पाकिस्तान पर हमला किया और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का झूठा आरोप लगाया।

पाकिस्तानी किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने युद्ध शुरू किया, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में भारत के 4 राफेल फाइटर जेट्स और कई हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये किताबें किस क्लास की हैं। पाकिस्तानी किताब में दावे है कि भारत ने जंग शुरू की-भारत ने गलत तरीके से पाकिस्तान को कश्मीर के पहलगाम हमले का जिम्मेदार ठहराया, जिसमें कई लोग मारे गए। पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज किया। फिर भी, भारत ने 7 मई को हमला किया। हकीकत यह है कि 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 नागरिकों की हत्या की। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया और लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए।

भारत ने स्पष्ट किया कि उसने सैन्य या नागरिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया। पाकिस्तानी सेना ने बहादुरी और पेशेवर अंदाज में जवाब दिया। पाकिस्तान ने 4 राफेल जेट गिरा दिए और भारतीय कश्मीर में कई सैन्य ठिकानों को तबाह किया।



■ लिखा: भारत ने आरोप लगाकर हमला किया

### अनियंत्रित उच्च रक्तचाप की चपेट में 1.4 अरब लोग: डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2024 में 1.4 अरब लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे और पांच में से केवल एक व्यक्ति ही इसे दवा के माध्यम से या अन्य तरीकों से नियंत्रित कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने गुरूवार को जारी दूसरी उच्च रक्त चाप संबंधी नई रिपोर्ट को 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज और रिज़ॉल्व टू सेव लाइव्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया गया। इसमें कहा गया कि कि केवल 28 प्रतिशत निम्न आय वाले देशों में डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित सभी उच्च रक्तचाप की दवाइयां आमतौर पर फार्मेसियों या प्राथमिक देखभाल सुविधाओं में उपलब्ध हैं।

# पाक की संयुक्त राष्ट्र में फिर किरकिरी

## एआई पर चर्चा के दौरान सात बार अटके पाक के रक्षा मंत्री

■ सोशल मीडिया पर उड़ी खिल्ली

**संयुक्त राष्ट्र।** वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी कोई नई बात नहीं है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को इसी तरह की बेज्जती का सामना तब करना पड़ा जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित एक उच्च स्तरीय बहस के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बोल रहे थे।

इस दौरान ख्वाजा ने एक नहीं, दो नहीं कुल सात बार अटक गए, जो कि सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इतना ही नहीं इस बात को लेकर वे सोशल मीडिया पर खुब ट्रोल भी हो रहे हैं। बता दें कि ये बात तब की है जब यूएनएससी में ख्वाजा एआई को दोहरे उपयोग वाली तकनीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहां सामाजिक-आर्थिक तरक्की में मदद कर सकती है, वहीं इसके गलत उपयोग से असमानताएं बढ़ सकती हैं और वैश्विक शांति को खतरा हो सकता है। उन्होंने आगाह किया कि एआई के सैन्य इस्तेमाल को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत पूरी तरह नियंत्रित किया जाना चाहिए। पाकिस्तानी नेता ने आगे इशारों-इशारों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर भी बातें कही। उन्होंने कहा कि हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक परमाणु संपन्न देश ने एआई आधारित हथियारों और क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जो एआई के सैन्य उपयोग के खतरे को दर्शाता है। इस दौरान आसिफ ने कहा कि ऐसी एआई तकनीकों का उपयोग, जिनमें मानव का कोई सक्रिय नियंत्रण न हो, प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर चेताया कि एआई आधारित हथियार और नियंत्रण प्रणालियां युद्ध की संभावनाओं को बढ़ा सकती हैं, जिससे फैसले लेने का समय कम हो जाएगा और कूटनीतिक प्रयासों का मौका घटेगा। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नेता ख्वाजा आसिफ ने एआई के खतरों को गंभीरता से उठाया, लेकिन उनका भाषण भाषाई गलतियों से भरपूर रहा।

# अभी भारत व बांग्लादेश के बीच समस्याएं: यूनुस

## मुख्य सलाहकार ने कहा: वो हमारे खिलाफ फेक न्यूज फैलाते और मुझे तालिबानी की तरह दिखाते हैं

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार को न्यूयार्क में कहा कि अभी भारत और बांग्लादेश के बीच समस्याएं हैं, क्योंकि उन्हें छात्रों का काम पसंद नहीं आया। इसके अलावा वो पूर्व पीएम शेख हसीना की मेजबानी भी कर रहे हैं, जो हमारे देश में कई तरह के समस्याओं की कारण हैं।

यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या की जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि इसी से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव पैदा हुआ है। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध अगस्त 2024 से खराब होना शुरू हुए, जब हसीना इस्तीफा देकर भारत आ गई थीं। दरअसल, नौकरी कोटे में भेदभाव के बाद स्टूडेंट्स ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। यूनुस ने भारत पर बांग्लादेश के खिलाफ फेक न्यूज फैलाने का भी आरोप लगाया। यूनुस ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (एसएआरसी) के बारे में बताते हुए कहा कि, एसएआरसी का असल मतलब है, कि आप हमारे देश में इन्वेस्ट करे और हम आपके टेरिटरी में इन्वेस्ट करेंगे। एसएआरसी ऐसे ही काम करता है। हम एक-दूसरे से बिजनेस के तौर पर जुड़े है। नेपाल अपने समुद्र के रास्ते से सामान इम्पोर्ट करता है, जिससे हम सभी को फायदा होता है। उन्होंने आगे कहाएसएआरसी में हम सभी फैमिली की तरह हैं। एसएआरसी का पूरा आइडिया ही बांग्लादेश की देन है, हमने इसे साउथ एशियन देशों में प्रमोट किया है। अब आप हमे इसका दुश्मन मान रहे हैं। यूनुस बोले कि एसएआरसी में जितने भी देश हैं, वो एक दूसरे देश में घूमने जा सकते हैं, दोस्त बना सकते हैं, उन देशों के स्कूलों-कालेजों में पढ़ सकते हैं, बिजनेस कर सकते हैं। यहीं इसका पूरा आइडिया है। उन्होंने कहा कि ये 'एक देश की राजनीति में फिट नहीं बैठता' इसके लिए मुझे बुरा लगता है।



■ यूनुस ने हसीना को कई युवाओं की हत्या का जिम्मेदार बताया

### प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम में बाइडन की जगह लगा 'पेन' का फोटो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति निवास व्हाइट हाउस में एक नए 'प्रेसिडेंशियल वॉक ऑफ फेम' गैलरी अनावरण किया। इसमें अमेरिका के अब तक सभी राष्ट्रपतियों के छायाचित्र हैं लेकिन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन का चित्र नहीं लगाया गया है। इस निवास के वेस्ट विग कोलोनेड में एक दीवार पर सुनहरे फ्रेम में प्रदर्शित ये छायाचित्र पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन से शुरू होते हैं और मौजूदा राष्ट्रपति ट्रम्प तक के हैं। लेकिन ट्रम्प के ठीक पूर्ववर्ती बाइडन का छायाचित्र नहीं लगा है बल्कि उस जगह पर हस्ताक्षर करते हुए एक ऑटोमेटिक पेन का फोटो लगाया गया है। गौरतलब है कि बाइडन के आलोचकों का आरोप है कि वे खुद सरकार का कामकाज नहीं चलाते थे और उनकी जगह कोई और ही अमेरिका की कमान संभाले हुए था। इसमें आगे यह भी कहा जाता है कि बाइडन केवल दस्तखत करते थे।